धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, गुरुवार

09.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

पौष, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 179



12 आमिर ने फिल्म *लवयापा* के लिए रखी मन्नत

## न्यूज डायरी

### सीएम ने शेख भिखारी और टिकैत उमराव को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बलिदानी शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को शहादत दिवस पर याद किया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि अंग्रेज शोषकों और अत्याचारियों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को शत-शत नमन। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर शहीद अमर रहें।

### गैंगस्टर की पत्नी सहित दो आरोपी भेजे गये जेल

**रांची।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में रविवार की रात पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय और दीपक साव उर्फ ढुल्ला की हत्या के मामले में मास्टर माइंड गैंगस्टर किशोर पांडे की पत्नी निशि पांडेय एवं साले निशांत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दोनों को रामगढ से गिरफ्तार करके मेदिनीनगर लाया गया एवं जेल भेजने से पहले एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच करायी गयी। इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया।

### मुंबई में छह माह की बच्ची को चीनी वाइरस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एचएमपीवी का तीसरा मामला सामने आया है। इसी के साथ इस वायरस के अब भारत में 9 केस हो गये हैं। मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची को इस वायरस से संक्रमित पाया गया। बच्ची को खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल गिरकर 84 होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल वह पूरी तरह ठीक है। चीनी वाइरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों ने सतर्कता बढ़ा दी है।

### राष्ट्रपति का मेघालय और ओड़िशा दौरा आज से

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार से मेघालय और ओड़िशा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति भुवनेश्वर में आयोजित प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी। सबसे पहले 9 जनवरी को मेघालय के उमियाम में आईसीएआर अनुसंधान परिसर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 10 जनवरी को ओड़िशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र में शामिल होंगी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान करेंगी।

### आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह सर्वश्रेष्ठ

**दुबई।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 908 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। गेंदबाजों की रैंकिंग में स्पिनर रवींद्र जडेजा 745 रेटिंग अंक, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 29 पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर आ गए हैं। ऋषभ पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग के साथ नौवें नंबर पर पहुंच गये हैं।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 73500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 94000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## रामगढ़ के गोला में आलू लदे ट्रक ने स्कूली बच्चों से भरे ऑटो को रौंदा, चारों ओर मची चीख-पुकार

### भीषण ठंड में स्कूल बंद रखने के सरकारी आदेश के बावजूद खुला था

# ऑटो में सवार होकर विद्यालय जा रहे तीन मासूम और वैन चालक की मौत

### इलाके में मातम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** गोला थाना क्षेत्र के तिरला मोड़ पर बुधवार को स्कूली बच्चों से भरे एक ऑटो को एलपी ट्रक (डब्ल्यूबी 33 डी 7015) ने टक्कर मार दी। इस घटना में ट्रक भी पलट गया। हादसे में तीन स्कूली बच्चे और ऑटो चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इस हादसे में 12 स्कूली बच्चे भी घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में ट्रक ड्राइवर भी शामिल है। बच्चे सरलक खुर्द और पतरातू से ऑटो पर सवार होकर तिरला स्थित गुडविल स्कूल में पढ़ने जा रहे थे।

रामगढ़ डीसी चंदन कुमार के आदेश पर गुडविल स्कूल के खिलाफ प्राथमिकी की गयी है। स्कूल सरकारी आदेश का उल्लंघन कर संचालित हो रहा था। बता दें कि कड़ाके की ठंड के कारण 13 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का आदेश दिया गया है। तीन बच्चों की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे परिजनों के चित्कार से पूरा गोला प्रखंड गूंज उठा।



### दी गयी सहायता राशि

एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि सामाजिक कल्याण के तहत मृतकों के परिजनों को तत्काल सहायता राशि दी गयी है। सड़क हादसे में मृतकों के आश्रितों को एक लाख देने का प्रावधान है। सारी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद वह भी उनके खाते में भेज दी जायेगी।

**मृत बच्चों और घायलों के नाम :** सभी बच्चे सरलाखुर्द और पतरातू गांव के रहने वाले हैं। मृतकों में नीरू कुमारी ( 6), आशीष कुमार महतो (6), अनमोल महतो (5) और वाहन चालक सरफराज अंसारी हैं। घायलों में अंश कुमार (5) , सुजीत नायक (11), जयश्री कुमारी (9), अनुष्का कुमारी (11), करीना करमाली (6), उज्जवल ठाकुर (11), राशि कुमारी (5), अनमोल नायक (5), राधिका कुमारी (6) और आयुष कुमार साहू (8) शामिल है।



**बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री ने प्रकट की संवेदना :** गोला में हुए सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा है कि स्कूल वैन और ट्रक की टक्कर से वैन चालक और 3 बच्चों के निधन से मर्माहत हूँ। मरांग बुरु दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति दे। दुर्घटना में घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।

**उत्तेजित ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पीटा :** घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे परिजनों के चित्कार से पूरा गोला प्रखंड गूंज उठा। कोई अपने बच्चों के शव को लेकर छाती पीट रहा था, तो कोई घायल बच्चे को इलाज करने के लिए दौड़ रहा था। इस हादसे के बाद ग्रामीण इतने गुस्से में थे कि उन्होंने ट्रक ड्राइवर को पकड़कर जमकर पीटा। उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है।

### स्कूल पर एफआइआर, सील किया गया



घटना के बाद डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने सदर अस्पताल में मृत बच्चों के परिजनों को सांत्वना दी। डीसी ने कहा कि सरकारी आदेश के बावजूद विद्यालय का संचालन होना अपराध है इस मामले में स्कूल के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। गोला थाने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रभाकर कुमार के बयान पर गुडविल मिशन स्कूल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि गुडविल स्कूल सरकार के आदेश के खिलाफ संचालित किया जा रहा था जबकि ठंड की वजह से राज्य सरकार ने नर्सरी से कक्षा 8 तक की छुट्टी 13 जनवरी तक बढ़ा दी थी। इस आदेश के आलोक में जिला प्रशासन ने भी 13 जनवरी तक विद्यालयों में कक्षा 8 तक के बच्चों की छुट्टी रखने को कहा था, लेकिन गुडविल विद्यालय ने आदेश को धत्ता बताते हुए विद्यालय खोला। इस घटना के बाद दंडाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार एवं सीओ समरेश प्रसाद भंडारी की उपस्थिति में स्कूल को अगले आदेश तक के लिए सील कर दिया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिले में अगल कोई भी स्कूल खुले पाये गये तो उनके खिलाफ कई कार्रवाई की जायेगी।

## विस्थापित नेता संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या



**रामगढ़।** रामगढ़ और हजारीबाग जिले के सीमावर्ती इलाके उरीमारी में अपराधियों ने एक विस्थापित नेता सह सीसीएल कर्मी संतोष सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। विस्थापित नेता संतोष सिंह की मौत के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी है। जानकारी अनुसार बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने विस्थापित नेता को सीने, पेट और सिर में कुल तीन गोलियां मारी है। घायल संतोष सिंह को प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार उरीमारी क्षेत्र में कोयला और लोकल सेल से जुड़े संतोष सिंह को अपराधियों द्वारा पहले भी धमकी दी जा चुकी थी। आशंका जतायी जा रही है कि लेवी को लेकर संतोष सिंह की हत्या की गयी है। बरका सयाल क्षेत्र मे कई दिनों से अपराधियों की दस्तक से दहशत का माहौल बना हुआ है। मौके पर उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार घटनास्थल पहुंचकर जांच शुरू कर चुके है।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर जेपीसी की पहली बैठक

## सांसदों को 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट मिली, भाजपा ने सराहा तो कांग्रेस ने ड्राफ्ट को संविधान विरोधी बताया

- मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर के यहां
- मंत्री के निजी सचिव हरेंद्र सिंह के यहां

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** एक राष्ट्र एक चुनाव से जुड़े दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति-जेपीसी की पहली बैठक बुधवार को नयी दिल्ली में हुई। विधेयकों को आधिकारिक तौर पर 129वां संविधान संशोधन विधेयक-2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून-संशोधन विधेयक-2024 नाम दिया गया है। बैठक में शामिल सांसदों को कानून मंत्रालय ने 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट दी। भाजपा ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि यह देशहित में है। वहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इसे संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। जेपीसी को बजट सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट संसद में पेश करनी होगी।

संवाददाताओं से बातचीत में समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद पी पी चौधरी ने कहा कि समिति सभी हितधारकों के विचार जानेगी, चाहे वे कानूनी विशेषज्ञ या न्यायपालिका के सदस्य हों, नागरिक समाज के सदस्य हों या कोई राजनीतिक दल हों। उन्होंने कहा कि समिति सभी के विचार जानने के बाद आगे बढ़ने का फैसला करेगी।



### समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक सौंपेगी अपनी रिपोर्ट

बैठक के दौरान विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी विभाग के प्रतिनिधियों ने सदस्यों को प्रस्तावित कानूनो के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। 39 सदस्यीय समिति में 27 सदस्य लोकसभा से और 12 राज्यसभा से हैं। यह समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। संयुक्त संसदीय समिति में भाजपा से पीपी चौधरी, अनुराग सिंह ठाकुर और परषोत्तमभाई रूपाला, कांग्रेस से प्रियंका गांधी और मनीष तिवारी, तृणमूल कांग्रेस पार्टी से कल्याण बनर्जी, एन.सी.पी. एसपी से सुप्रिया सुले और लोकसभा के अन्य सदस्य शामिल हैं। समिति में राज्यसभा से भाजपा के घनश्याम तिवाडी, भुवनेश्वर कलिता और के. लक्ष्मण तथा कांग्रेस के रणदीप सिंह सुरजेवाला और मुकुल वासनिक और जनता दल-यू के संजय कुमार झा तथा वाई.एस.आर. कांग्रेस के वी. विजयसाई रेड्डी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

### रघुवर दास कल लेंगे भाजपा की सदस्यता



**रांची।** ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल सह झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास 10 जनवरी को भाजपा की सक्रिय राजनीति में वापसी करेंगे। इसके लिए भाजपा मुख्यालय में समारोह आयोजित करने की तैयारी शुरू है। 10 जनवरी को रघुवर दास की रांची में गर्मजोशी से स्वागत की तैयारी तेज हो चुकी है। इस समारोह में राज्य भर से कार्यकर्ताओं के पहुंचने की उम्मीद है। राजधानी में भाजपा नेताओं की ओर से पोस्टर-बैनर व होर्डिंग लगाये जा रहे हैं। स्वागत और पोस्टर-बैनर को लेकर नेताओं में भी होड़ है। सभी नेता अपने-अपने स्तर से स्वागत की तैयारी में हैं। श्री दास के समर्थकों ने भाजपाइयों ने स्वागत के लिए बाजे-गाजे की बुकिंग की है। दरअसल, रघुवर दास ने पिछले साल ओड़िशा के राज्यपाल के पद से इस्तीफा दिया था। श्री दास की भाजपा में भूमिका लेकर अभी तक अटकलबाजी का दौर चल रहा है लेकिन, अधिक संभावना है कि रघुवर दास झारखंड की राजनीति में ही सक्रिय होंगे। विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली करारी हार के बाद भाजपा ने अपनी रणनीति बदली है।

### सब्जी और वनोपज का एमएसपी तय करने की होगी पहल

## झारखंड में महुआ का एमएसपी तय करेगी सरकार : कृषि मंत्री

### समीक्षा बैठक

- 18 जनवरी को चान्हो में प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला
- भीएलडब्ल्यू को अब कृषि विभाग के लिए करना होगा काम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के वन उपज का एमएसपी तय होगा। कृषि विभाग सब्जी सहित वन उपज का एमएसपी तय करने की तैयारी कर रहा है। महुआ जैसे वन उपज को कृषि विभाग एमएसपी के दायरे में लाने पर चर्चा कर रही है। यह जानकारी राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय समीक्षा के बाद नेपाल हाउस में दी। बुधवार को दूसरी मासिक समीक्षा बैठक में शिल्पी नेहा तिर्की ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार से जानकारी ली। सुश्री तिर्की ने योजनाओं को लेकर एक्शन टेकन रिपोर्ट पर भी चर्चा की। इस दौरान वह भीएलडब्ल्यू के काम को लेकर नाराज दिखीं। उन्होंने कहा कि भीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गयी है। उनके वेतन का भुगतान भी कृषि विभाग के मद से होता है लेकिन भीएलडब्ल्यू आवास योजना और मनरेगा में जमीन का काम ज्यादा करते हैं। उन्होंने भीएलडब्ल्यू को कृषि विभाग की योजनाओं के लिए काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा है कि भीएलडब्ल्यू के लिए जल्द एक नयी जिम्मेवारी सौंपी जायेगी। समीक्षा बैठक के दौरान ये बात भी सामने आयी कि जरूरतमंद लाभुकों तक कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना नहीं पहुंच पा रही है, कुछ खास किसानों को ही विभाग की एक से ज्यादा योजना मिल रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि मांडर और चान्हो में सिंचाई से संबंधित एक भी आवेदन नहीं मिला है। ये हैरान करने वाली बात है। दरअसल किसानों को विभाग की योजना की सही जानकारी तक नहीं है।

मंत्री ने बताया कि 18 जनवरी को चान्हो में प्रमंडल स्तरीय कृषि मेला का आयोजन किया गया है। मंत्री ने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि बिरसा ग्राम पाठशाला योजना एक अच्छी योजना है लेकिन उसका लाभ किसानों को सिर्फ इसलिए नहीं मिल पाया, क्योंकि वो सरकारी कागज तक ही सिमट कर रह गयी।

### बिना किसी मध्यवर्ती मरम्मत के ब्लास्ट फर्नेस ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि

# टाटा स्टील के एच ब्लास्ट फर्नेस ने 50 एमटी हॉट मेटल उत्पादन करने का बनाया राष्ट्रीय रिकार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील, जमशेदपुर संयंत्र ने बुधवार को एक बड़ा कीर्तिमान बनाया, जब कंपनी के पहले बड़े पैमाने के एच-ब्लास्ट फर्नेस ने 50 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया। यह उपलब्धि एच-ब्लास्ट फर्नेस को भारत का पहला ऐसा फर्नेस बनाती है, जिसने बिना किसी मध्यवर्ती मरम्मत के ही इस उपलब्धि को हासिल किया है, और स्टील उद्योग के लिए एक नयी मिसाल कायम की है।

एच- ब्लास्ट फर्नेस 2008 में चालू किया गया था। अपनी शुरूआत के समय से ही, इस फर्नेस ने अपनी निर्धारित क्षमता से



लगभग 20% अधिक उत्पादन बरकरार रखा है और हर साल 3 मिलियन टन से अधिक उत्पादन किया है। यह उपलब्धि प्लांट की प्रक्रिया नियंत्रण, परिचालन दक्षता और क्रॉस-फंक्शनल टीमों की तत्परता का अद्वितीय प्रमाण है, जिन्होंने निरंतर चुनौतियों का सामना किया और नवाचारपूर्ण समाधानों के साथ उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित किया।

टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) चैतन्य भानु ने उक्त उपलब्धि पर कहा कि 50 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन बिना किसी मध्यवर्ती मरम्मत के हासिल करना टाटा स्टील के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह हमारी टीम की असाधारण इंजीनियरिंग और परिचालन क्षमता का जीवंत प्रमाण है। एच-ब्लास्ट फर्नेस ने उत्पादकता और दक्षता के नए मानक स्थापित किए हैं और यह सतत और नवोन्मेषी स्टील निर्माण दृष्टिकोण के प्रति कंपनी की गहरी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। यह सफलता न केवल हमें स्टील उद्योग में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में मजबूती प्रदान करती है, बल्कि हमें उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए भी प्रेरित करती है। एच ब्लास्ट फर्नेस ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त किया है। यह लगातार नौ वर्षों तक भारत में सबसे उच्च कोल इंजेक्शन का रिकॉर्ड कायम रखता है और अपनी ऊर्जा-बचत नवाचारों के लिए भारत के राष्ट्रपति से सम्मानित प्राप्त कर चुका है। इसके अलावा, इसने हॉट मेटल गुणवत्ता में उद्योग के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन ने भी इस फर्नेस की प्रोसेस सेफ्टी में असाधारण अभ्यासों को दो वर्षों तक मान्यता दी है।

## तापमान में और आयेगी कमी 11 जिलों में घना कोहरा रहेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में फिलहाल सर्दी का सितम जारी रहेगा। अभी इससे राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ बनने के कारण तापमान में गिरावट की संभावना है। विभाग के अनुसार, गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ में घना कोहरा छाया रहेगा।

**अगले चार दिनों तक कोहरा और धुंध का दिखेगा असर :** मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिन यानि 9 से 12 जनवरी तक कोहरा और धुंध का असर दिखेगा। वहीं 11 और 12 जनवरी को बादल छाये रहने की संभावना है। इधर मौसम विभाग की जारी रिपोर्ट के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में एक दो जगह पर हल्के दर्जे की बारिश भी हुई।



**लातेहार का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस :** पिछले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान चाईबासा और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार का रहा। लातेहार का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

# मंईयां योजना के लाभुकों को स्वयं सहायता समूहों से जोड़ने की कवायद

- ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने की पहल

खबर मन्त्र ब्यूरो






रांची। मंईयां योजना के लाभुकों के लिए एक अच्छी खबर है। राज्य सरकार ऐसी महिला लाभुकों से समाज के कार्य के लिए कुछ काम लेना चाहती है। साथ ही उनके उद्यमिता के विकास करने की मंशा भी है। ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां योजना जो महिला सशक्तीकरण में बड़ी भूमिका निभा रही है, के ऐसे लाभुकों को चिन्हित करते हुए उन्हें एसएचजी (सेल्फ हेल्प ग्रुप) से जोड़ने की कार्रवाई करने का निर्देश ग्रामीण विकास विभाग व जेएसएलपीएस को दिया है। इन लाभुकों की पूरी सूची महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त की जायेगी जिसके बाद इन्हें एसएचजी से जोड़ने की प्रकिया प्रारंभ की जायेगी।

**स्वंय सहायता समूहों की संख्या में वृद्धि का निर्देश :** दीपिका पांडेय सिंह ने राज्य में स्वयं सहायता समूहों की संख्या में वृद्धि किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। इसके लिए एक विशेष अभियान चलाकर सभी गांवों में योग्य महिलाओं का स्वयं सहायता समूह गठित करने का निर्देश दिया है। इसी में मंईयां योजना के लाभुकों की सूची तैयार की जायेगी और उन्हें भी एसएचजी से जोड़ा जायेगा। मंत्री ने ये लक्ष्य इसी वित्तीय वर्ष 2024-25 के 31 मार्च के पहले तक पूरा करने को कहा है। बता दें कि वर्तमान में तीन लाख के आसपास एसएचजी समूह कार्यरत हैं।

**56 लाख से अधिक लाभुकों को मिल रहा लाभ :** राज्य में 56 लाख 60 हजार 921 से अधिक महिलाएं मंईयां योजना से जुड़ी हैं। इन लाभुकों को सरकार हर माह 2500 रुपये दे रही है। चुनाव के पहले इस योजना को लागू किया गया था, अब हर माह इन चयनित महिलाओं को 2500 रुपये दिया जायेगा। हालांकि, कम से कम एक करोड़ महिलाओं को इस योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य रहा है। सालाना 30 हजार रुपये प्रत्येक लाभुकों को दिया जाना है। प्रत्येक साल सरकार को 17 हजार करोड़ से अधिक का वित्तीय बोझ पड़ रहा है।

**क्या है एसएचजी समूह :** एसएचजी गैर लाभकारी संगठन होता है। इनमें ज्यादातर महिलाएं शामिल होती हैं। एसएचजी समूहिक निर्णय लेने, साझा जिम्मेवारी और आपसी विश्वास पर आधारित होते हैं। गरीबों को वित्तीय सेवाएं देने का काम करती हैं। महिलाओं की उद्यमिता बढ़ाने के लिए लोन भी दिया जाता है। प्रशिक्षण व कौशल विकास भी इसके जरिये होता है। गांवों का विकास में इनका महतवपूर्ण योगदान होता, सरकारी कार्यक्रम व योजनाओं के प्रसार में भी भूमिका होती है।

# सूचना आयोग का गठन नहीं करना चाहती हेमंत सरकार : भाजपा

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा कि न्यायालय में भ्रामक सूचना देकर विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार अपने काले कारनामों के उजागर के भय के कारण सूचना आयोग का गठन नहीं करना चाहती है। श्री महतो ने कहा कि न्यायालय में हमेशा की तरह राज्य सरकार भ्रामक सूचनायें देकर भ्रमित करने का काम कर रही है। इससे राज्य सरकार की किरकिरी तो हो ही रही है। साथ ही, बदनामी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार विगत पांच वर्षों में भ्रष्टाचार और लूट के कीर्तिमान स्थापित किये हैं।इसका उद्भेदन न हो सके, इसलिये सूचना आयोग का गठन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि जब जेवीएम का विलय विधिवत रूप से भाजपा में होने के उपरांत पार्टी ने दल के नेता के रूप में बाबूलाल मरांडी को नियुक्त किया था। लेकिन, उसे विधानसभा स्पीकर के ट्रिब्यूनल कोर्ट ने राजीनीतिक साजिश तहत मामले को लटकाये रखा।जबकि बाबूलाल मरांडी राज्यसभा चुनावों में पार्टी की ओर वोट देते रहे। उन्होंने कहा कि इसके बाद वर्ष 2023 को भाजपा विधायक दल नेता के रूप में अमर कुमार बाउरी को नियुक्त किया जो सदन में विपक्ष के नेता बने।श्री बाउरी के नेता प्रतिपक्ष के रहते सरकार ने सूचना आयोग के गठन को लेकर विज्ञापन भी निकाला। लेकिन, सरकार की उदासीनता के कारण आयोग का गठन नहीं हो पाया। तत्कालीन मुख्यमंत्री से लेकर कैबिनेट मंत्री भी भ्रष्टाचार के आरोप में सलाखों के पीछे चले गये।अभी भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जमानत पर ही चल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि राज्य में कई संवैधानिक संस्थाओं का गठन कई वर्षों से नहीं हो सका है।इसका जुड़ाव सीधे जनता से है। राज्य महिला आयोग, लोकायुक्त, मानव अधिकार आयोग, राज्य खाद्य आयोग का गठन नहीं किया जा रहा है। झारखंड लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष का पद गत कई महीनों से रिक्त पड़ा है।राज्य कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष प्रभार में चल रहा है।

# झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री ग्रामीण विकास मंत्री से मिले

- विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह के नेतृत्व में झारखंड राज्य आजीविका चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ एवं झारखंड राज्य एचजीएम कर्मचारी संघ ने बुधवार को दीपिका पांडे सिंह ग्रामीण विकास विभाग से मुलकात कर अपनी मांगों को रखा। महामंत्री द्वारा ऑफिस बॉय, ऑफिस अटेंटेंडेंट, हाउस कीपर का मानदेय बीस हजार रुपए, स्थाई समायोजन करने, सभी अवकाश को वेतन सहित स्वीकृत करने, महिला कर्मचारियों को विशेष अवकाश देने, श्रम नियोजन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित नई वेज रिवीजन के आधार पर इस संवर्ग को प्रतिदिन 783 रुपए की दर से दैनिक वेतन देने की मांग की गई। मंत्री ने उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर मुक्तेश्वर लाल संरक्षक गणेश प्रसाद सिंह, संघ के अध्यक्ष आशीष रंजन, महासचिव श्रीमती सुरैया, कल्पना देवी, ताराचंद साह, इकबाल कुरेशी, दीपक कुमार, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के महासचिव भरत उरांव, रिंकु कुमार, राहुल कुमार, आशीष, छोटू राम, मुकेश कुमार, रंजय कुमार, संदीप टोप्पो, नेदू कुजूर, सरिता कुमारी, गीता देवी, बलमती कुमारी, अरुण बड़ाइक, उपेंद्र कुमार, बसंत लुगुन, अनूप तोपनो, तपेश कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## मंत्रियों के चेंबर और विधायकों के लिए आवास आवंटन की प्रक्रिया तेज

रांची। हेमंत सरकार के गठन का एक माह से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन अब भी हेमंत कैबिनेट के कई मंत्रियों को मंत्रालय में चेंबर नहीं मिला है और न ही विधायकों को आवास आवंटित किया जा सका है। चेंबर के मामले में मंत्री अपनी मनपसंद कमरे की तलाश में लगे हुए हैं और उन्होंने अपनी च्वाईस भी बता रखी है। इसमें यह बात भी सामने आयी है कि एक ही कमरे में दो-तीन मंत्री ने अपनी पसंद जाहिर की है। ऐसे में भवन निर्माण विभाग कमरा आवंटन अब तक नहीं कर सका है। विधायक आवास भी अब तक आवंटित नहीं किया जा सका है। अधिकारियों का कहना है कि मंत्रियों के चेंबर नेपाल हाउस, प्रोजेक्ट भवन सहित मंत्रालय के अन्य भवनों में और विधायक आवास के लिए प्रकिया जारी है, जल्द ही इसे सुलझाते हुए आवंटित कर दिया जायेगा। इससे पूर्व सीएम से भी इसकी सहमति ली जायेगी।

# विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर कोर्ट में सुनवाई पूरी



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। लैंड स्कैम केस के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसाई विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी की विशेष कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गयी है। बुधवार की सुनवाई के दौरान ईडी और विष्णु अग्रवाल की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

दरअसल, रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली और इम्तियाज खान को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा ईडी ने तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को भी गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल भी हो चुकी है।

## सीएम से मिले कई अधिकारी, दी नव वर्ष की बधाई



रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को आवासीय कार्यालय में पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त कुलदीप चौधरी, लातेहार के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, विशेष शाखा के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा, पुलिस अधीक्षक नाथूराम मीणा, मूमल राजपुरोहित एवं मनीष टोप्पो ने शिष्टाचार मुलाकात कर नव वर्ष की बधाई एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री ने भी सभी को नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें दी।

## मईयां को सम्मान देने के लिए राज्य के सभी मंत्री अपनी सुविधाओं में कटौती करें : नायक

रांची। मईयां को सम्मान देने के लिए राज्य के सभी मंत्री अपनी सुविधाओं में कटौती करें। ये बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि मईयां को सम्मान देना राज्य की आधी आबादी का आर्थिक रूप से सशक्तिकरण करना है , जो स्वागत योग्य कदम है। जिसका आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच स्वागत करता है।

## अपने हक अधिकार को लेकर पंचायती राज मंत्री से मिले पलामू जिला के वार्ड सदस्य

रांची। पलामू जिला के सभी प्रखंड के वार्ड सदस्यों ने अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसमें उनकी मुख्य मांग वार्ड सदस्यों को बिहार एवं केरल की तर्ज पर वित्तीय शक्ति दिये जाने, वार्ड सदस्यों का भत्ता 3500 रु. करने, वार्ड सदस्यों को अबुआ आवास, पेंशन एवं अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़े जाने की मांग थी। मंत्री ने कहा कि हम आपके साथ हैं, आपकी मांग जायज है। हमलोग इस संबंध में पहले भी बात किये हैं। मंत्री ने कहा कि आपकी मांगों पर विचार किया जा रहा है। इस मौके पर पलामू जिला संघ के संयोजक सह जिला अध्यक्ष विश्वम्भर दुबे ने कहा कि वार्ड सदस्यों की मांग पूरी होनी चाहिए। अगर नहीं होती है तो सभी वार्ड सदस्य अपना त्याग पत्र देंगे और आत्मदाह करेंगे। हमलोग पंचायती राज के अभिन्न अंग हैं। हमलोग ग्राम की सबसे छोटी इकाई हैं और आज वार्ड सदस्यों को दरकिनार किया जा रहा है। सरकार से आग्रह है कि हमारी मांग जल्द पूरा करे। इस मौके पर पलामू जिला से आये पाटन प्रखंड अध्यक्ष संजय राम, हुसैनाबाद प्रखंड अध्यक्ष सोनू, तरहसी प्रखंड अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, वार्ड सदस्य जॉन इब्राहिम, ललिता देवी, सोनम देवी व अन्य वार्ड सदस्य भी उपस्थित थे।

## आयुक्त ने बंद पड़ी ईकाइयों के भौतिक निरीक्षण के दिए निर्देश

रांची। प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में नई नोथला वितरण नीति, 2007 के तहत कोल लिंकेज प्राप्त की जा रही एमएसएमई इकाईयों की अद्यतन स्थिति पर समीक्षा की गई। इस दौरान प्रमंडलीय आयुक्त की ओर से निर्देश दिया गया कि क्षेत्रीय जांच के दौरान कोयला खनिज की आपूर्ति एवं उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि राजस्व की क्षति होने से रोका जाए। भौतिक निरीक्षण के क्रम में पदाधिकारियों को बंद पड़ी इकाईयों पर विशेष रूप से नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उप निदेशक खान दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची एवं पुलिस उपाधीक्षक श्रीनिवास की ओर से जेएसएमडीसी से प्राप्त 9 एमएसएमई इकाईयों का भौतिक निरीक्षण के बाद प्राप्त प्रतिवेदन पर गहन चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त के सचिव आलोक कुमार, उप निदेशक खान रांची अमरेंद्र कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक श्रीनिवासन, खान निरीक्षक आकाश कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित थे।



सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
Central Mine Planning & Design Institute Ltd.
( कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी )
गोन्दवाना प्लेस, काँके रोड, राँची- 834008, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएं कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"


# शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण को सुनिश्चित करने को लेकर कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। झारखंड सरकार के योजना एवं विकास विभाग के द्वारा यूनिसेफ तथा यूनिकैप के सहयोग से नागरिक निबंधन प्रणाली विषय पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन हो गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार के योजना एवं विकास विभाग के प्रधान सचिव मस्त राम मीना ने कहा कि योजना एवं विकास विभाग के द्वारा यूनिसेफ तथा यूनिकैप के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य सांख्यिकी अधिकारियों, योजना विकास अधिकारियों, शहरी निकायों के अधिकारियों और स्वास्थ्य अधिकारियों को नागरिक पंजीकरण और महत्वपूर्ण आंकड़ों के बारे में सक्षम बनाना है। अर्थशास्त्र तथा सांख्यिकी निदेशालय के निदेशक राजीव रंजन ने कहा कि यह कार्यशाला झारखंड में जन्म और मृत्यु पंजीकरण से जुड़ी बाधाओं और चुनौतियों पर चर्चा करने और बात करने के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। श्री कृष्णा लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित इस कार्यशाला में जिला योजना एवं विकास पदाधिकारी, सांख्यिकी पदाधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी तथा नगर निगम के सिटी मैनेजर एवं डाटा इंट्री ऑपरेटरों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य निबंधन से जुड़े अधिकारियों का नागरिक निबंधन प्रणाली पर उनका क्षमता निर्माण करना तथा इससे जुड़ी चुनौतियों एवं समस्याओं का समाधान तलाशना था, ताकि पंजीकरण से जुड़ी बाधाओं एवं अवरोधों को दूर करके झारखंड में शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु पंजीकरण को तय किया जा सके। कार्यशाला को यूनिसेफ झारखंड की प्रमुख, डा. कनीनिका मित्र, जनसंख्या एवं सामाजिक सांख्यिकी प्रमुख डा. पेट्रा नहमियास तथा राज मित्रा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर यूनिसेफ के सामाजिक नीति विशेषज्ञ ओंकार नाथ त्रिपाठी तथा बिहार के सामाजिक नीति विशेषज्ञ अभय कुमार भी उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित "RFP with Invitation of rate for preparation of PFR, DPR including preparation of Bid Document in EPC / Turnkey / Item rate mode, etc. for following works is Invited from eligible Empanelled Consultants at CDO Office under DW&SD, Jharkhand, Ranchi." (RFP No. – 05/CDO/Ranchi/RWSS/2024-25) जिसका PR. No.-343477 Drinking Water and Sanitation (24-25)D है, में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :–

| पूर्व में Name of Scheme | संशोधित Name of Scheme |
|---|---|
| Water Supply Scheme (Raw Water only) for M/s Bokaro Spirits and Allied Industries Pvt. Ltd., BIADA, Bokaro Steel City, Jharkhand from Garga Dam under D.W. & S. Div. Chas. Total Demand -16000 KL/day | Water Supply Scheme (Raw Water only) for M/s Bokaro Spirits and Allied Industries Pvt. Ltd., BIADA, Bokaro Steel City, Jharkhand from Garga Dam under D.W. & S. Div. Chas. Total Demand -1600 KL/day |

शेष यथावत रहेगा।

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,राँची पश्चिम, राँची

PR 343810 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



e-Procurement Cell
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PARISHAD CHATRA JHARKHAND

Very Short e-procurement Notice

e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/08/2024-25 (2nd call) Dated-07.01.2025

| Sl. No. | Particular | Details (15th Finance Untied Grant Scheme) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Name of Work (Group No.-02) | Construction of PCC Road and Drain from Pradip Rastogi's House to Enamul House + Nasim House to Laxman Saw House + Salendra Ramhouse to Kishori Ram House in Ward No.-02 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 41,13,000/- | 82300/- | 10,000/- | 04 Months |
| 02 | Name of Work (Group No.-03) | Construction of PCC Road and Drain Md Firoj's House to Santosh Bhunya via Pucca Kunwa in Ward No.-03 under Nagar Parishad, Chatra. | | | |
| | | Estimate Cost (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
| | | 57,53,000/- | 1,15,100/- | 10,000/- | 06 Months |
| 03 | Date of Tender Uploading in Website - http://jharkhandtenders.gov.in | 11.01.2025 at 10:00 AM | | | |
| 04 | Bid Submission Start Date & Time | 13.01.2025 at 10:00 AM | | | |
| 05 | Last Date/Time for Receipt of Bid | 20.01.2025 upto 3:00 PM | | | |
| 06 | Date & Address for Opening of Bid. | 21.01.2025 upto 3:00 PM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra. | | | |
| 07 | Name & Address of Office inviting Tender | Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand) | | | |
| 08 | Contact No. of Procurement Office | +91- 7004394602, 9060162974 | | | |
| 09 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | |

Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
Note:- According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.

Administrator,
Nagar Parishad Chatra.

PR.NO.343756 Urban Development(24-25):D


शहीद शेख भिखारी एवं शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर कांग्रेस भवन में कार्यक्रम आयोजित

# झारखंड की भूमि शहीद और क्रांतिकारियों की भूमि है : प्रदेश अध्यक्ष

- झारखंड के छात्रों और युवाओं को उनके जीवनी से सीख लेनी चाहिये

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को शहीद शेख भिखारी एवं शहीद टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस भवन में किया गया। इसकी अध्यक्षता कार्यक्रम के संजोजक शजादा अनवर ने की। दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता प्रदीप यादव, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह एवं अन्य कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व चुटुपालु घाटी स्थित शहीद स्थल पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में रांची के आदिल अख्तर एवं गुमला के आफताब आलम लाडले ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें नेताओं ने माला एवं अंग पट्टीका पहनाकर कांग्रेस की सदस्यता प्रदान की।

**शहादत की एक लंबी श्रृंखला झारखंड से है**

इस अवसर पर श्री कमलेश ने कहा कि झारखंड की भूमि शहीद और क्रांतिकारियों की भूमि है। आजादी की लड़ाई में जिस तरह अन्य सूबे के लोगों ने अपना योगदान और कुर्बानियां दी थीं उसी तरह हमारे पूर्वजों ने भी कुर्बानी दी थी। शहादत की एक लंबी श्रृंखला झारखंड से है। झारखंड के छात्रों युवाओं को उनके जीवनी से सीख लेनी चाहिए। क्रांति के इतिहास में झारखंड के वीर सपूतों के योगदान से युवा वर्ग को परिचित कराने हेतु उनके जीवनी को झारखंड के पाठ्य पुस्तकों में शामिल करने की मांग मुख्यमंत्री से मिलकर की जाएगी। 1857 की क्रांति को धार देने के लिए जिस तरह से शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने सबल नेतृत्व किया उससे दिन प्रतिदिन झारखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन मजबूत होता गया।

**दोनों महान विभूतियों का सपना आजाद भारत का था**

विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि इन दोनों महान विभूतियों का सपना आजाद भारत का था। जनता का राज आजाद भारत में होगा इसी आशा से आजादी की लड़ाई में इन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। आजादी की लड़ाई में सर्वस्व न्यौछावर करने वालों के सपनों को हमने साकार किया लेकिन हाल के दिनों में भारत में लोकतंत्र पटरी से बेपटरी हो रहा है। केंद्र की सत्ता में बैठे लोग भारत की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रहे हैं। हमें संकल्प लेना होगा कि जैसे इन दो महान विभूतियों ने अंग्रेजों से आजादी की लड़ाई लड़ी हमें दूसरी आजादी की लड़ाई लड़नी होगी। शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि संविधान बचाने की लड़ाई लड़कर ही दी जा सकती है।

**पाठ्यक्रम में जीवन वृत्त शामिल करने का प्रयास किया जाएगा**

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए हमारे पूर्वजों ने अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन किया है, हमें उसे बरकरार रखना है। छोटानागपुर संथाल परगना के इलाके में अंग्रेज सरकार से संघर्ष का गौरवमयी इतिहास है। झारखंड के महान विभूतियों को सम्मान और श्रद्धांजलि देने को हमारी सरकार लगातार प्रयास करती है, योजनाओं, संस्थानों का नामकरण उनके नाम पर किया जा रहा है। पाठ्यक्रम में जीवन वृत्त शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। आज जिस आजादी की हवा में हम सांस ले रहे हैं उसके लिए लगभग 200 साल पहले इन क्रांतिकारीयों ने अपनी जान दी थी, हमारी जवाबदेही है कि उनके योगदान को याद रखें।

कार्यक्रम के आयोजन के लिए गठित समिति के संयोजक शहजादा अनवर ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए सभी धर्म के लोगों ने बलिदान दिया।

कार्यक्रम में रविंद्र सिंह, जयशंकर पाठक, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजिनी, किशोर शाहदेव, सोनाल शांति, रियाज अंसारी आलोक कुमार दूबे, नेलीनाथन, अभिलाष साहू, जगदीश साहू, राजन वर्मा, राकेश किरण महतो, डॉ राजेश गुप्ता, विनय सिन्हा दीपू, गजेंद्र सिंह, अमूल्य नीरज खलको, पप्पू अजहर के के गिरी, हुसैन खान, खुर्शीद हसन रूमी, आबेदुल्लाह हक अंसारी, सुरेंद्र सिंह, मो सलीम, अख़्तर अली, राजराजेंद्र प्रताप देव, गुलाम सरवर, नरेंद्र लाल गोपी, टिंकू वर्मा, जितेंद्र त्रिवेदी, मनोज सहाय पिंकू, समुद्र गुप्ता ऐनुल हक, कलाम आजाद मो. सफर परवेज अली सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

गुरुवार 09.01.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 259

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



### किन्नर समाज के महाअधिवेशन में शामिल हुईं उपायुक्त

## थर्ड जेंडर के अधिकारों के लिए पृथक सेल गठितः डीसी

**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद की उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्र ने आज यहां कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ने थर्ड जेंडर के अधिकारों को लागू करने और उसकी निगरानी करने के लिए एक अलग सेल का गठन किया है। इसलिए थर्ड जेंडर को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए।



अखिल भारत किन्नर समाज के महाअधिवेशन को संबोधित करते हुए सुश्री मिश्र ने कहा कि सबके लिए समान व्यवहार, समान अधिकार और समान अवसर प्रदान करने तथा समाज के अधिकारों और कल्याणकारी योजनाओं को क्रमशः लागू करने के लिए सरकार के साथ साथ धनबाद जिला प्रशासन भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने किन्नर समाज से आग्रह किया कि अधिवेशन में जो सीखा है, उसे अपने जीवन में अवश्य उतारें। महाअधिवेशन के लिए जिला प्रशासन द्वारा सहयोग प्रदान करने के लिए किन्नर समाज ने उपायुक्त को दुआएं दी। साथ ही शॉल ओढ़ाकर और मोमेंटो प्रदान कर उपायुक्त को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, किन्नर समाज की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी नायक, आलव्या नायक, बबीता नायक, ज्योति नायक, जोधाबाई नायक, अरुणा नायक, लालन नायक, मुन्नी नायक, श्वेता किन्नर, निर्मला किन्नर, रेखा किन्नर, राखी किन्नर आदि मौजूद थे।

### पूर्व सांसद योगेश बाबू को वक्ताओं ने इंसानियत का पुजारी बताया

## जयंती समारोह में जुटे गणमान्य लोग, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** योगेश्वर प्रसाद योगेश स्मृति मंच के तत्वावधान में बुधवार को पूर्व सांसद योगेश की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, झामुमो नेता हरेंद्र चौहान, कांग्रेस नेता शमशेर आलम, मासस नेता हरि प्रसाद पप्पू सहित कई लोगों ने योगेश बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जलेश्वर ने कहा योगेश इंसानियत के



पुजारी थे। वह जनता के सुख दुख में शामिल रहते थे। हरि प्रसाद पप्पू ने कहा कि योगेश बाबू से सभी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। हरेंद्र चौहान ने कहा कि योगेश बाबू की कमी पूरे समाज को खलती है। उनके आदर्शों पर चलने से कामयाबी जरूर हासिल होगी। उन्होंने कहा कि वह विपरीत परिस्थितियों में भी कभी विचलित नहीं होते थे। इस अवसर पर राम गोपाल भुवानिया, मानस चटर्जी, रवि चौबे, लक्ष्मण तिवारी, डब्लू पासवान, मनोज मुखिया, संजय जायसवाल, श्रीराम चौरसिया, सिपाही चौहान, रोशन चौहान आदि मौजूद थे।

### स्पीड न्यूज

#### सुरक्षा कर्मियों ने दुकान तोड़ी, दुकानदारों ने किया प्रदर्शन



**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील के सुरक्षा कर्मियों ने डुमरी दो नम्बर चौक पर फास्टफूड की दुकान को पुलिस की मौजूदगी में तोड़ दिया। खबर पा कर स्थानीय दुकानदार लामबंद हो गए और ग्रामीणों के साथ विरोध प्रदर्शन किया । दुकानदारों ने आरोप लगाया कि वह जगह टाटा कंपनी की नहीं है। वह लोग कई वर्षों से वहां दुकान लगा कर जीविका चलाते हैं। दुकान के बाहर चाउमिन का ठेला लगाया है। होटल संचालक डब्लू कुमार, राजेश कुमार गुप्ता दोनों भाई चार महीने से फास्टफूड की भी दुकान चला रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों पर पैसा की मांगने का आरोप लगाया। कहा गया क मांग पूरी नहीं करने पर दुकान को तोड़ दिया गया है।

#### आशा किरण महिला समिति ने जरूरतमंदों को दिया कंबल



**पुटकी।** आशा किरण महिला समिति वाशरी डिवीजन द्वारा मुनीडीह ऑफसर्स क्लब के परिसर में जरूरतमंदों के बीच लगभग एक सौ कंबल वितरण किया गया। समिति की अध्यक्ष अंजुम नाज ने बताया कि बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंद महिलाओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया है। उन्होंने सामाजिक कार्य आगे भी जारी रखने की बात कही। मौके पर नूतन कुमारी डेजी, मीना कुमार, अनामिका प्रियदर्शिनी सहित समिति की कई सदस्य मौजूद थी।

#### जिप सदस्य उषा महतो ने किसानों के बीच किया बीज वितरण

**धनबाद।** बाघमारा में बुधवार को उद्यान विभाग धनबाद की ओर से किसान लाभुकों के बीच वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य उषा महतो ने लाभुकों को रवि फसल कद्दू, करेला, टमाटर, नेनुआ, बैंगन का बीज वितरण किया। कहा कि सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई समेत अन्य सुविधाएं दी जानी चाहिए। मौके पर उद्यान विभाग कृषक मित्र सारथी मंडल, किसान ललीता देवी, चिन्तामणी देवी, विमला देवी, उषा देवी, शशिकला महतो, चायना देवी समेत काफी संख्या में लाभुक मौजूद थे।

### मारपीट एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में कोर्ट का फैसला

# सांसद ढुल्लु महतो, विधायक शत्रुघ्न महतो समेत नौ आरोपी बाइज्जत बरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** नाजायज मजमा बनाकर झारखंड सरकार के मंत्री का पुतला दहन करने, जदयू कार्यकर्ताओं को मारकर जख्मी करने एवं सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में बुधवार को अदालत ने फैसला सुनाया। धनबाद के एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत ने सभी आरोपी धनबाद से भाजपा सांसद ढुल्लू महतो, उनके भाई बाघमारा के भाजपा विधायक शरद महतो, तनवीर आलम उर्फ बबलू अंसारी, सुरेश साव, बलराम महतो, अजय गोराई उर्फ अजय महतो, किरण महतो, राजशंकर राय, बाटुल महतो को साक्ष्य के अभाव में बाइज्जत बरी करने का आदेश दिया।



**मैं निर्दोष हूँ, मुझे फंसाया गया : ढुल्लू महतो**

धनबाद। ओरिएंटल स्ट्रक्चरल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन बुलाकर धमकी देने व रंगदारी मांगने के मामले में धनबाद भाजपा सांसद ढुल्लू महतो अदालत में हाजिर हुए। एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत मे सांसद ढुल्लू महतो का सफाई बयान दर्ज किया गया। कोर्ट को दिए बयान में सांसद ने कहा कि उन पर लगे सारे आरोप गलत हैं। वह निर्दोष है। अदालत ने बहस के लिए 17 जनवरी की तारीख तय कर दी है। ओरिएंटल स्ट्रक्चर इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट एस एस सेट्ठी की शिकायत पर धनबाद थाने मे प्राथमिकी दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के अनुसार 14 जून 2018 को ढुल्लू महतो ने दिन के लगभग 11 बजे उनके साइट मैनेजर मुकेश चंदानी को धनबाद परिसदन में बुलाया और कहा कि उनके खिलाफ मुख्यमंत्री तक शिकायत की गई है।

**क्या था मामला** प्राथमिकी बरोरा थाना प्रभारी बीडी सिंह की शिकायत पर बरोरा थाने में 25 जून, 2006 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आजसू के कार्यकर्ताओं द्वारा झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री जलेश्वर महतो एवं बीडीओ का पुतला दहन होना है, जिसके लिए अनुमति नहीं ली गई थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस शाम 5:30 बजे मोराइडी कॉलोनी यात्री शेड के सामने पहुंची। तभी ढुल्लू महतो के नेतृत्व में 25-30 आजसू कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए वहां आए और अचानक उग्र हो गए। पुलिस ने आरोप लगाया था कि अराजक तत्वों द्वारा जदयू कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार झा एवं उनके भाई जितेंद्र कुमार झा को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया था। 19 फरवरी 19 को पुलिस ने कुल नौ लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन ने कुल तीन गवाहों की गवाही कराई थी।

**काम ना आई अभियोजन की चाल:** 4 जनवरी 25 को उभय पक्ष की बहस सुनने के बाद अदालत ने फैसले के लिए आज की तारीख तय की थी। सभी आरोपी अदालत में उपस्थित थे। तभी अभियोजन का संचालन कर रहे सहायक लोक अभियोजक सतेंद्र कुमार राय ने एक चाल चली ताकि आज फैसला न हो सके। अदालत में आवेदन दाखिल कर केस को रिओपन करने की प्रार्थना की। आवेदन में अभियोजन ने कहा कि इस मामले में अनुसंधानकर्ता और सूचक की गवाही आवश्यक है। इसलिए केस को रिओपन किया जाए। जिसका विरोध बचाव पक्ष के अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, नीरज बिसियार, सविता कुमार ने किया और कहा कि इसके पूर्व अदालत ने 9 अक्टूबर 24 को अभियोजन के इसी तरह के आवेदन को शर्तों के साथ स्वीकार किया था और एक तिथि में सभी गवाहों का परीक्षण कराने का आदेश दिया था। चूंकि इसके पूर्व अभियोजन को इस मामले में काफी समय दिया जा चुका था। बावजूद अभियोजन गवाह को अदालत के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सका। लिहाजा अदालत ने अभियोजन की अर्जी को खारिज कर फैसला सुना दिया और सभी आरोपियों को बाइज्जत बरी करने का आदेश सुनाया। सुनवाई के दौरान सांसद ढुल्लू समेत अन्य आरोपी उपस्थित थे।

**पुलिस ने जिसे बताया जख्मी, उसने घटना से किया इनकारः** आरोप पत्र में पुलिस ने दावा किया कि भीड़ ने जदयू कार्यकर्ता सुरेंद्र कुमार झा व जितेन्द्र कुमार झा को मारपीट कर जख्मी कर दिया था। परंतु दोनों ने अदालत को कहा कि उनके साथ कोई घटना ही नहीं घटी। गवाह मदन साहू ने भी घटना के विषय में कोई जानकारी नहीं होने की बात बताई। पूरे मामले में अभियोजन औंधे मुंह गिरा और आरोपियों के विरुद्ध कोई सबूत नहीं ला सका।

**अदालत पर भरोसा था, न्याय मिलाः** अदालत द्वारा बाइज्जत बरी किये जाने के बाद मीडिया को प्रतिक्रिया देते हुए सांसद ढुल्लू महतो व विधायक शरद महतो ने कहा उन्हें अदालत पर विश्वास था। उन्हें न्याय मिला है। राजनीतिक षडयंत्र के तहत उन पर झूठा केस प्रशासन द्वारा करा दिया गया था।

## पुजारी के घर डकैती में शामिल सात आरोपि गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरिडीह के धनवार थाना क्षेत्र स्थित राजा मंदिर के पुजारी चंद्रिका पांडेय के आवास में एक सप्ताह पूर्व डकैती मामले में पुलिस को एक बार फिर सफलता मिली है। धनवार पुलिस ने डकैती में संलिप्त सात अन्य फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार ने बताया कि कुछ अपराधकर्मियों के गिरोह ने डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में चन्द्रिका पंडित के लिखित आवेदन पर धनवार थाना में धारा 310 (2) / 311 बीएन एस के अंतर्गत कांड सं



0-01/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद एवं जमुआ पुलिस निरीक्षक रोहित कुमार महतो के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। अनुसंधान के क्रम में अब और सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि धनवार थाना क्षेत्र स्थित राजा मंदिर के पुजारी चंद्रिका पांडेय के आवास में एक सप्ताह पूर्व देर रात कुछ अपराधकर्मियों ने डाका डाला था।

## ट्रैक्टर पलटने से महिला समेत दो की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जामताड़ा।** जामताड़ा में बुधवार को ट्रैक्टर पलटने से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। मृतकों में ट्रैक्टर का चालक और महिला मजदूर शामिल है। घटना जामताड़ा जिले के मिहिजाम थाना क्षेत्र के शहरडाल-चंद्रडीपा रोड पर कोलपाड़ा के पास घटी है। ड्राइवर के नियंत्रण खो देने से ट्रैक्टर असंतुलित हो गया और खेत में निर्माणाधीन मकान के पास जा पलटा, जिसमें दबकर दोनों की मौत



हुई है और दो घायल हुए हैं। दोनों मृतक चंद्रडीपा झिलिम पाड़ा निवासी थे। हादसे के वक्त ट्रैक्टर खाली था। ट्रैक्टर चंद्रडीपा की ओर से शहरडाल की ओर आ रहा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जामताड़ा सदर अस्पताल पहुंचाया, जबकि शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया गया है।

### एक नजर में

#### गायब महिला का शव कतरी नदी में मिला

**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के कांको में कतरी नदी पुल के नीचे एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला की पहचान अपराजिता के रूप में की गई। राजगंज थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव मधुबन थाना की पुलिस को सौंप दिया। पुलिस शव को साथ ले गई। महिला के गायब होने की शिकायत मधुबन थाने में दर्ज कराई गई थी। उसकी तलाश की जा रही थी। विवाहित महिला (मृतक) के चाचा मुन्ना मिश्रा के अनुसार अपराजिता की शादी 2022 में आठ लाख नगद और गहना जेवर देकर बड़े धूमधाम के साथ बीसीसीएल कर्मचारी काशीनाथ झा के बेटे नीरज कुमार झा के साथ हुई थी। दहेज लोभियों ने महज 3 साल के अंदर उसे मार कर फेंक दिया। उन्होंने बताया कि नीरज हत्या के बाद ससुराल बरौनी पहुंचा और गाड़ी खरीदने के नाम पर 50,000 लेकर वापस आया। पैसा लेने के बाद बताया कि लड़की कहीं भाग गयी है। फोन करने पर फोन भी नहीं उठा रही है। करीब एक माह से उसे बुरी तरह मारा पीटा और सताया जा रहा था। उन्होंने कहा कि नीरज सहित 6 लोगों के खिलाफ मधुवन थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। मृतका की विधवा मां गिरीश देवी आंगनबाडी सेविका है, जिसका रो रो कर बुरा हाल है।

#### भाजपा का सदस्यता अभियान, दर्जनों बने सदस्य



**कुमारधुबी।** कुमारधुबी मोड़ में आज बुधवार को भाजपा एग्यारकुण्ड मंडल की ओर से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान (संगठन महापर्व) के तहत सार्वजनिक शिविर लगाया गया। नेतृत्व मंडल अध्यक्ष सुरजीत चन्द्र ने किया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी बम्पी चक्रवर्ती, महामंत्री राजेश कुमार,पूर्व मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी, वरीष्ठ नेता डीएन पाठक, प्रधान सोरेन, रामफल पंडित, रवि वर्मा, संजय ठाकुर मुन्ना चौहान, दूर्गा देवी, रिंकी देवी, गीता गिरि, रेखा देवी, प्रदीप रॉय, इन्द्रजीत रजक, प्रभु नोनिया, रंजीत सिंह , मनोज राम, राहुल मोदक, मिथलेश कुमार एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

#### संस्कार का मन पर गहरा असर पड़ता है: जया किशोरी

**धनबाद।** कथा वाचक जया किशोरी ने आज यहां कहा कि संस्कार का व्यक्ति के मन पर गहरा असर पड़ता है। बच्चों में जैसा संस्कार देंगे वैसी ही परंपरा आगे भी चलती रहेगी। श्री श्याम भक्त मंडल, हीरापुर की स्वर्ण जयंती पर स्थानीय गोल्फ ग्राउंड में आयोजित श्याम बाबा के दरबार में कथा वाचन के दूसरे दिन उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार की बुनिया बचपन में ही दी जाती है। श्री श्याम गुणगान महोत्सव के दूसरे दिन आज बांके बिहारी का भव्य दरबार सजा । कल खाटू श्याम का भव्य दरबार सजेगा। समूचा गोल्फ ग्राउंड मैदान मेले में तब्दील है। चारों ओर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों से धार्मिक रस प्रवाहित हो रही है। श्रोताओं में सर्वाधिक संख्या महिलाओं की है। बीच बीच में भजन में पंडाल की महिलाएं भी झूमने लगती हैं।

#### विधायक मद से लगेगा बार एसोसिएशन में लिफ्ट



**धनबाद।** भाजपा विधायक राज सिन्हा के विधायक मद से धनबाद बार एसोसिएशन के नवनिर्मित भवन में लिफ्ट लगाया जाएगा। विधायक सिन्हा ने बार एसोसिएशन में इसकी घोषणा की है। विधायक बनने के बाद नए साल में पहली बार विधायक राज सिंह बार एसोसिएशन में पहुंचे जहां उनका स्वागत एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र सहाय तथा महासचिव जितेंद्र कुमार ने पुष्प गुच्छ तथा शाल भेंट कर किया। संगठन के पदाधिकारी ने विधायक को नवनिर्मित भवन की प्रत्येक मंजिल दिखाई। संगठन के पदाधिकारी ने विधायक से नए भवन में लिफ्ट लगाने की मांग की। विधायक में नवनिर्मित भवन में दो लिफ्ट लगाने की घोषणा की है। झारखंड स्टेट बार काउंसिल स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता राधेश्याम गोस्वामी, नरेंद्र त्रिवेदी, उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, पीयूष तिवारी के अलावा सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित थे।

#### गॉट बोंगा के साथ सोहराय पर्व शुरू



**राजगंज।** राजगंज के विभिन्न गांवों में गॉट बोंगा (पूजा) के साथ सोहराय पर्व शुरू हो गया। सर्व प्रथम नायके बाबा (पुजारी) द्वारा गोटथान में पूजा की गई। गोबिन्दाडीह के नायके शंकर मुर्मू, लेदोडीह के हीरालाल मुम, बलाईटांड के कुंवर किस्कु, बरवाडीह के अनिल टुडू, पियरसाला के महादेव सोरेन, रांमटांड के सुधीर मरांडी, गांगापुर के सोनाराम टुडू, गरीबडीह-महतोटांड के हरि प्रसाद मरांडी मरचाकोचा के रंगलाल मरांडी, ऊपरबंधा के शिवकुमार सोरेन, पदुमचांद-काडामारा के एतवारी मुर्मू, रघुनाथपुर के सुरेंद्र टुडू, बांसमुडी के रामलाल हांसदा, कांड़ालागा साराईदाहा के सुनील टुडू ने पूजा-अर्चना की। 9 जनवरी को घर में पुजा की जाएगी। 10 जनवरी को डांगरा खुटाव (बरद खुटना) किया जाएगा। सोहराय पर्व के कार्यक्रम को सफल बनाने में विधायक प्रतिनिधि बिरजू सोरेन, पूर्व मुखिया धावाचिता मनस राम मुर्मू आदि की भागीदारी रही।

### आईएसएम में तीन दिनी अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समागम

## विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति की परस्पर निर्भरता आवश्यकः प्रो सुकुमार मिश्र





**विशेष संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के निदेशक प्रो सुकुमार मिश्र ने आज यहां कहा विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति की परस्पर निर्भरता साथ-साथ विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति को सार्थक परिणामों के लिए समन्वयित होना चाहिए। प्रो मिश्र ने कहा कि मूल विचारधारा बुनियादी विज्ञान से शुरू होती है, प्रौद्योगिकी में परिपक्व होती है और अंततः उत्पादों में बदलकर आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देती है।

प्रो मिश्र देश-विदेश के 100 से अधिक संस्थानों से आए प्रतिनिधियों के 24वें नेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एटोमिक एन्ड मॉलिक्यूलर फिजिक्स 2025 (एनसीएएमपी 2025) का उद्घाटन कर रहे थे। चार दिवसीय यह कार्यक्रम इंडियन सोसायटी आफ एटोमिक एंड मॉलिक्यूलर फिजिक्स(आईएसएएमपी) द्वारा आईआईटी (आईएसएम) के भौतिकी विभाग के सहयोग से किया गया है। यह 8 से 11 जनवरी 2025 तक चलेगा।

**आईएसएएमपी की स्वर्ण जयंती समारोह**

एनसीएएमपी 2025 भारतीय परमाणु और आणविक भौतिकी समाज की स्वर्ण जयंती भी मना रहा है, जिसकी स्थापना 1976 में हुई थी। सम्मेलन में भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), पुणे के श्री भास भापट ने परमाणु भौतिकी के विकास पर चर्चा करते हुए कहा, जो कार्य स्पेक्ट्रोस्कोपी और टक्करों पर केंद्रित था, वह अब क्वांटम प्रौद्योगिकियों सहित विविध क्षेत्रों में विस्तारित हो गया है। यह उपयुक्त है कि हम आईएसएएमपी की स्वर्ण जयंती को क्वांटम सिद्धांत के 100 वर्षों के साथ मना रहे हैं, जिसकी जड़ें परमाणु भौतिकी में हैं।

**सम्मेलन का उद्देश्य**

सम्मेलन छात्रों, नवोदित शोधकर्ताओं और परमाणु, आणविक और ऑप्टिकल भौतिकी समुदाय के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के बीच सार्थक वैज्ञानिक बातचीत और ज्ञान साझा करने को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। प्लेनरी और आमंत्रित व्याख्यानों, मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों, और जीवंत चचाओं के माध्यम से, प्रतिभागी अपने शोध कार्य प्रस्तुत करेंगे और सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रगति से अवगत होंगे।

## बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अनुश्रवण समिति की बैठक

# किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ देने व क्रियान्वन का निर्देश

विशेष संवाददाता

**धनबाद।** डीआरडीए के निदेशक राजीव रंजन ने जिले में किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ देने और इसके क्रियान्वन को मजबूत करने का निर्देश दिया है। श्री रंजन आज यहां बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि फसल बीमा के लिए प्राप्त आवेदनों की दस्तावेजों की जांच करें। इसके लिए जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर टीम गठित करें। योग्य किसानों का चयन कर उन्हें फसल बीमा का लाभ प्रदान करें। साथ हीं बीमा कंपनी बजाज के प्रतिनिधि को 15 दिनों के अंदर बीमा से संबंधित सभी दस्तावेज जिला सहकारिता कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।



इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत प्रखण्ड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य कर रहे पैक्स / व्यापार मंडल को 500 एम०टी० क्षमता के गोदाम वाला मॉडल पैक्स के रूप में विकसित करने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान 3 प्रस्ताव में से लटानी फतेहपुर पैक्स, पूर्वी टुंडी एवं पलानी पैक्स, बलियापुर को स्वीकृति प्रदान की गई। इसकी कुल लक्ष्य सात में से दो पैक्स को स्वीकृति प्रदान की गई। लक्ष्य पूरा करने हेतु बाकी गोदाम के भूमि हेतु संबंधित अंचलाधिकारियों से पत्राचार हेतु जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित किया गया

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कृषि, पशुपालन एवम् सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) द्वारा प्रस्तावित 05 एम०टी० क्षमता के सौर उर्जा चलित मिनी कोल्ड रूम के निर्माण हेतु पैक्सों के चयन के स्वीकृति के संबंध में चर्चा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कुल 6 पैक्स को स्वीकृति प्रदान की गई। जिसमे पुटकी पैक्स धनबाद, रंगुनी पैक्स बाघमारा, बरियो पैक्स गोविंदपुर, परासी पैक्स गोविंदपुर, पलानी पैक्स बलियापुर एवं लेदाहरिया पैक्स कलियासोल सम्मिलित है।

### बैठक में थे उपस्थित

बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी वेद प्रकाश, जिला कृषि पदाधिकारी शिव कुमार राम, जिला खेल पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी उमेश लोहरा, एलडीएम अमित कुमार समेत, जिला पशुपालन कार्यालय, जिला गव्य कार्यालय, जिला मत्स्य कार्यालय, धनबाद प्रबंध निदेशक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक लि०, जिला विकास प्रबंधक, नावार्ड, लैम्पस/पैक्स के दो कृषक प्रतिनिधि, धनबाद बजाज एलायंज जेनरल इन्श्योरेन्स के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया 'रोज ऐट रोड' कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी तथा पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) अरविंद कुमार के नेतृत्व में आज सिटी सेंटर चौक पर सड़क सुरक्षा को लेकर 'रोज ऐट रोड' कार्यक्रम चलाया गया। इसमें यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को माला पहनाकर तथा गुलाब देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही साथ अनुरोध किया गया कि स्वयं भी यातायात के नियमों का पालन करें तथा अपने जान पहचान के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

उन्हें बताया गया कि आगे चलने वाली वाहनों से उचित दूरी बनाकर वाहन चलाएं। जागरूकता कार्यक्रम में एमवीआई श्री अभय कुमार, एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनालिस्ट अमरेश कुमार तथा आईटी असिस्टेंट देवेन्द्र कुमार शामिल थे।

स्पीड न्यूज

### भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान, भारी संख्या में सदस्य बने लोग



**धनबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर अध्यक्ष नित्यानंद मंडल के नेतृत्व में कई जगह सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज बुधवार को धनबाद पहुंचे। उनका जोरदार स्वागत किया गया। बुधवार को बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के जेएनएम कॉलेज ग्राउंड में सदस्यता अभियान के तहत 476 सदस्य बनाए गए। इस अवसर पर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा मौजूद थे। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पूरी मुस्तैदी के साथ सदस्यता अभियान में लग चुके हैं। जनता भाजपा की सदस्यता लेना चाहती है यह देखने को मिल रहा है। पूरे उत्साह के साथ संगठन महापर्व सदस्यता अभियान में लोगों को जोड़े। विधायक शरद महतो ने कहा कि सदस्यता अभियान में सभी को शामिल होना चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने कहा अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ना है। इसके लिए चौराहो नुक्कड़ों, कॉलेज परिसरों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे। अधिक से अधिक चिकित्सक, शिक्षक, खिलाड़ी अधिवक्ता, गीतकार, संगीतकार, चित्रकार, इंजीनियर सहित विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध जनों को भाजपा का सदस्य बनाना है। कार्यक्रम का संचालन महामंन्त्री तमाल राय ने किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, कतरास अध्यक्ष भाजपा सूर्यदेव मिश्रा, कंचन चौरसिया, धर्मेंद्र गुप्ता, आमोद साहू, विवेक हजारी, डॉ मधुबाला, सुभम बनर्जी, पुरषोत्तम स्वर्णकार, साकेत श्रीवास्तव समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सिंदरी के वाइस प्रेसिडेंट ने दिया इस्तीफा

**सिंदरी।** हिंदुस्तान उर्वरक एंव रसायन लिमिटेड सिंदरी के वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे से एच यू आर एल सिंदरी उच्च प्रबंधन में फिर फेरबदल की संभावना प्रबल हो गई है। प्रबंध निदेशक शिवप्रसाद मोहंती ने बताया कि उनका इस्तीफा हिंदुस्तान उर्वरक एंव रसायन लिमिटेड केंद्रीय कार्यालय को प्राप्त हो चुका है। परंतु एच यू आर एल के प्रबंधकीय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया है। बोर्ड से स्वीकृति मिलने के बाद इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाएगा। इस्तीफे का कारण पूछने पर बताया कि उर्वरक एवं रसायन क्षेत्र की किसी विदेशी कंपनी में उनका चयन हुआ है। हर व्यक्ति को बेहतर अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

## शेख भिखारी अंसारी एवं टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस

# महापुरुषों को जातियों में न बांटें, वे सभी के हैं : विधायक केदार हजरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** शहीद शेख भिखारी अंसारी एवं टिकैत उमराव सिंह के 168 वां शहादत दिवस मदरसा मैदान नौआ शेर में बुधवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में जिले भर की नामचीन हस्तियां मौजूद थी। मुख्य अतिथि जमुआ के विधायक केदार हजरा ने कहा कि कोई भी महापुरुष इसलिए महान बना कि उन्होंने सबके लिए काम किया। कहा कि शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ जंग का एलान किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मो निजामुद्दीन ने कहा कि जंग ए आजादी में जिन रणबांकुरों ने शहादत दी, उन्हें मुल्क कभी भुला न सकेगा। उन्होंने कहा कि मोहब्बत के माहौल को नफरत में बदलने की हर कोशिश नाकाम हुई है। इस बार भी यह कोशिश कामयाब नहीं होगी। मुल्क में गंगा जमुनी तहजीब जिंदा है और महफूज रहेगी।



मौलाना जाकिर हुसैन ने कहा कि मुल्क सबका है। सबने इस मुल्क को सिंचा है। कहा आज कुछ लोगों की वफादारी पर शक किया जा रहा है। कहा जंग ए आजादी में और मुल्क की बेहतरी में मुसलमानों की भागीदारी कम नहीं है। उन्होंने कहा यह देश सभी देश वासियों का है। कहा यह देश शेख भिखारी, टिकैत उमराव, अशफाक उल्लाह, भगत सिंह, मौलाना अबुल कलाम का है। महापुरुषों को जातियों में बांटना गलत है। कहा सभी महापुरुषों की कद्र सबको करनी चाहिए। सभी के शहादतों से हमें सीख लेनी चाहिए। जमुआ के प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव ने कहा कि शेख भिखारी और टिकैत उमराव की शहादत को देश भुला न सकेगा। कहा कि हम सब मिलकर देश में मोहब्बत का पैगाम फैलाएं और नफरत के कीटाणुओं को पांव पसारने न दें।

जिप प्रतिनिधि दिगम्बर प्रसाद दिवाकर, डॉ कलीम अंसारी, प्रो मंजूर अंसारी, अनिल चौधरी, ओम प्रकाश महतो, मौलाना अनवर, डॉ हनीफ, मंजूर अंसारी, मुस्लिम अंसारी, मौलाना अलाउद्दीन अंसारी, कलाम अंसारी, डॉ कलाम अंसारी, जाकिर हुसैन, असगर अली, मनीर अंसारी, शहीद अंसारी, रोजन अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, सब्बीर अंसारी, मुस्तकीम अंसारी सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। आयोजन अंसारी महा पंचायत द्वारा किया गया। अध्यक्षता स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मुस्तकीम अंसारी ने की। संचालन उप प्रमुख रब्बुल हसन रब्बानी ने किया।

### बीसीसीएल अंचल तीन खेलकूद प्रतियोगिता में लोदना का शानदार प्रदर्शन



**झरिया।** बीसीसीएल अंचल तीन खेलकूद प्रतियोगिता में लोदना क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन किया और पांच किलोमीटर और दस किलोमीटर दौड़ में परचम लहराया। एरिया कार्यालय के कर्मी नंदू हाड़ी ने दौड़ में सबको पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में लोदना महाप्रबंधक को ट्रॉफी सौंपने के अवसर पर महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल को एन्जॉय के साथ खेलने में मजा आता है और खेल से भी बड़े मुकाम तक पहुंचा जा सकता है। महाप्रबंधक ने सभी खिलाड़ियों को अपनी ओर से ट्रैक्सूट देने की बात कही। साथ ही उन्होंने नंदू के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उसके स्वीपर पदनाम को बदलकर बेहतर पदनाम करने का आश्वासन दिया। मौके पर एपीएम दीपक सिंह, कार्मिक प्रबंधक प्रशासन अरिंदम कुंडू, लिली खान, खिलाड़ियों में विकाश कुमार, अनामिका कुमारी, रानी गोस्वामी, सुनीता देवी, कल्याणी देवी, उदय उपाध्याय, यूनियन के राजकुमार साव, बालेश्वर साहनी आदि मौजूद थे।

### रंजय हत्याकांड में जब्त वस्तुओं को नही किया पेश

**धनबाद।** विधायक संजीव सिंह के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत मे अभियोजन ने जप्त वस्तुओं को पेश नही किया। अदालत ने सहायक लोक अभियोजक को पुलिस द्वारा जप्त किए गए वस्तुओं, खून लगा कपड़ा, गोली का खोखा, को पेश करने का आदेश माल खाना प्रभारी को दिया है। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था। जबकी चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के कर्मी धरना पर बैठे

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण कांड्रा धनबाद के 14 आउटसोर्सिंग कर्मी बकाया वेतन के भुगतान एवं नियमितीकरण की मांग को लेकर 7 जनवरी से परियोजना निदेशक कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आंदोलन के दूसरे दिन बुधवार को कर्मियों ने बताया कि अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो 11 से 13 जनवरी तक सभी ठेका कर्मी भूख हड़ताल पर बैठने को विवश होंगे। आंदोलन में विनोद कुमार सिंह, पंकज कुमार झा, इकबाल अंसारी, निसार अंसारी, टिंकल कुमार पासवान, तबरेज अंसारी, मोतीलाल दास, धणजीत सिंह, अख्तर अंसारी, वासुदेव नापित, कृष्ण कुमार पासवान, कार्तिक बाउरी, घनश्याम गोप, सुगवा देवी आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी को मेसर्स साइंटिफिक सिक्योरिटी मैनेजमेंट सर्विसेज ने उन्हें एकाएक जुलाई 2024 से काम से बैठा दिया था। इसके बाद बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता व विधायक अरुप चटर्जी ने हस्तक्षेप किया और केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त के समक्ष मामला रखा गया। इसके बाद उन्हें काम पर दोबारा रखा गया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन द्वारा प्रत्येक माह जल्द भुगतान करने तथा नियमित सेवा का आश्वासन दिया जा रहा है। परंतु ऐसा नहीं हो रहा है। पिछले 6 माह से मजदूरी का भुगतान नहीं होने तथा पहले की तरह काम पर रखने का पत्र नहीं मिलने से उन्हें आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा है। विधायक अरूप चटर्जी ने उनकी मांगों का समर्थन किया है और आंदोलन में सहयोग का आश्वासन दिया है।



## जलापूर्ति कर्मियों को पांच माह वेतन नहीं, आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** धनबाद जलापूर्ति योजना अंतर्गत मैथन व निरसा क्षेत्र का संचालन कर रही कंपनी जय परशुराम कंस्ट्रक्शन कंपनी ने पेयजल व स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर बकाया भुगतान नहीं होने की स्थिति में कर्मियों द्वारा जलापूर्ति बंद करने की चेतावनी दी गई है। जलापूर्ति ठप होने से निरसा, मैथन, चिरकुंडा, कुमारधुबी, मुगमा क्षेत्र की लगभग 3 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित होगी। जय परशुराम कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक अमरेश मिश्रा ने बताया कि जनवरी 2024 से विभाग द्वारा विपत्र का भुगतान नहीं किया गया है। इस स्थिति में भी योजना का संचालन कर रहे कर्मियों को जुलाई 2024 तक वेतन भुगतान कर जलापूर्ति निर्बाध रूप से किया जा रहा है, लेकिन विभाग द्वारा 12 माह से विपत्र का भुगतान नहीं होने की स्थिति में वेतन भुगतान में परेशानी हो रही है। कर्मियों ने स्पष्ट कह दिया है कि वे अब इंतजार करने की स्थिति में नहीं हैं और 20 जनवरी से जलापूर्ति ठप कर देंगे। मिश्रा ने बताया कि बकाया विपत्र भुगतान को लेकर मौखिक रूप से लगातार अधिकारी से संपर्क किया जाता रहा। अधिकारी द्वारा आश्वासन भी मिला, लेकिन भुगतान नहीं होने की स्थिति में 31 दिसंबर 2024 व 7 जनवरी 2025 को कार्यपालक अभियंता को लिखित पत्र देकर बकाया भुगतान करने की मांग की गई है। विभाग के कार्यपालक अभियंता रंजीत ठाकुर ने कहा कि विभाग को पत्र भेजा गया है। राशि मिलते ही एजेंसी को भुगतान किया जाएगा। कहा कि जिला में संचालित सभी एजेंसी का बकाया है। जलापूर्ति ठप न हो, ऐसा प्रयास किया जाएगा।



## फॉरवर्ड ब्लॉक नेता सुशांतो हत्याकांड में आईओ की गवाही

**धनबाद।** फॉरवर्ड ब्लॉक के नेता सुशांतो सेन गुप्ता, उनके भाई संजय सेन गुप्ता व कार्यकर्ता दुर्योधन पाल की हत्या के मामले की सुनवाई बुधवार को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में हुई। कोर्ट में सीबीआई की ओर से इस मामले के अनुसंधानकर्ता एस सी शुक्ला को बतौर गवाह पेश किया। अनुसंधानकर्ता ने बताया कि उन्होंने इस मामले का पूरा अनुसंधान नहीं किया है प्राथमिकी की पहचान की। 5 अक्टूबर 2002 को सुशांतो अपने भाई संजय व कार्यकर्ता दुर्योधन के साथ कार से निरसा जा रहे थे। गोपालगंज के पास कार पर हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। मौके पर ही तीनों की मौत हो गई थी, जबकि प्रदीप तुरी एवं गणेश स्वर्णकार घायल हो गए थे। प्रदीप तुरी के फर्द बयान पर निरसा थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। पुलिसिया जांच पर उंगली उठाते हुए सुशांतो की मां ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उच्च न्यायालय के आदेश पर सीबीआई ने मामला दर्ज कर उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया।

## किन्नरों ने निकाली भव्य शोभायात्रा, शक्ति मंदिर में की पूजा-अर्चना

**शोभायात्रा में देश विदेश से आए हजारों की संख्या में किन्नर हुए शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के बारामुड़ी में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर समाज के महाधिवेशन के छठे दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मटकुरिया से प्रारम्भ होकर जोड़ाफाटक शक्ति मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा में देश विदेश से आए हजारों की संख्या में किन्नर शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल से बस व सैकड़ों गाड़ियों से पांच हजार किन्नर मटकुरिया पहुंचे। यहां से शोभायात्रा शुरू हुई। सजे रथ पर किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी, सचिव श्वेता किन्नर के साथ सभी राज्यों से आयी किन्नर की नायक बिराजमान हुई। किन्नरों की यह शोभायात्रा जहां से भी गुजरी, लोगों की भारी भीड़ उन्हें देखने जटी। सभी में किन्नरों से आशीष पाने की आपाधापी थी। सभी नाचते-गाते मंदिर पहुंचे। यहां माता के दरबार में पूजा अर्चना कर 21 किलो का घंटा चढ़ाया गया। शोभायात्रा में भारी संख्या में किन्नरों के शामिल होने से पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरी शोभायात्रा में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी।

## चार दिवसीय खेल महोत्सव का आगाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**तोपचांची।** ऋषिकेश महतो मेमोरियल पब्लिक एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा तोपचांची प्रखंड के मदैयडीह स्थित बिनोद बिहारी महतो इंटर महिला महाविद्यालय में चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को शुरू हुई। तोपचांची के अंचलाधिकारी डॉ संजय सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। कॉलेज के प्रिंसिपल उत्तम महतो ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता विद्यार्थी जीवन में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शरीर में स्वच्छ मस्तिष्क वास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से जीवन में खेल कूद को जीवन में उतारने की जरूरत है। उन्होंने कहा खेलकूद न केवल बच्चों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने में मदद करेगा।

## एफडीएम पब्लिक स्कूल कुसैया की 30वीं वर्षगांठ पर रंगारंग कार्यक्रम

# शिक्षक दिनेश लाल ने जलाई थी शिक्षा की ज्योति

**गिरिडीह।** एफडीएम पब्लिक स्कूल कुसैया, फुलवंती देवी मेमोरियल विद्यालय कुसैया में बुधवार को 30 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। विद्यालय के व्यवस्थापक कृष्ण मुरारी प्रसाद, प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद, एवं वरिष्ठ पत्रकार सुधीर कुमार सिन्हा द्वारा प्रीति कुमारी, यशोदा कुमारी, निशा कुमारी, आस्था रानी, अमीषा कुमारी, सुनयना कुमारी आदि को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की शिक्षिका प्रीति कुमारी, रूमी खातून, साधना कुमारी, रुचिका कुमारी, रिया कुमारी आदि मौजूद थी।



स्वागत गीत विशाखा, पायल और दीपाली द्वारा प्रस्तुत किया गया। सरस्वती वंदना निशु, मीनाक्षी, वर्षा, सुनीता, वर्षा, रूपा और विक्की तथा डांस, हिंदी स्पीच, एकांकी ग्रुप, डांस, बेटी हमारी अनमोल, एक्टिंग वन मैन आदि विभिन्न छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों की एकांकी डांस ,इन द स्पीच ने अभिभावक एवं अन्य दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय में दसवां वर्ग तक पढ़ाई होती है। शिक्षकों की संख्या 8 है तथा छात्रों की संख्या 200 है। विद्यालय के व्यवस्थापक कृष्ण मुरारी प्रसाद ने कहा कि दिनेश लाल ने क्षेत्र में शिक्षा का अलग जगाया था। आज के कार्यक्रम में देवेंद्र प्रसाद वर्मा, भागीरथ वर्मा, बुधन गोप ,महेंद्र यादव, बद्री वर्मा समेत क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# कांग्रेस ने शुरू किया जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा प्रखंड क्षेत्र बेनागोडिया पंचायत में बुधवार को बाबा साहेब अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान की शुरुआत की गयी। मुख्य अतिथि धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी उपस्थित थें। बेनागोडिया मोड से जोगीतोपा मोड तक हाथ में कांग्रेस का झंडा, बैनर लेकर कार्यकर्ता नारा लगा रहे थे। बाबासाहेब का अपमान, नही सहेगा हिंदुस्तान, बाबू हम शर्मिदा हैं तेरे कातिल जिंदा हैं आदि। बाद में नुक्कड सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता निरसा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डीएन यादव ने की। संबोधित करते हुए धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा संविधान पर लगातार हमले किए जा रहे हैं। साथ ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतों को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही संविधान से लगातार छेड़छाड़ की जा रही है। इस संदेश को जन -जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध हैं। 26 जनवरी से पहले सभी प्रखंडों व नगर में जय बापू जय भीम अभियान जय संविधान अभियान चलाया जा रहा है।




उन्होंने कहा कि जिस बाबा साहेब के दिए संविधान की बदौलत नरेंद्र मोदी देश का प्रधानमंत्री और अमित शाह गृहमंत्री बने हुए हैं, वही लोग बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान कर रहे हैं। बाबा साहब अंबेडकर जी के प्रति जो अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल अमित शाह ने किया, उसके विरुद्ध हम आवाज उठाते रहेंगे।

कार्यक्रम में निरसा प्रखंड के पर्यवेक्षक वकील बाउरी, असद कलिम, डीएन प्रसाद यादव राम कृपाल गोस्वामी, अर्जुन भुईयां, जियाउल हुसैन, श्यामल भंडारी, हैदर अंसारी, उमेश रबिदास, छात्रवली भुईयां, नंदन भुईयां, सचिन महतो, राम दास, आलम अंसारी, रोहिणी दास,बबलू दास ,नीतयां दास, इकबाल साह, बबलू दास दीपक दास, निजाम अंसारी, फॉरेस्ट दास, रखो हरिदास, सपन बाउरी, तपन भंडारी, किशन दास, बसु दास, सातो भुईयां,अर्जुन भूईयां, कारू कुमार, सचिन महतो, सुधांशु कुमार, रामचंद्र कुमार, नंदन कुमार आदि मौजूद थे।

# सोशल मीडिया का प्रभाव

भारत में वर्ष 2023 में लाए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। दुनिया के विभिन्न देशों में ऐसे कानून पहले से ही मौजूद हैं। यूरोपीय संघ के जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन के लिये सोलह साल से कम उम्र के उपयोगकताओं के लिये माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। वहीं यूएस चिल्ड्रन ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन एक्ट में 13 वर्ष के उपयोगकताओं के लिये कड़े नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, इन कानूनों का मकसद नाबालिगों को साइबर बुलिंग, शोषण व गोपनीयता के उल्लंघन से बचाना है। भारतीय कानून में भी इन नियमों का ध्यान रखा गया है।

इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को बताया। दरअसल, भारत के प्रस्तावित नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को फुलप्रूफ बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आज सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव कई रुपों में सामने आ रहा है जिसमें एक आर्थिक अपराध,यौन उत्पीड़न, बौद्धिक क्षमता में गिरावट के साथ कई समस्याओं को जन्म दे रही है। यह समस्या इतनी विकट होती जा रही है कि कई देशों में इसके बचाव के लिये कानून बना दिया गया है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

मिथुन : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

कन्या : आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

तुला : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-6

वृश्चिक : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

मकर : खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

कुंभ : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

# आकाशवाणी: सांस्कृतिक जागरण का विश्वसनीय माध्यम



निसंदेह आधुनिक भारत में आज सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की व्यापकता से आकाशवाणी का आकर्षण प्रभावित हुआ है। लेकिन जन सामान्य के बीच आकाशवाणी का महत्व कम नहीं हुआ है । आकाशवाणी ने भारत की साँस्कृतिक विशेषताओं और विविधता को प्राथमिकता तब भी दी थी जब भारत स्वतंत्र नहीं था । इस विशेषता को जानकर ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी ₹मन की बात₹ के लिए आकाशवाणी को प्राथमिकता दी और आधुनिकता के कुछ नए आयाम जोड़े। स्वतंत्रता के बाद भारत ने अपनी आधुनिक यात्रा आरंभ की । नए भारत के निर्माण में उन संस्थाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है जिन्होंने स्वतंत्रता के पूर्व भी जन सामान्य के बीच भारत की साँस्कृतिक महत्ता जीवन्त रखी। इनमें आकाशवाणी की भूमिका महत्वपूर्ण है । आकाशवाणी ने भविष्य की दीवार पर उभरते चित्रों को देखकर साँस्कृतिक जागरण का कार्य आरंभ कर दिया था। आकाशवाणी ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और विशेषता जो कार्यक्रम प्रसारित किए उससे समाज में अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति आत्मविश्वास का जागरण हुआ। यही जाग्रति पहले स्वतंत्रता संग्राम में जन भागीदारी और अब भारत राष्ट्र के स्वत्व जागरण का माध्यम है।

यह भारतीय समाज जीवन में स्वत्व और सांस्कृतिक चेतना की जाग्रति ही तो है कि आज भारत पुनः अपने खोए हुए परम वैभव को प्राप्त करने की ओर बढ़ रहा है । संपूर्ण विश्व भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक मूल्यों की ओर आकर्षित हो रहा है । परंपराओं के प्रति अपनत्व का भाव जाग्रत करने में आकाशवाणी की भूमिका महत्वपूर्ण रही है । अंग्रेजीराज में आकाशवाणी ने भारत की क्षेत्रीय और आँचलिक विविधता पर जो कार्यक्रम प्रसारित किए, सतही तौर पर तो वे केवल मनोरंजन के लगते थे लेकिन उन प्रसारणों से भारतीय समाज जीवन में अपनी परंपराओं के प्रति आत्मविश्वास जागा और वही अब स्वत्व चेतना का आधार बना। आकाशवाणी ने समय के साथ अपने के प्रसारणों की विविधता में निरंतर वृद्धि की । भारत का कोई क्षेत्र, कोई भाषा और कोई स्थानीय बोली ऐसी नहीं जिसमें आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रसारित न होते हों।

आज 23 भाषाओं और 146 बोलियों में आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। राष्ट्र, समाज और जीवन का ऐसा कोई विषय नहीं जिसे आकाशवाणी ने अपने प्रसारण में शामिल न किया हो । प्रत्येक विषय को व्यापक बनाया । साहित्य में गीत, कविता, कवि गोष्ठी, लघुकथा, व्यंग, कहानी, एकांकी आदि सब प्रसारित हुए । भारत के प्रमुख साहित्कारों की जीवनी, लेखन शैली तथा कृतियों से परिचित कराया । बदलते मौसम की विशेषता और उसका स्वास्थ्य पर पड़ने वाला प्रभाव, बीमारियां और बीमारी से बचने के उपाय विशेषज्ञों की वाताओं के माध्यम से समझाये, इसमें केवल मनुष्य ही नहीं पालतू पशु पक्षि संरक्षण के कार्यक्रम भी प्रसारित होते हैं । किस मौसम में कौनसी फसल, फल सब्जी, उपज बढ़ाने के तरीके, यदि कीट पतंगों से फसलों के नुक्सान की आशंका हो तो किसानों को सलाह भी दी गई। छात्र, युवा, महिला, किसान आदि सभी वर्ग समूह केलिये कार्यक्रम और समय निर्धारित किए ।



- रमेश शर्मा

> सुदूर ठेट ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों और पर्वतीय अँचल में बसी बस्तियों में सूचना या समाचार ही नहीं मनोरंजन और स्थानीय समस्याओं के समाधान के उपाय जानने का माध्यम आकाशवाणी ही है। आकाशवाणी केवल मनोरंजन या सनसनी फैलाने वाले समाचारों से ₹टीआरपी₹ बढ़ाने की जुगत में नहीं रहती। वह भारत की संस्कृति और स्थानीय एवं क्षेत्रीय विशेषताओं से पूरे भारत को परिचित कराने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है ।

आज भले समाज जीवन में सोशल मीडिया व्यापक हो रहा है, रोज नए न्यूज चैनल सामने आ रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया की इस व्यापकता से आकाशवाणी का विषय जनचर्चा में तो कम हुआ है लेकिन उसकी विश्वसनीयता और गुणवत्ता में कोई अंतर नहीं आया है। विश्व में सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र होने की स्पर्धा में अग्रणी भारत के साठ प्रतिशत से अधिक लोगों के जीवन में आज भी आकाशवाणी ही उपयोगी है । सुदूर ठेट ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों और पर्वतीय अँचल में बसी बस्तियों में सूचना या समाचार ही नहीं मनोरंजन और स्थानीय समस्याओं के समाधान के उपाय जानने का माध्यम आकाशवाणी ही है। आकाशवाणी केवल मनोरंजन या सनसनी फैलाने वाले समाचारों से ₹टीआरपी₹ बढ़ाने की जुगत में नहीं रहती। वह भारत की संस्कृति और स्थानीय एवं क्षेत्रीय विशेषताओं से पूरे भारत को परिचित कराने की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है । प्रधानमंत्री मोदी ने आकाशवाणी के इस महत्व को समझा। इसीलिए उन्होंने अपनी ₹मन की बात₹ के प्रसारण के लिये आकाशवाणी को माध्यम बनाया ।

प्रधानमंत्री मोदी भारत को संसार के विकसित राष्ट्रों की पंक्ति में अग्रणी बनाने का संकल्प लेकर कार्य कर रहे हैं। उनका चिंतन व्यापक और बहुआयामी है । उनकी प्राथमिकताओं से यदि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारतीय यान पहुंचा है, आधुनिक आयुध निर्माण में आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। संसार के आधुनिकीकरण की इस स्पर्धा के साथ संसंद सीढ़ियों को दंडवत, नए संसद भवन में संगोल की स्थापना साँस्कृतिक परंपराओं का सशक्तिकरण है । मोदी उन परंपराओं और विधाओं का संरक्षण भी कर रहे हैं जिनसे भारत की पहचान है । उनकी इन्ही प्राथमिकताओं में से एक आकाशवाणी भी है । अब देश के बीस राज्यों के 91 स्थानों पर 100 वाट की क्षमता के लो पॉवर एफएम ट्रांसमीटर स्थापित हो गए हैं। इससे आकाशावाणी के ट्रांसमीटरों के नेटवर्क की संख्या 524 से बढ़कर 615 हो गई है।

विषय कोई भी हो वह मनोरंजन का हो या शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, कृषि, युवा, महिला, लोक संस्कृति, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के किसी सामयिक विषय या घटनाओं का हो । इससे संबंधित संगोष्ठियों और अपने प्रसारण के अन्य स्वरूप में आकाशवाणी सदैव क्षेत्रीय भाषा और स्थानीय बोली का ही समावेश करती है । इससे स्थानीय एवं विषय से संबंधित जन मानस अपनी आत्मीयता अनुभव करता है । देश के सुदूर पर्वतीय और वन क्षेत्र की बस्तियों में केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा लिए गए निर्णयों की जन सामान्य तक जानकारी पहुंचाने का भी आकाशवाणी महत्वपूर्ण साधन है । इसको प्रधानमंत्री र मोदी की ह्लमन की बातह्व के प्रसारण से समझा जा सकता है । आकाशवाणी के माध्यम से ही प्रधानमंत्री की ₹मन की बात₹ जन जन तक पहुंची।

परिणामस्वरूप इससे संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन में कीर्तिमान बना । स्वतंत्रता के बाद जन कल्याण की अनेक योजनाएं बनीं। लेकिन क्रियान्वयन का जो कीर्तिमान मोदी के स्वच्छता अभियान, हर घर नल, हर घर शौचालय, आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना आदि का बना वैसा इससे पहले किसी का नहीं। इसका कारण मोदीजी द्वारा ₹मन की बात₹ में बार बार इन योजनाओं को दोहराना है । आकाशवाणी ने केवल मन की बात के ₹सीधे₹ प्रसारण के बाद अपना कर्तव्य पूरा नहीं कर लिया । अपितु उनमें वर्णित योजनाओं एवं बिन्दुओं पर विशेषज्ञों के साथ विमर्श भी किया । यही कारण है कि इन योजनाओं का क्रियान्वयन उन क्षेत्रों में भी देखने को मिला जहां समाचारपत्र अथवा टेलीविजन की पहुंच नहीं है ।

## लेटर टू एडिटर

### सुरक्षा उपाय जरूरी

**चीन** में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के बढ़ते मामलों ने महामारी का खतरा बढ़ा दिया है, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में श्वसन समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे निपटने के लिए परीक्षण, उपचार, मास्क पहनना, सामाजिक दूरी और सफाई महत्वपूर्ण हैं। भारत में इसके मरीजों के मिलने से चिंता बढ़ी है, इसलिए कोरोना से मिले अनुभवों के आधार पर सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### नया खतरा

**चिकित्सक** और वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि चीन के नए हानिकारक वायरस से बचने के लिए हमें तुरंत शत-प्रतिशत तैयार रहना चाहिए। हमें इस वायरस के भारत पहुंचने का इंतजार नहीं करना चाहिए और कोरोना वायरस से बचने के उपायों को फिर से अपनाना चाहिए, विशेषकर अंतर्राष्ट्रीय आवागमन पर सख्त रोक लगानी चाहिए।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

### X ट्वीट

**छत्तीसगढ़** के बीजापुर में हुए कायरतापूर्ण नक्सली हमले में हमारे कई जवानों और वाहन चालक के शहादत की खबर सुनकर बेहद दुख हुआ।

शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं।

इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। आतंक और हिंसा के खिलाफ पूरा देश एकजुट है।

जवानों की शहादत में वृद्धि के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा को मेंटेन रखने की सरकार की क्षमता को लेकर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# सेवा लेने के लिए उसका भुगतान आवश्यक है

## आर्थिकी



**अजयदीप बाधवा**

वैसे तो रांची में यह समस्या कम है पर भारत के कुछ बड़े शहरों में बहुत ज्यादा है। वहां पर जब भी आप ओला, उबेर या रैपिडो जैसे यात्री ऐप (एग्रीगेटर) से कार बुक करते हैं तो कई बार कार चालक आपको अनुरोध करता है कि बुकिंग कैंसिल कर दीजिए और जो राशि ऐप में दिख रही है वहीं उसे भाड़े के रूप में सीधा देकर वाहन में चलें।

इसको ऐसा समझते हैं कि मान लिया आपने कोलकाता में हावड़ा स्टेशन से न्यू टाऊन के लिए ऐप से कार बुक की। बुक करते समय अनुमानित भाड़ा, मान लीजिए 750 रुपए, ऐप में दिखा रहा था। अब आपको कार वाला अनुरोध करता है कि आप कार बुकिंग को ऐप पर कैंसिल कर दीजिए और ड्राइवर को सीधे 750 रुपए दे दीजिए और वह आपको गंतव्य पर पहुंचा देगा। कई बार ड्राइवर आपको ऐप में कार बुकिंग को कैंसिल करने के लिए यह कह कर भी प्रेरित कर सकता है कि आप उसे कुछ कम भाड़ा दे दें, अर्थात हमारे उदाहरण के हिसाब से उसे ऐप में दिखने वाले 750 रुपए न देकर 700 रुपए ही बढ़ा दे दें और कार बुकिंग को ऐप में कैंसिल कर दें। इस लालच में कई यात्री फंस जाते हैं और वे ऐप में कार कैंसिल कर कम भाड़े में उसी कार का उपयोग कर लेते हैं। इस में ड्राइवर का लाभ तो यह है कि उसको ऐप का कमीशन नहीं देना पड़ता है और पूरा पैसा उसकी जेब में जाता है। पर यह प्रवृति भविष्य के लिए कितनी खतरनाक है इसके हमेशा अंदेशा नहीं है। अगर हम बार बार ऐप से कार कैंसिल करते रहेंगे तो ऐप को फायदा नहीं होगा। ऐसी स्थिति में संभवतः वह ऐप आपके शहर में अपनी सेवा बंद कर दे। अगर उसने ऐसा कर दिया तो यात्री और कार चालक दोनों को नुकसान है। ऐप नहीं होगा तो यात्री रात बेरात गाड़ी कैसे बुक करेंगे? और अगर ऐसे ऐप नहीं होंगे तो वाहन चालक की कार बुक कैसे होगी? दोनों को नुकसान है। मुझे याद है कि जब कुछ वर्ष पूर्व ओला, उबेर आदि नहीं थे तो कहीं जाने के लिए हमें पहले ही अपने आस पास के टैक्सी स्टैंड में जाकर ऊंचे दाम पर कार बुक करनी थी। अगर आपके अगल बगल में टैक्सी स्टैंड नहीं है तो बहुत परेशानियां आती थी। फिर मान लिया कि आप को देर रात किसी के घर जाना पड़े और आपके पास अपना वाहन न हो तो आप जा हीं नहीं सकते थे क्योंकि देर रात गाड़ी मिलती नहीं थी। आज भी गोवा में पर्यटकों को बहुत परेशानी होती है। वहां ऐसे वाहन ऐप न होने के कारण पर्यटक को पूरे दिन के लिए अधिक दर पर कार बुक करनी पड़ती है, एक दो घंटे के लिए आपको गाड़ी नहीं मिलती है। इसी कारण गोवा जाना आसान है पर वहां घूमना बहुत ही महंगा। इस कारण आज हमें सोचना है कि क्या हमें एक या दो बार के बहुत थोड़े से अपने फायदे के लिए भविष्य में मिलनी वाली अच्छी सुविधाएं से स्वयं को वंचित करना चाहिए?





आज इन वाहन संबंधित ऐप के कारण भारतीयों शहरों में आंतरिक यात्रा करना बहुत आसान हो गया है। घर बैठे हम जब चाहें कार बुक करते हैं और आराम से आवागमन कर पाते हैं। अगर हम चालकों के कहने पर या अपने थोड़े से आर्थिक लाभ के लिए इस प्रकार की गलत हरकत करते रहेंगे तो ये वाहन ऐप हानि के कारण अपनी सेवा बंद कर देंगे और हम फिर उस पुराने समय में चले जाएंगे। हम सबको ये ध्यान रखना है कि कोई भी सुविधा निशुल्क नहीं आती है और अगर हमें किसी भी सेवा का आनन्द या लाभ उठाना है तो उसका थोड़ा मूल्य चुकाना ही होगा।

( मोटीवेटर, रांची 9431107515 )

# संथाल हूल की शुरूआत करने वाले नायक सिंगराई मांझी

## विद्रोह



**रानी राज**

वर्षों वर्षों से गुलाम भारत को आजाद करने में झारखण्ड क्षेत्र के अनेकों कर्णधारों ने अपनी कुबार्नी दी ,कुछेक का योगदान अस्मरणीय इतिहास में दर्ज है फिर भी उनकी कुबार्नी आज गुमनामी में जी रही है।

1857 के विद्रोह को आजादी की पहली लड़ाई मान लिया गया है जबकि 1855 की इस जनक्रांति को महज संथाल हुल की संज्ञा देकर ही समेट दिया गया है. जहाँ संथाल क्रांति की प्रत्येक घटना पर मार्क्स ने बारीकी से दृष्टि रखा वहीं दूसरी ओर ब्रिटेन के उस युग के सबसे प्रसिद्ध लेखक-चार्ल्स डिकेंस ने भी संथाल वीरों की प्रशंसा की। कार्ल मार्क्स ने नोट्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री' में इसे भारत की 'जनक्रांति' की संज्ञा दी है। ₹हाउसहोल्ड वर्ड्सर₹ पत्रिका में 1856 में चार्ल्स डिकेंस ने रूसियों की जगह संथालों की प्रशंसा की। यह एक ऐसा आंदोलन था जिसमे केवल संथाल ही नहीं बल्कि अन्य समुदाय के लोग भी शामिल थे।

जहाँ तक सवाल संथाल हूल के शुरूआत की है, इसकी पहली चिंगारी भोगनाडीह नहीं बल्कि लिट्टीपाड़ा से निकली थी। संथाल विद्रोह का झंडा सबसे पहले सिंगराई माझी ने उठाया था। उनके पिता विजय मांझी लिट्टीपाड़ा के मांझी थे। किसी भी आंदोलन की शुरूआती घटना बहुत साधारण मालूम पड़ती है मगर वर्षो से दबे अन्य कारण तात्कालिक छोटे से कारण से ही दावानल की तरह विस्तार पा जाता है। संथाल हूल भी इससे अलग नहीं है। विद्रोह की पहली चिंगारी 'लीटीपारा' से भड़की थी। केना राम भगत आम्रपाड़ा के साहूकार और व्यापारी था । लिट्टीपाड़ा के ही मांझी विजय ने उससे कुछ कर्ज लिया हुआ था । ऋण तो ऋण था चुकता कहाँ , लाख चुकाने पर भी बढ़ता जा रहा था। इसी सन्दर्भ में एक झूठा केस केना राम भगत ने विजय मांझी पर कर दिया।जब जंगीपुर के मुंसिफ का चपरासी कुर्की का वारंट तामील कराने बिजय मांझी के यहाँ गया तो बिजय मांझी ने उसको थप्पड़ मार दिया। अब बात बढ़ गई। साहूकार केना राम भगत के सिफारिस पर बरहेट के दरोगा महेश दत्त ने विजय मांझी को गिरफ्तार कर लिया। बिजय मांझी को बिना किसी मुकदमे के भागलपुर जेल भेज दिया गया, जहां धीरे-धीरे उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से उनका पुत्र सिंगराई ने बदले की आग में विद्रोह का झंडा उठा लिया । उन्होंने एक ब्रिटिश रेलवे अधिकारी मिस्टर थॉमस के पत्नी और बहन की हत्या कर दी। ब्रिटिश अधिकारी सिंगराई को ढूंढ़ने लगे उसे घने जंगल में गिरफ्तार कर लिया गया। एक झूठा मुकदमा चला कर अंततः सिंगराई माझी को बरहेट बाजार में फांसी दे दी गई।





इतिहासकारो ने सिदो मांझी पर जितना ध्यान केंद्रित किया उतना ही अनदेखा संथाल हूल के पहले नायक के साथ किया। फिर भी इतिहास के झरोखे में इनकी झलक दिख ही जाती है ,जरूरत है इन्हें और इनके बलिदान को उजागर करने ,सम्मान देने और धरोहरी के रूप में संजोने की।

(घुमकुड़िया संस्थान रांची)

## स्पीड न्यूज

### कुजू गुरुद्वारा के प्रधान के घर चोरी



कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के कुंदरिया बांध स्थित कुजू गुरुद्वारा के प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा के आवास में मंगलवार देर शाम चोरों ने आभूषण सहित नगदी की चोरी कर ली। घटना की सूचना पाकर पहुंचे पुलिस ने आवास में जांच की। जानकारी के अनुसार अरविंदर सिंह बग्गा अपने परिवार के सदस्यो के साथ मंगलवार की शाम 5 बजे से श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के प्रकाशोत्सव को लेकर निकाले गए शोभा यात्रा में शामिल थे। इसी बीच चोरों ने मौके का फायदा उठाकर घर में प्रवेश किया, और चोरी की घटना को अंजाम दिया। इधर शोभायात्रा समाप्त होने कर बाद जब परिजन अपने आवास पहुंचे तो देखा कि ताला काटा हुआ है। साथ ही छानबीन करने पर पता चला कि अलमीरा में रखे सोने व चांदी के आभूषण सहित नगदी गायब है। इस संबंध में भुक्त भोगी अरविंदर सिंह बग्गा ने जानकारी देते हुए बताया कि चोरी गए आभूषण की कीमत करीब 7 लाख व नगदी 29 हजार रुपए की चोरी हुई है। उन्होंने पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

### वैश्य मोर्चा की प्रशिक्षण शिविर 18 को



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा के जवाहर नगर स्थित कार्यालय में बुधवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रमुख सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुकेशलाल सिंदूरिया एवं संचालन महासचिव भुनेश्वर साव ने किया। बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु एवं केंद्रीय महासचिव आदित्य नारायण प्रसादउपस्थित थे। बैठक में 18 जनवरी को पतरातू डैम में होने वाले प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। स्थान चयन एवं नौकायन की जवाबदेही आदित्य नारायण प्रसाद देखेंगे। झंडा लगाने का कार्य मुकेशलाल सिंदूरिया, भुनेश्वर साव एवं देवकुमार पंडित के जिम्मे रहेगा। महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य समाज की हितों की रक्षा एवं अधिकार के लिए आगे की लड़ाई बड़ी है। इसलिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पारिवारिक मिलन समारोह इसलिए किया जा रहा है कि एक-दूसरे से मेलजोल बढ़े और मजबूत ताकत बनाया जा सके। बैठक में मुख्य रूप से उपेन्द्र गुप्ता, श्रीनिवास अग्रवाल, अशोक साव, जीवन गुप्ता, गीता देवी, राजकुमार साव आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान



भुरकुंडा (रामगढ़)। भाजपा भुरकुंडा मंडल ने बुधवार को ट्रैक्टर स्टैंड और आसपास के दुकानदारों के बीच सदस्यता अभियान चलाया । मंडल के प्रभारी एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर करमाली के नेतृत्व में आयोजित अभियान के दौरान दर्जनों दुकानदार, वाहन चालक एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों ने भाजपा की सदस्यता लिया। अभियान को सफल बनाने में भाजपा के जिला सहसंयोजक संजीव कुमार बावला, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, मंडल संयोजक सह जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, विनोद कुमार, मंटू सिंह, मुकेश कुमार, मुकेश बेदिया, सहित दर्जनों भाजपाई जुटे हैं।

### एससी-एसटी व ओबीसी कर्मी की बैठक



भुरकुंडा (रामगढ़)। एससी/एसटी/ओबीसी इंपलाई को-ऑर्डिनेशन काउंसिल द्वारा बुधवार को भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी एवं कार्मिक प्रबंधक परिचय मीटिंग का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम काउंसिल द्वारा भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी और कार्मिक प्रबंधक भंडारी जी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात बैठक में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया। बैठक के दौरान परियोजना के विभिन्न समस्याओं को लेकर निम्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें आरक्षण प्रमोशन रोस्टर, काउंसिल के लिए भुरकुंडा परियोजना में एक कार्यालय का आवंटन, बहुत लंबे समय से कैटिगरी 1 और एक ही पद पर कार्यरत लोगों के लिए समय से प्रमोशन आदि बिंदुओं पर चर्चा किया गया। काउंसिल की मांगों पर भुरकुंडा पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में भुरकुंडा शाखा सचिव रामानुज पासवान, अध्यक्ष बसंत कुमार बासपत, कोषाध्यक्ष रामदेव महतो, मीडिया प्रभारी अशोक चौहान, शशि रंजन पासवान, रंजीत एक्का, गोपाल, राजेंद्र, विजय राम, जग्गू घांसी, सेवक मोची, ईश्वरी महतो, प्रयाग महतो आदि मौजूद थे।

### प्रणीत टॉवर में युवक ने की आत्महत्या

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के रांची रोड स्थित प्रणीत टावर एक फ्लैट के 7 वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीय एक युवक ने आत्महत्या की। घटना की सूचना मिलते ही कुजू पुलिस पहुंचकर शव को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार धनबाद गोविंदपुर निवासी उज्जवल रंजन (25 वर्ष) पिता प्रकाश रंजन मंगलवार को प्रणीत टावर अपने रिश्तेदार के यहां आया था। इस बीच मंगलवार की रात्रि अचानक उज्जवल टावर के 7वीं मंजिल से कूदकर जान दे दिया। इधर उसके परिजनों ने बताया कि उज्जवल रांची में रहकर पढ़ाई करता था। उज्जवल कुछ बात को लेकर डिप्रेशन में थे।

### बीटीटीआइ भुरकुंडा में तकनीकि प्रदर्शनी



भुरकुंडा (रामगढ़)। सीसीएल बीटीटीआई के आईटीआई में बुधवार को तकनीकि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2023-25 और 2024-26 के छात्रों ने आधुनिक तकनीक में ऊर्जा संरक्षण पर लगभग 30 तरह के मॉडलो का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये मॉडलो का कर्यक्रम के मुख्य अतिथि के रामा कृष्णा जीएम (एचआरडी) हेडक्वाटर रांची सहित मनीष कुमार मैनेजर (ईएंडएम) हेड क्वाटर रांची, सीएसपी सिंह मैनेजर माईनिंग, आजाद कुमार (एसओ) (इएंडटी) बरका-सयाल, अंकुर विश्वनाथ प्रोजेक्ट इंजिनियर भुरकुण्डा, मो. अजहर खान पीओ, रमेश कुमार ने अवलोकन कर बच्चों की जमकर सराहना की।

# पांडेय गिरोह गैंगवार में निशि पांडेय और निशांत गिरफ्तार

## भरत और दीपक की हत्या मामले में गैंगस्टर की पत्नी और साला को पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



चैनपुर (पलामू) । पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के गरदा गांव में रविवार की रात अपराधियों की अंधाधुंध गोलीबारी में मारे गए पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत सिंह उर्फ भरत पांडेय और दीपक साव उर्फ ढुल्ला की हत्या के मास्टर माइंड गैंगस्टर किशोर पांडे की पत्नी निशि पांडेय एवं साले निशांत सिंह को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों को रामगढ से गिरफ्तार करके मेदिनीनगर लाया गया एवं जेल भेजने से पहले एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच करायी गयी।

इसके बाद दोनों को जेल भेज दिया गया। कोर्ट में पेशी एवं मेडिकल जांच के दौरान बड़ी संख्या में जवानों को तैनात किया गया था। अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान तैनात थे। गैंगस्टर भरत पांडेय एवं दीपक साव हत्याकांड में रामगढ़ की निशि पांडेय एवं निशांत सिंह नामजद आरोपित हैं। हत्याकांड में शामिल शूटरों की तलाश में पुलिस कई इलाकों में छापेमारी कर रही है। उल्लेखनीय है कि पांडेय गिरोह के दो अपराधियों भरत और दीपक की हत्या की साजिश हजारीबाग जेल में बंद विकास तिवारी ने रची थी। विकास तिवारी भोला पांडेय-किशोर पांडेय गिरोह से ताल्लुक रखने वाला है। फिलहाल यह गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की हत्या के जुर्म में हजारीबाग जेल में आजीवन सजा काट रहा है। इसने ही दोनों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए गुर्गे भेज हत्या करा दी। विकास पांडेय को भोला पांडेय गिरोह का सरगना भी माना जाता है। वह भोला पांडे का भांजा है। पहले भोला पांडे और फिर किशोर पांडे की हत्या के बाद गिरोह का संचालन विकास तिवारी ही कर रहा था। विकास तिवारी रामगढ़ के पतरातू का रहने वाला है।

इस गैंगवार की जांच करते हुए पलामू पुलिस की एसआईटी ने रामगढ़ पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने पतरातू के स्टीम कॉलोनी स्थित आवास से गैंगस्टर किशोर पांडेय की पत्नी निशि पांडेय और उसके भाई निशांत सिंह को गिरफ्तार किया है। गैंगस्टर किशोर पांडेय की पत्नी निशि पांडेय वर्तमान में कोयला यूनियन जनता मजदूर संघ की केंद्रीय उपाध्यक्ष भी है।

# अवैध मुहानों को बंद करें

## पूरे जिले में संचालित क्रेशर की होगी जांच : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़। रामगढ़ जिले में कोयला तस्करी और अवैध कारोबार पूरी तरीके से बंद होगा। बुधवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने इस मामले पर गंभीरता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं एसपी अजय कुमार की उपस्थिति में बैठक में पूर्व में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी ली गई।

इस क्रम में उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने की सूचना प्राप्त हो तो त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद करें। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर्स को कार्य करने को कहा। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान के दौरान जप्त किए गए खनिज का नियमानुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए।

**छह बालू घाटों का जल्द शुरू हो संचालन:** बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा रामगढ़ जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चिन्हित छह बालू घाटों के संबंध में जानकारी दी गई। जिस पर उपायुक्त द्वारा सभी प्रक्रियाएं जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए बालू घाटों का नियमित संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त के द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अन्य बालू घाटों को भी चिन्हित कर उनकी बंदोबस्ती हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में निर्देश दिए गए।

### रसोइया संयोजिका की मांग विधानसभी में उठायेंगे : मनोज यादव

बरही। झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की बैठक प्रखंड परिसर में प्रखंड अध्यक्ष पूनम राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बरही के विधायक मनोज कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रखंड अध्यक्ष पूनम राणा ने सभी रसोइया और सहायिकाओं की समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से रसोइया स्कूलों में सेवाएं दे रही हैं, लेकिन उन्हें मात्र 2,000 रुपये मासिक मानदेय मिलता है। उन्होंने कहा कि यह राशि अत्यंत कम है, जबकि दैनिक मजदूरी की दर 400 रुपये है। पूनम राणा ने मुख्यमंत्री से अपील की कि हटाए गए रसोइयों को फिर से बहाल किया जाए मनोज यादव ने रसोइया सह संयोजिका की मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि रसोइया और सहायिकाएं स्कूलों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# अनजान व्यक्ति का नहीं उठाये वीडियो कॉल

- साइबर कार्यशाला में प्राचार्य ने साझा किये अपने अनुभव
- ठगी के बाद पैसा हो जाए फ्रीज तो कोर्ट जाकर कराए रिलीज : दीपक कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग । साइबर जागरुकता के दूसरे दिन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय जिला स्कूल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत और साइबर थाना के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में साइबर थाना के पदाधिकारी और ग्राहक पंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता को पुष्प गुच्छ देकर प्राचार्य निकीता कुमारी ने किया। गणित शिक्षक गिरिश कुमार रजक ने मंच का संचालन किया। विषय प्रवेश कराते हुए जिला सचिव बब्लु कुमार ने ग्राहक पंचायत का कार्य और उद्देश्य से अवगत कराते हुए साइबर के मकड़ जाल में फंस रहे युवा वर्ग की जानकारी दी। बताया कि ग्राहक पूरा विश्व है जन्म लेने से मरण दिवस तक ग्राहक की उपयोगिता रहती है। ग्राहक पंचायत ग्राहको की पंचायत करती है और ठगी होने पर ग्रहकों का मार्गदर्शन भी करती है। साइबर थाना के विशेषज्ञ दारोगा सुजीत कुमार ने साइबर पर बोलते हुए कहा कि इंस्टाग्राम और फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजकर लोग अपनी दोस्तों की सूची बढ़ा रहे है। फॉलोवर्स बढ़ा रहे है, परंतु यह आपको भारी पड़ सकता है और अनजान व्यक्ति से दोस्ती बढ़ाना, फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजना आपको कंगाल बना सकता है। हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों से आने वाले थानों में आवेदन का जिक्र करते हुए ठगी के प्रकार की जानकारी दी। एपीके, केपीके नाम के तरह आने वाले अनजान लिंक और व्हाटसएप वीडियो कॉल के प्रति जागरुक किया। एटीएम के माध्यम से होने वो फ्रॉड की जानकारी भी साझा की। बताया कि ठग आज उन एटीएम में ग्राहकों को अपना शिकार बना रहे है, जहां सुरक्षाकर्मी नहीं होते है। बताया कि जब भी पैसा निकाले यह सुनिश्चित करे की आपके पीछे कोई आपकी गतिविधि तो नोट नहीं कर रहा। या फिर आपके द्वारा डाली जाने वाली पीन तो नहीं देख रहा है। सुरक्षा गार्ड के अलावा अन्य किसी से सहायता नहीं लेने की अपील की और कहा कि समस्या होने पर तुरंत 112, या 100 नंबर को इसकी सूचना दे। साइबर विशेषज्ञ सह दारोगा दीपक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा की ठगी होने के अगर 24 घंटा के भीतर सूचना देकर कार्रवाई की जाए तो शायद आपका पैसा बच सकता है। पैसा फ्रीज हो जाए तो पुलिस के भरोसा छोड़ना नहीं है बल्कि कोर्ट जाकर पैसा को विधिवित रिलीज कराना होता है। बताया कि साइबर सेल में आनलाईन, आंफलाईनन के साथ साथ टोल फ्री नंबर 1930 के माध्यम से भी शिकायत दर्ज कराया जा सकता है।

# रामगढ़ जिले में कई निजी स्कूल खुले मिले

**गोला में बच्चों के मौत के बाद भी लिटिल फ्लावर मांटेसरी स्कूल में चल रहा था क्लास**

रामगढ़। जिले में लगातार ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। ठंड से बच्चों को परेशानी नही हो इसी को ध्यान में रखकर राज्य सरकार ने 13 जनवरी तक केजी से 8वीं तक की कक्षाएं बंद करने का आदेश दिया है। बावजूद इसके रामगढ़ जिले में कई निजी स्कूलों को प्रबंधकों द्वारा चलाया जा रहा है। इसी दौरान बुधवार को गोला के मठवाटांड़ में गुडविल मिशन स्कूल के बच्चों को ले जा रहा ऑटो ट्रक की चपेट में आ गया। जिसमें 3 मासूम बच्चों सहित 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।

गोला के मठवाटांड़ में घटी घटना के बाद हमारे संवाददाता ने किया पड़ताल, कई स्कूल मिल खेल, बच्चों को हो रहे परेशानी। गोला के मठवाटांड़ में बुधवार को हुई दुर्घटना के बाद हमारे संवाददाता शहर में स्कूलों की स्थिति का पड़ताल करने निकले। जिसमें कई स्कूल खुले मिले। संवाददाता को पड़ताल के क्रम में शहर के गोलपार स्थित लिटिल फ्लावर मांटेसरी स्कूल खुला मिला।

जब संवाददाता ने स्कूल की संचालिका से बातचीत किया और उन्हें बताया कि जब राज्य सरकार ने 13 जनवरी तक ठंड को ध्शन में रखकर 8वीं तक की कक्षाएं बंद रखने का आदेश दिया है तो आप क्योंकि स्कूल चला रही हैं। इसपर संचालिका ने कहा कि हम बच्चों के दुश्मन नही है। संचालिका ने कहा कि हम चाहते हैं कि बच्चे कम से कम 2 घंटा तक क्लास में पहुंचे और पढ़ाई करें। जब संवादाता ने ठंड से बच्चों को हो रही परेशानी के बारे में पूछा तब वह बचने का प्रयास करती नजर आई।

# पुलिस व सीसीएल ने बंद किया अवैध मुहाना

- सिर्फ खानापूर्ति के लिये चलाया जा रहा अभियान, कई फैक्ट्रियों में गिर रहा है अवैध कोयला

खबर मन्त्र संवाददाता



कुजू। कुजू पुलिस, क्षेत्रीय सुरक्षा गश्ती दल और तोपा परियोजना के सुरक्षा कर्मियों के द्वारा अवैध कोयला उत्खनन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान तोपा परियोजना अंतर्गत दूधमटिया सब स्टेशन के पीछे एक अवैध कोयला उत्खनन मुहाना को बंद कराया गया। अभियान में कुजू ओपी प्रभारी मोहम्मद नौशाद, सीसीएल कुजू क्षेत्रीय गश्ती दल से हेमंत कुमार सिंह, मुकेश कुमार, अजय कुमार, बिट्टू सिंह, रॉकेट मुर्मू, चंद्रप्रकाश मुर्मू तथा तोपा परियोजना के सुरक्षा प्रभारी शंकर राम और शिव शंकर, नागेश्वर मुंडा आदि शामिल थे। सिर्फ खानापूर्ति के लिये चलाया जा रहा है अभियान। एक तरफ अवैध कोयला चोरी के रोकथाम को लेकर सीसीएल सुरक्षा विभाग व पुलिस मिलकर अवैध मुहानों को बंद करा रहे है। वही दूसरी ओर कोयला चोर उन्ही के मदद से अन्य परियोजनाओं में बने ऐसे कई अवैध मुहानों से कोयला चोरी कर मालामाल हो रहे है। इसके बाद जब सवाल उठने लगते है तो इस तरह के एक-दो मुहानों को बंद कर खानापूर्ति किया जाता है। कुजू ओपी क्षेत्र में ऐसे कई ऐसे स्पंज प्लांट है जहां पर रात के अंधेरे हाइवा के माध्यम से कोयला लिया जा रहा है। ये सभी कोयला जिले के रजरप्पा, चितरपुर, घाटो, करमा सहित अन्य स्थानों से कोयला तस्कर बंद पड़े मुहानों से कोयला निकाल फैक्ट्रियों तक पहुंचा रहे है। वही फैक्ट्री के नामचीन लोग भी इसमें शामिल है।

## एक नजर में

### एनटीपीसी एनएमएल ने बांटा कंबल



बड़कागांव। एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट ने ग्राम लाकुरा में बिरहोर समुदाय के 20 जरूरतमंद परिवारों को कंबल दिया। कंबल वितरण , परियोजना की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में समर्पण को दर्शाता है। वितरण समारोह में स्थानीय अधिकारी और एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चरही के यूपी मोड़ में शुरू हुआ कार्य

हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने बीते दिनों लोकसभा सत्र के क्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव जी एवं अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तीन प्रमुख ब्लैक स्पॉट की जानकारी दी थी और तत्काल इन ब्लैक स्पॉट पर कार्य करने का आग्रह किया था । सांसद मनीष जायसवाल के पहल और संबंधित विभाग के केंद्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी तक इस मामले के पहुंचते ही इस पर पहल शुरू हो गया। चरही के यूपी मोड़ में युद्धस्तर पर काम चल रहा है। यह कार्य टेंपरेरी है लेकिन इससे निश्चित रूप से यहां सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी । सांसद मनीष जायसवाल ने खुद त्वरित पहल होने पर खुशी जताई और कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से संबंधित हर छोटी बड़ी समस्याओं के निदान हेतु हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा ।

### रोड पर गंदे पानी बहाने पर होगी कार्रवाई: राजेंद्र



विष्णुगढ़। गोल्होवार पंचायत के अंतर्गत बुधवार को विभिन्न गांवों के गली मोहल्ले टोलों में गंदे पानी बहाव को लेकर 40+ गाल्होवार के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिससे आजसू नेता राजेंद्र मंडल, उप मुखिया इरफान अंसारी, अध्यक्ष मो साजिद हुसैन, सचिव नेमचंद महतो कोषाध्यक्ष डेगलाल महतो, चेतलाल मंडल के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। अभियान की शुरूआत गाल्होवार उच्च विद्यालय फुटबॉल मैदान से रजक टोला, मेन चौक बरनवाल टोला, ठाकुर मोहल्ला, मुस्लिम टोला, केंदुवाडीह बस्ती, बरवड़ा चौक, अंबेडकर बस्ती, तरवाटांड से होते हुए सिमरबेड़ा खरकी पंचायत, टंडवा आदि गांवों के गली मोहल्ले टोलों में बाइक रैली निकाल कर गंदे पानी रोड़ में न बहाए स्वच्छता अभियान के तहत नारे लगाकर जैसे इंकलाब जिंदाबाद, 40+ जिंदाबाद, रोड़ में पानी बहाना बंद करे बंद करे, रोड में पानी बहाने वाले को चिन्हित करें, अपने -अपने गली मोहल्ले टोलों को साफ और स्वच्छ रखें, स्वच्छता का पालन करें देश को आगे बढ़ायें, हम सब का यही सपना स्वच्छ भारत हो अपना इस प्रकार लोगों को जागरूक किया गया। आजसू नेता राजेंद्र मंडल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति गंदा पानी रोड में बहते हैं तो उसे पर सख्त कार्रवाई होगी। मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य को पत्र दी गई है। इसके बाद नहीं माने जाने पर उच्च अधिकारी को पत्र देंगे।

### दारू प्रखंड में जरूरतमंदों को मिला कंबल

दारू। ग्राम पिपचो के मल्हार टोला में ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से सहायक समाहर्ता-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी लोकेश बारंगे (भाप्रसे) ने जरूरतमंदों के बीच 13 कंबलों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी सफीक खान, दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार मौजूद रहे। इस पहल से ठंड के प्रकोप से प्रभावित गरीब और असहाय लोगों को काफी राहत मिली। इस कार्यक्रम में पंचायत सचिव शिखा कुमारी, वार्ड सदस्य संदीप कुमार, सुरेश साव, सुधीर सिंह, विजय राम, बबीता देवी, आशा देवी, चिंता देवी, सरिता देवी, नीरू देवी एवं संजू देवी ने सक्रिय भागीदारी निभाई।मुखिया ने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना पंचायत का कर्तव्य है, और इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रहेंगे।

### विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बने अशोक सिंह

बरही। राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खेरौन में विद्यालय प्रबंधन समिति के तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद नई समिति का गठन किया गया। इस प्रक्रिया में ग्रामवासियों, माता पिता और अभिभावकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सदस्यों का चयन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव ने की, जबकि पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी श्याम नारायण सिंह ने देखरेख की। इस पुनर्गठन में कुल 12 सदस्यों का चयन किया गया। अशोक सिंह को अध्यक्ष, नीतू देवी को उपाध्यक्ष और रंजू देवी को संयोजिका बनाया गया। अन्य सदस्यों में ममता देवी, सरिता देवी, उमेश सिंह, पूर्णिमा देवी, गुड़िया देवी, मनिका देवी, लक्ष्मण भुइयां, खुशबू देवी और गोपाल कुमार साव शामिल हैं। शिक्षकों में बहादुर मिस्त्री को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया। संयोजक के रूप में प्रधानाध्यापक तुलसी कुमार दास ने जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 200 ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से इन सदस्यों का चयन किया। चयन प्रक्रिया के बाद सभी सदस्यों को गोपनीयता और सदस्यता की शपथ दिलाई गई। साथ ही उन्हें उनके कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। मुखिया प्रतिनिधि विश्वेश्वर यादव ने कहा कि विद्यालय के विकास और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ग्रामवासियों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में समाजसेवी भोला सिंह, शंभू सिंह, प्रकाश सिंह, प्रद्युमन सिंह, उमेश सिंह, प्रदीप सिंह, गोपाल साहू, शंकर सिंह, लोकेश सिंह, डॉ. सत्येंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, रणजीत सिंह, पवन सिंह, देवेंद्र सिंह, अरुण सिंह, देवांति देवी, बालो देवी, पूनम देवी, और अन्य प्रमुख ग्रामीण शामिल थे।

### उपमुखिया रोहित यादव ने किया कंबल का वितरण

बरही। शीतलहरी को देखते हुए उपमुखिया रोहित यादव ने अपने वार्ड क्षेत्र में कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना अत्यंत महत्वाकांक्षी है, लेकिन हर वार्ड और गांव में और भी अधिक संख्या में कंबल वितरित किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कंबल की गुणवत्ता बेहतर होनी चाहिए, ताकि लोग ठंड से पूरी तरह सुरक्षित रह सकें। साथ ही, रोहित यादव ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से और कंबल मुहैया कराने की अपील की, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सके।

### उमरा पर रवाना हुए खलीला और कुलशुम

बरही। बरही प्रखंड के गरजामो गांव से जनाब खलील साहब, उनकी पत्नी कुलशुम खातून और जनाब वाली मोहम्मद मक्का-मदीना की उमरा यात्रा पर रवाना हुए। इस पवित्र यात्रा पर निकलने से पहले गांव में एक भावुक और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। सैकड़ों ग्रामीण उमरा यात्रियों को विदाई देने के लिए इकट्ठा हुए। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम मंसूर आलम, जलील साहब, गुलाम अजहर, फारूक अंसारी, मकसूद अंसारी, महमूद अंसारी और मंजूर आलम सहित कई प्रमुख ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से यात्रियों का स्वागत किया। विदाई के दौरान गांव के लोग भावुक नजर आए, और पूरे माहौल में एकता और सौहार्द्र की भावना बनी रही। इस मौके पर मो कयूम ने कहा कि यह हमारे गांव के लिए गर्व का क्षण है कि हमारे लोग पवित्र उमरा यात्रा के लिए जा रहे हैं। हम अल्लाह से दुआ करते हैं कि उनकी यह यात्रा सफल और फलदायी हो। उन्होंने सभी से मिलजुल कर रहने और धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने उमरा पर जा रहे परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और उनके लिए सलामती की दुआ की।

स्पीड न्यूज

### शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के आमरण अनशन में शामिल होंगे जेजे कॉलेज कर्मी

**कोडरमा।** झारखंड राज्य विश्विद्यालय महाविद्यालय शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर 9 जनवरी को आयोजित आमरण अनशन में जेजे कॉलेज के कर्मचारी शामिल होंगे। वहीं महासंघ के प्रवक्ता रितेश माधव ने कहा कि राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा एसीपी/एमएसीपी समेत अन्य लम्बित मांगों को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन का आह्वान किया है एवं 9 जनवरी से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन किया जाएगा। उक्त आंदोलन में जेजे कॉलेज के सभी शिक्षकेतर कर्मी शामिल होंगे।

### झारखंड पब्लिक स्कूल इन्दरवा ने डीएवी को 7 विकेट से हराया



**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर विद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को झारखंड पब्लिक स्कूल इन्दरवा बनाम डीएवी झुमरीतिलैया के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर झारखंड पब्लिक स्कूल इन्दरवा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वहीं बल्लेबाजी करने उतरी डीएवी की टीम ने 30 ओवर में कुमार अंश के 41 रन व तन्मय कुमार के 35 रनों की बदौलत 143 रन 9 विकेट के नुकसान पर एक विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी झारखंड पब्लिक स्कूल इन्दरवा के मो फ़रहान अली 47 रन व प्रिन्स कुमार 45 रन नबाद रहे और केवल 22.2 ओवरों में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। मैच में अपने बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रिन्स कुमार को मैन ऑफ-द मैच से नवाजा गया। वहीं स्कुल की जीत पर प्राचार्य अब्दुल रहमान, खेल प्रशिक्षक राजु रंजन सिन्हा, उप प्राचार्य रामलाल दास, नीरज कुमार, मुकेश प्रसाद, मो.दानिश, गौरी शंकर, विकाश कुमार, मुन्ना स्वर्णकार, अमित कुमार, उमेश दास, मो. मोइनउद्दीन, सुरज कुमार, साजदा बानो, नीलु मुस्कान, सिफ़त आरा, खुशबू, नन्दिनी, अस्मिता, तायबा, शीतल, युवराज सहित शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं दी।

### पेंशनर समाज की बैठक में कई प्रस्ताव हुए पारित

**कोडरमा।** पेंशन समाज की बैठक जिला अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को सम्पन्न हुई। बैठक में कई प्रस्ताव लिए गए। वहीं जिले के सभी पेंशन भोगियों को नए साल की शुभकामनाएं दी गई। माध्यमिक विद्यालय के सेवा निवृत्त व कार्यरत शिक्षकों का प्रवरण वेतनमान का मामला कई सालों से लंबित है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी से कई बार संपर्क किया गया पर अभी तक उपलब्धि नहीं हुई है। उपायुक्त एवं डीईओ से मांग की गई कि अविलंब कार्यवायी करते हुए संबंधित शिक्षकों को लाभ दिया जाए। पेंशन भोगी शंभू नाथ मेहता जो पेंशनर समाज के वरीय सदस्य हैं, उन्हें उनके आवास पर जाकर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। गत 23 दिसंबर को आयोजित पेंशनर्स दिवस सह सम्मान समारोह जिसमें मुख्य अतिथि विधायक डॉ. नीरा यादव ने पेंशनर समाज कार्यालय को ग्रिल से घेरा करने के लिए विधायक मद से कार्य संपन्न कराने का आश्वासन दिया। इसके लिए पेंशनर समाज कोडरमा द्वारा उनकी सराहना की गई। वहीं प्रस्ताव पारित कर कहा गया कि प्राय: बैंकों में पेंशनभोगी तथा वरिष्ठ नागरिकों को बैंक से लेनदेन करने में असुविधा होती है। स्थानांतरित बैंक कर्मियों के स्थान पर पदस्थापन नहीं किया जाता है, इसलिए बैंकों के उच्च अधिकारी से मांग की गई कि स्थानांतरित बैंक कर्मी के स्थान पर अविलंब कर्मी बैंक में पदस्थापित किया जाए। अंत में दिवंगत पेंशन भोगी ऋषिराज कुमार, मुनेश्वर प्रसाद सिंह और सीताराम रमेश की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रखा गया। मौके पर सुभाष शर्मा, सहदेव प्रसाद यादव, मथुरा प्रसाद चौधरी, नरेश झा, उमाशंकर प्रसाद, नागेश्वर सिंह, यदुनन्दन प्रसाद, महेश्वर पांडे, सीता प्रसाद, रामनरेश चौधरी, सिद्धेश्वर प्रसाद आदि मौजूद थे।

## टोल वसूली के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी

# मांगों को लेकर अडिग हैं धरना पर बैठे लोग

- **तीसरे दिन भी टोल प्लाजा के प्रबंधन एवं जिला के वरीय पदाधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मदनगुंडी स्थित नवनिर्मित टोल प्लाजा के समीप मदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष समिति के तत्वावधान में स्थानीय वाहनों से टोल वसूली के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। हालांकि तीसरे दिन भी टोल प्लाजा के प्रबंधन एवं जिला के वरीय पदाधिकारी धरना स्थल पर नहीं पहुंचे। वहीं मदनगुंडी टोल प्लाजा संघर्ष समिति के अध्यक्ष महादेव राम एवं संयोजक कृष्णा यादव ने उपायुक्त को मांगों को लेकर पत्र लिखा है। धरना पर बैठे स्थानीय लोग अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं। लोग सुबह से लेकर ठंड भरी रात्रि विश्राम तक काफी जोश और जुनून के साथ डटे हुए हैं।

हालांकि देर शाम डीएसपी रतिभान सिंह एवं थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार धरना पर बैठे लोगों से औपचारिक मुलाकात की। वहीं धरना पर बैठे लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है, जिससे लोगों का आत्मविश्वास व मनोबल बढ़ रहा है। कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधि शारीरिक सहयोग के साथ-साथ आर्थिक सहयोग भी कर रहे हैं। जिससे धरना पर बैठे लोगों को किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो। बढ़ते ठंड को देखते हुए धरनास्थल पर अलाव की भी व्यवस्था की गई है, मगर इस कड़ाके की ठंड में धरना के तीसरे दिन जिला प्रशासन ने कल सुधि तक लेने नहीं आई है।

विदित हो कि लोगों ने टोल प्लाजा के द्वारा स्थानीय वाहनों से टोल वसूली के खिलाफ 6 जनवरी से अनिश्चितकालीन धरना की शुरुआत की है।

मौके पर पूर्व विधायक जानकी यादव, महेंद्र यादव, श्यामदेव यादव, मंजू देवी, कृष्णा यादव, अरविंद यादव, अज्जू सिंह, मनोज सहाय पिंकू, रविशंकर यादव, सुरेश यादव, भुनेश्वर यादव, छोटू गोप, रघु गोप, अरशद खान, बीरेंद्र पासवान, मो. अनवर, राजकुमार यादव, रामकुमार, सुरेन्द्र भाई मोदी, टिंकू बर्णवाल, प्रमोद सोनी, बबलू यादव, महेश रजक, अरुण यादव, रामदेव यादव, रामप्रसाद यादव, भवानी रजक, दिलीप राणा, दौलत यादव, कृष्णा यादव, बलदेव यादव, लक्ष्मण यादव, प्रवीण यादव आदि मौजूद थे।

**प्रमुख मांगें**

स्थानीय वाहनों व्यवसायिक, स्कूल बस, कैम्पर, ट्रक आदि टोल से मुक्त हो, टोल प्लाजा में जरूरत के कर्मी योग्यता के आधार पर 75 प्रतिशत स्थानीय हो, संपूर्ण जिले व बरही अनुमंडल के सभी निजी वाहनों को टोल मुक्त किया जाये।

## जॉय फुल लर्निंग फोर प्री-प्राइमरी स्कूल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में जॉय फुल लर्निंग फोर प्री-प्राइमरी स्कूल पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डायट प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार के द्वारा आंगनबाड़ी में बच्चों को एक खुशनुमा एवं स्वस्थ्य वातावरण में देखभाल हेतु एवं सीखने-सिखाने की जानकारी दी गई। वहीं नोडल प्रशिक्षक राजेंद्र कुमार के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने केंद्र में आने वाले सभी अबोध बालकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के बारे में बताया गया। साथ ही आंगनबाड़ी सेविकाओं को विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों द्वारा एवं जिले में चल रहे प्रोजेक्ट इम्पैक्ट पर विस्तृत जानकारी प्रदान कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा विभिन्न तरह के चार्ट, मॉडल एवं खेल गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार, संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार एवं प्रदीप कुमार यादव द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। मौके पर कोडरमा एवं चंदवारा प्रखंड के 210 आंगनबाड़ी सेविका, प्रतिभागी के रूप में उपस्थित हुए। वहीं मास्टर प्रशिक्षक के रूप में शशि देवी, अनिल भूषण, महादेव यादव, पीयूष पाणी, अशोक कुमार गुप्ता, गंगाधर प्रसाद दास एवं प्रखंड साधन सेवी निरंजन कुमार, बालेश्वर रिकयासन, प्रवीण कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## वैवाहिक व चेक बाउंस निष्पादन को लेकर विशेष लोक अदालत 22 फरवरी को

- **पीडीजे ने पदाधिकारियों को चिन्हित करते हुए उनके पक्षकारों को नोटिस भेज कर सूचित करने के दिये निर्देश**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी 2025 को आयोजित वैवाहिक एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत को सफल बनाने को लेकर आज प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में विशेष लोक अदालत से सम्बंधित न्यायिक पदाधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के कुशल मार्ग दर्शन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी ने की।

बैठक में प्रधान जिला जज ने बताया कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश पर आगामी 22 फरवरी 2025 को आयोजित वैवाहिक एवं चेक बाउंस से संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने-अपने न्यायालय में लंबित वादों को विशेष लोक अदालत में निष्पादित करने को लेकर चिन्हित करते हुए उनके पक्षकारों को नोटिस भेज कर सूचित करें तथा उनके मामलों का त्वरित गति से निष्पादन करें, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके।

मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित कुमार वैश, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, जिला विधिक सेवा प्राकिार के सचिव गौतम कुमार, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कंचन टोप्पो, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिवांगी प्रिया, नमिता मिंज, ज्योत्सना पाण्डेय, रणजीत कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज प्रयागराज के लिए हुए रवाना

- **कोडरमा समेत राज्यवासियों को दिया महाकुंभ मेला में शामिल होने का निमंत्रण**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में 10 जनवरी से शुरू हो रहे विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ मेला में शामिल होने ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर श्री सुखदेव दास जी महाराज बुधवार को अपने दर्जनों भक्तों के प्रयागराज के लिए रवाना हुए, इसके पूर्व स्थानीय लोगों ने सुखदेव दास जी महाराज का स्वागत कर पूरे भक्ति भाव से वाहन में सवार किया। महामंडलेश्वर श्री दास ने कोडरमा के अलावे पूरे राज्य के सनातनियों और भक्तों से अपील करते हुए कहा कि पूर्ण कुम्भ 12 वर्षों के बाद आता है, इस बार महाकुंभ मेले का आयोजन प्रयागराज में काफी भव्य तरीके से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत समेत दुनियाभर से सनातन धर्म के लोग करोड़ों की संख्या में शामिल होंगे, इस पुनीत अवसर पर आपसभी सादर आमंत्रित है। वहीं बाबा ने राज्य के लोगों ने उक्त मेले में बड़ी से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील किया है। उन्होंने बताया की महाकुम्भ मेला में प्रथम अमृत स्नान 14 जनवरी को जबकि माघ मौनी अमावस्या 29 जनवरी को द्वितीय अमृत स्नान और 3 फरवरी को तृतीय अमृत स्नान का कार्यक्रम है, उन्होंने कोडरमा समेत राज्य के श्रद्धालुओं और भक्तजनों को अधिक से अधिक संख्या में प्रयागराज कुम्भ में स्नान करने और पुण्य का भागी बन अपने जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

मौके पर मनोज कुमार झुन्नू, यमुना यादव, विकास निरंजन, उत्तम कुमार, रामजी पांडेय, सुरेश बर्णवाल, गौरी बर्णवाल, विजय सिंह, मिथलेश सिंह, राजकुमार यादव आदि मौजूद थे।

## कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य का स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन

- **शिक्षक कभी सेवा निवृत नहीं होते : अनुराग सिंह**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में बुधवार को आचार्य धीरेंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत होने पर स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती, ॐ और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन समिति के सचिव अनुराग सिंह, कोषाध्यक्ष नवल कुमार, सदस्य कुंज बिहारी त्रिवेदी, मुंशी यादव, आचार्य धीरेंद्र कुमार सिंह और प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सचिव ने कहा कि शिक्षक कभी सेवा निवृत नहीं होते है, बल्की उनका ज्ञान विद्यालय के साथ-साथ आस-पड़ोस के बच्चों को बेहतर शिक्षा देना होता है। उन्होनें कहा कि शिक्षा के बिना मानव अधुरा है। उन्होनें सेवा निवृत शिक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह के बेहतर भविष्य की कामना की और कहा कि अब वे परिवार के साथ जिंद्गी व्यतीत करेगें। वहीं प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने कार्यक्रम की प्रस्तावना को रखा तथा विद्या भारती योजना के बारे में बताया। जबकि सेवानिवृत आचार्य धीरेंद्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के लिए कोई भी कार्य कठिन नहीं है। आज उनके द्वारा पढाये गये कई छात्र देश और विदेश में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर बहन रुपम, मुस्कान, भैया कृष्णा शंकर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही आचार्य की ओर से मनोज कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखें। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंध समिति के साथ-साथ आचार्य एवं छात्रों ने उपहार देकर सम्मानित किया। वहीं अतिथियों का परिचय प्रदीप कुमार जबकि धन्यवाद ज्ञापन नीरज कुमार ने किया। इस अवसर पर आचार्य रामानुज पांडेय, बिरेन्द्र प्रसाद, विजय मिश्र, नीरज कुमार, प्रभात सौरव, सुनील कुमार, प्रणव प्रभास, उमाशंकर कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय महतो, बिरेन्द्र मिश्रा, रानी प्रसाद, धीरज कुमार पांडे, विक्रम कुमार, श्वेता श्रीवास्तव, शर्मिष्ठा साहा, सोनी कुमारी, अर्चना सिन्हा, चंद्रकावेरी निहाल, रिमझिम कुमारी, मोनिका कुमारी, सोनिया, रानी कुमारी, जितेंद्र कुमार, कृष्णा कुमार नवीन, नागेंद्र पांडेय, शैलेश कुमार आदि मौजूद थे।

## जयनगर प्रखंड में अवैध महुआ शराब की बिक्री जोरों पर

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के विभिन्न इलाकों में इन दिनों अवैध महुआ शराब का धंधा काफी तेजी से फल फूल रहा है। जिसके कारण अगल-बगल के लोगों को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि जयनगर प्रखंड के परसाबाद, कटिया, तेतरौन, पाण्डु, खरियोडीह, पिपचो, नईटांड़, बेको सहित विभिन्न इलाकों में फल फूल रहा है। ज्ञात हो कि सुबह होते ही प्रखंड के विभिन्न इलाकों में महुआ शराब पीने वालों का अड्डा जम जाता है, जिस कारण से लोगों को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

वहीं लोगों ने बताया बताया कि प्रशासन के द्वारा कभी-कभार अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जाता है, परंतु अवैध महुआ शराब बनाने वाले को इसके बारे में पहले ही पता चल जाता है, जिसके कारण अवैध शराब बनाने वाले पुलिस के गिरफ्त से हमेशा दूर रहते हैं। लोगों ने बताया कि जिस जगह अवैध महुआ शराब की बिक्री होती है उस जगह कई सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय संचालित हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में पर्यटन स्थलों के विकास पर हुई चर्चा

- **उपायुक्त ने संबंधित विभागों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अधिसूचित पर्यटन स्थलों के विकास, मूलभूत सुविधाओं की बहाली और नये पर्यटन स्थलों के चयन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला खेल पदाधिकारी तुषार रॉय ने बताया कि चतरा जिले में कुल 16 पर्यटक स्थल अधिसूचित हैं। इनमें इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर, कौलेश्वरी मंदिर, तमासीन जलप्रपात, और गोवा जलप्रपात जैसे प्रमुख स्थल शामिल हैं। भद्रकाली मंदिर को ए श्रेणी में रखा गया है, जहां हर वर्ष भव्य इटखोरी महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

बैठक में सभी अधिसूचित पर्यटन स्थलों पर साइनेज, डस्टबिन, सीटिंग बेंच, पीने के पानी, सोलर लाइट, और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के प्रस्ताव पर विचार-विमर्श हुआ। मां कौलेश्वरी मंदिर और अन्य स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। मां कौलेश्वरी पर्वत पर चल रहे कार्यों में अतिथिगृह, धर्मशाला, सरोवर की मरम्मत, सोलर सिस्टम पुनः क्रियाशील करना और तड़ित चालक अधिष्ठापन शामिल हैं। अधिकारियों को इन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति** : बैठक में चतरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**नये स्थलों को अधिसूचित करने का प्रस्ताव**

बैठक में बक्सा डैम, इटखोरी, पत्थलगड्डा के नावाडीह मोर सिरवा पहाड़, और अन्य स्थलों को अधिसूचित करने पर भी चर्चा हुई। प्रस्ताव को जिला स्तर पर अनुमोदित कर विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने जिला के पर्यटन स्थलों को आकर्षक और सुविधाजनक बनाने के लिए ठोस योजनाओं पर काम करने का आह्वान किया।

## एक नजर में

### एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने गाडीलौंग पंचायत में किया 400 कंबलों का वितरण



**चतरा।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने अपनी सामुदायिक विकास पहल के तहत गाडीलौंग पंचायत में सर्दियों के मौसम में जरूरतमंद परिवारों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से 400 कंबलों का वितरण किया। ये कंबल पंचायत प्रतिनिधि सबीदा खातून को सौंपे गए, जो बाद में ग्रामीणों में वितरित किए गए। इस पहल का नेतृत्व सीनियर मैनेजर (एचआर) रघुवीर मीना ने किया। इस दौरान सीएस?आर कार्यकारी राहुल कुमार भी उपस्थित रहे। वितरण का उद्देश्य ठंड के मौसम में जरूरतमंद परिवारों को गर्माहट और राहत प्रदान करना था। एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने इस अवसर पर कहा कि कंपनी अपने आसपास के समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सामुदायिक विकास गतिविधियों और स्थायी पहलों के माध्यम से, एनटीपीसी जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस पहल से स्थानीय समुदाय ने राहत महसूस की और एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के प्रति आभार व्यक्त किया। कंपनी ने भविष्य में भी ऐसे प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया।

### बिरहोर टोला में सरकारी योजनाओं को लेकर शिविर आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड के जपुआ स्थित बिरहोर टोला में बुधवार को एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बिरहोर परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रम कार्ड, बैंक खाता खोलने, जाति प्रमाण पत्र और आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। साथ ही, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें समूह से जोड़ा गया। शिविर की शुरुआत दीप जलाकर की गई, जिसका शुभारंभ खूंटी बिरहोर ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचलाधिकारी अनंत चयन विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी और कई अधिकारी उपस्थित रहे।इस दौरान 5 लोगों के आधार और राशन कार्ड बनाए गए, 2 श्रम कार्ड जारी किए गए, 3 बैंक खाते खोले गए और 50 जाति प्रमाण पत्र और 60 आवासीय प्रमाण पत्र के फॉर्म भरे गए। जेएसएलपीएस के तहत 18 साल से ऊपर की महिलाओं को समूह से जोड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य बिरहोर परिवारों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और उनकी जरूरतों को पूरा करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बिरहोर परिवार मौजूद थे।

### मकर संक्रांति पर बलबल में लगेगा 15 दिवसीय पशु मेला



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के बलबल में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय पशु मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले में लोगों और पशु व्यापारियों का आगमन शुरू हो चुका है।पंचायत मुखिया जगदीश यादव ने बताया कि मेले में बड़ा हिंडोला, आर्केस्ट्रा, बूगी-बूगी डांस और बच्चों के मनोरंजन के लिए अन्य कार्यक्रम शामिल होंगे। साथ ही, मेले में बेहतर नस्ल की दुधारू गायें और अन्य पशु लेकर व्यापारी पहुंचने लगे हैं। मेला प्रबंधन समिति के सदस्य पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं और मेले के आगंतुकों की सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। मेले का शुभारंभ मकर संक्रांति के दिन किया जाएगा।

### इंद्रदेव सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर गरीबों में कंबल वितरित



**चतरा।** सदर प्रखंड के मोकतमा गांव में समाजसेवी इंद्रदेव प्रसाद सिंह की 17वीं पुण्यतिथि पर सैकड़ों असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए गए। ठंड के मौसम को देखते हुए आयोजित इस पुनीत कार्यक्रम में दिवंगत आत्मा की शांति और बैकुंठ में स्थान मिलने की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके जीवन और समाज के प्रति उनकी सेवाओं को याद करते हुए हुई। उपस्थित लोगों ने उनके सामाजिक योगदान पर चर्चा की और नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा। इंद्रदेव प्रसाद सिंह को समाज के दबे-कुचले लोगों की आवाज बनने के लिए जाना जाता था। उनकी हत्या 8 जनवरी 2008 को कर दी गई थी, लेकिन उनकी मानवता और सेवा की प्रेरणा आज भी जीवित है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर नंदू सिंह, मनोज सिंह, अरविंद सिंह, अवधेश सिंह, नरेश कुमार, चंदन कुमार, ललन कुमार, अनुज कुमार, मुकेश सहित कई लोगों ने हिस्सा लिया और कंबल वितरण में सहयोग किया।

### एसडीओ की कार्रवाई में 1500 सीएफटी अवैध बालू जब्त

**सिमरिया।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सन्नी राज के नेतृत्व में बुधवार को सिमरिया थाना क्षेत्र के शिला ओपी अंतर्गत हुड़मुड़ जंगल में छापेमारी कर लगभग 1500 सीएफटी अवैध रूप से भंडारित बालू को जब्त किया गया। इस अभियान में अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय, माइनिंग इंस्पेक्टर चतरा और शिला ओपी प्रभारी राहुल दुबे भी शामिल थे। एसडीओ सन्नी राज ने बताया कि बालू माफियाओं ने जंगल में बड़ी मात्रा में बालू जमा कर रखा था, जो अवैध तरीके से संग्रहित किया गया था। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और भंडारण पर प्रशासन सख्त कार्रवाई कर रहा है। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। इस कार्रवाई से क्षेत्र में बालू माफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश गया है और स्थानीय प्रशासन की इस पहल की सराहना हो रही है।

### सहायिका चयन में अनियमितता के आरोप में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन




**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बड़हीबीघा खेरगंजवा गांव के सैकड़ों ग्रामीण मंगलवार को हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचे और सहायिका चयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी सेविका ने अपनी पुत्रवधू का चयन करवा दिया है, जो पोषक क्षेत्र की निवासी नहीं हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभारी अरुण मुंडा और उपायुक्त को शिकायत पत्र सौंपा। उनका कहना है कि खेरगंजवा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 के लिए बड़हीबीघा की अंजलि कुमारी का चयन किया गया है, जबकि नियमों के अनुसार चयनित आवेदक को उसी वार्ड का निवासी होना चाहिए।मुखिया दूधनाथ यादव ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र में चयनित आवेदिका नहीं आती हैं। उन्होंने सेविका से सर्वे रजिस्टर दिखाने की मांग की, लेकिन सेविका ने इसे दिखाने से इनकार कर दिया। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभारी अरुण कुमार मुंडा ने आरोपों को बेबुनियाद बताया। वहीं, सेविका रूपा देवी से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले की जांच कर सही निर्णय लिया जाए।

### विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों की बैठक आयोजित

**गिद्धौर।** बारीसाखी पंचायत स्थित प्लस टू उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार दांगी ने की, जबकि संचालन शिक्षक प्रीतम कुमार गुप्ता ने किया।बैठक में चर्चा हुई कि विद्यालय परिसर में लगी मास्टर लाइट को तीन बच्चों ने पत्थर मारकर तोड़ दिया था। इस पर ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि बच्चों को दंडित करते हुए लाइट को फिर से लगाने का निर्देश दिया जाए। साथ ही, चेतावनी दी गई कि यदि लाइट नहीं लगाई गई तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रधानाध्यापक राजकुमार यादव, मुनेश्वर यादव, सुरेंद्र तिवारी, राम लखन प्रजापति, मुखिया प्रतिनिधि दिनेश भारती, समाजसेवी परमेश्वर रविदास, गोविंद कुमार दांगी, सुनील कुमार दांगी और शिवकुमार यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर डीसी ने की बैठक



**चतरा।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त रमेश घोलप ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार किया। बैठक में उपायुक्त ने कार्यक्रम आयोजन के हर एक बिंदु पर विचार विमर्श कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस 2025 का मुख्य समारोह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित होगी। कार्यक्रम में परेड, झंडोतोलन, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने एक एक कर सभी संबंधित अधिकारियों संग विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुख्य कार्यक्रम स्थल के साथ साथ सरकारी कार्यालयों में निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने परेड की तैयारी, झांकियों की थीम समेत अन्य विषयों पर भी कई निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा की साफ-सफाई, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, परेड की तैयारियों, राष्ट्रगान, प्रेड निरीक्षण हेतु जीप की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था समेत अन्य के लिए संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी/कर्मी समेत अन्य को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित करने को लेकर भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा , अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी, नजारत उप समाहर्ता विनय कुमार, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शकील अहमद समेत अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## चौकीदार भर्ती परीक्षा रद्द करने को हाईकोर्ट में याचिका दायर

**जमशेदपुर।** चौकीदार नियुक्ति परीक्षा पूर्वी सिंहभूम को रद्द करने को लेकर अभ्यर्थी कई दिनों से आंदोलनरत थे, आज दिनांक 08/01/2025 को अभ्यर्थियों का प्रतिनिधि मंडल का एडीएम से वार्ता हुआ। एडीएम ने अपना गलती स्वीकारा उन्होंने कहा कई प्रश्नों में हमसे भूल चुक हुई है इसके अलावा नोटिफिकेशन निकालने में भी कार्मिक विभाग से गलती हुआ है , बीसी-1 के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं किया गया है।

## चावल विकास निदेशालय के निदेशक ने किया बड़ाबांकी का भ्रमण

**जमशेदपुर।** प्रखंड के बड़ाबांकी ग्राम पंचायत में डॉ मान सिंह, निदेशक, चावल विकास निदेशालय, भारत सरकार के द्वारा स्थल भ्रमण किया गया। आत्मा के द्वारा उक्त ग्राम में किसानों को शत-प्रतिशत अनुदान पर सरसों बीज का वितरण खाद्य एवं पोषण सुरक्षा कृषोन्नति योजना के तहत किया गया था जिसका भौतिक निरीक्षण हेतु डॉ० मान सिंह ने आज दौरा किये।

## जय बापू, जय भीम और जय संविधान पदयात्रा निकालेगी कांग्रेस : दूबे

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय तैयारी समिति की बैठक जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा बेलगाम में आयोजित अधिवेशन में प्रस्ताव पारित कर संपूर्ण राष्ट्र एवं सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में जय बापू जय भीम एवं जय संविधान अभियान को जिला के सभी प्रखंड स्तर पर व्यापक रूप से रैली एवं पदयात्रा आयोजन के माध्यम से सभी प्रखंड अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा।

## पोटका में 210 लोगों की स्वास्थ्य जांच, 175 लोगों को मिला कंबल

**पोटका।** विधायक संजीव सरदार की पहल पर टाटा स्टील यूटिलिटी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विस लिमिटेड (टीएसयूआईएसएल) और वीर शहीद गंगा नारायण सिंह मेमोरियल सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पल्ली मंगल उवि कैरासाई में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर और कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## काशीडीह दुर्गापूजा मैदान में चला सदस्यता अभियान

**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत साकची पूर्वी मंडल के अंतर्गत काशीडीह दुर्गा पूजा मैदान के पास मंडल अध्यक्ष युवराज सिंह जी की अध्यक्षता में एवं मंडल प्रवासी कुलवंत सिंह बंटी एवं वरिष्ठ नेता अभय सिंह, निर्भय सिंह की उपस्थिति में सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादक: ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# 14 सरकारी स्कूलों के कक्षा 11वीं के 420 बच्चों ने निजी कंपनियों का किया शैक्षणिक भ्रमण

**प्रोजेक्ट अन्वेषण**

- सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए बच्चे कला-संस्कृति, खेल-कूद की विरासत, विश्वस्तरीय कंपनियों की कार्यशैली से हुए अवगत
- भ्रमण के लिए छात्र-छात्राओं ने जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त का जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल की पहल पर जिला में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 11वीं कक्षा के बच्चों को जमशेदपुर शहर में अवस्थित कंपनियों, खेल कॉम्प्लेक्स, कला-संस्कृति केन्द्र, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान आदि का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया । 14 स्कूलों के 420 बच्चों के अलग-अलग समूह ने जिले में अवस्थित कला-संस्कृति केन्द्र, खेल-कूद की समृद्ध परंपरा को जाना जहां से कई विश्वस्तरीय खिलाड़ी अपने जिला और राज्य का नाम रौशन किए हैं, विश्वस्तरीय कंपनियों की कार्यशैली, तकनीकी प्रशिक्षण संस्थाओं का भ्रमण किया। इस दौरान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, जे.एन.टी.वी.टी.आई, एन.टी.टी.एफ, झारखंड राइफल क्लब का शूटिंग रेंज, टाटा स्टील यूएसआईएल, ट्राइबल कल्चर सेंटर, सी.एस.आई.आर-एन.एम.एल और टाटा मोटर्स के शैक्षणिक भ्रमण सह एक्सपोजर विजिट में भाग लिया ।



जुबिली पार्क भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं।

शैक्षणिक भ्रमण सह एक्सपोजर विजिट में 1. उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल, ज्वालकाटा, गुड़ांबादा, 2. मनोहरलाल प्लस टू हाई स्कूल, चाकुलिया 3. शिवलाल प्लस टू हाई स्कूल, मुसाबनी 4. उत्क्रमित हाई स्कूल, सिमुलडांगा, गोलमुरी सह जुगसलाई 5. पिपुल्स एकेडमी प्लस टू हाई स्कूल, गोलमुरी सह जुगसलाई 6. आदिवासी प्लस टू हाई स्कूल, सीतारामडेरा, गोलमुरी सह जुगसलाई 7, सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस साक्ची 8. बीपीएम प्लस टू हाई स्कूल, बमार्माइंस 9. नरसिंहगढ़ प्लस टू हाईस्कूल, धालभूमगढ़ 10. दिघीभूला प्लस टू हाई स्कूल, बोड़ाम 11. एसएस प्लस टू हाई स्कूल, पटमदा 12. मारवाड़ी प्लस टू हाई स्कूल, घाटशिला 13. प्लस टू हाई स्कूल, बहरागोड़ा 14. वी.एन प्लस टू हाई स्कूल, हल्दीपोखर, पोटका के 30-30 बच्चे शामिल हुए । जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के निदेर्शानुसार सभी स्कूलों में आंतिरक प्रतियोगिता के आधार पर बच्चों का चयन किया गया था।

एक्सपोजर विजिट को लेकर सभी बच्चों ने जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पहली बार इस तरह का अवसर प्राप्त हुआ जहां इतनी बड़ी-बड़ी कंपनियों या संस्थाओं में किस प्रकार कार्य होता है उसे नजदीक से जानने, देखने और समझने को मिला। उन्होने कहा कि जिन कंपनियों या संस्थाओं का नाम किताबों में पढ़ते हैं या लोगों से सुनते हैं उन सभी की कार्यशैली को नजदीक से अपनी आंखों से देखने का अनुभव काफी सुखद रहा। उपायुक्त ने सरकारी स्कूलों के बच्चों के इस शैक्षणिक भ्रमण सह एक्सपोजर विजिट को लेकर खुशी जताते हुए कहा कि इससे बच्चों में सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व राष्ट्रबोध की भावना का विकास होगा। इसका उद्देश्य सरकारी स्कूल के छात्रों को व्यापक अनुभव प्रदान करना है ताकि भविष्य में उन्हें अपने करियर का चुनाव करने के लिए कई विकल्प मिल सके। यह कार्यक्रम बच्चों में व्यावहारिक शिक्षा और अवलोकन संबंधी ज्ञान को बढ़ावा देना है जहां वे खुले मन से चीजों को ग्रहण कर सकें, सीख सकें। इस योजना में शामिल अष्टकोशी प्लस टू हाईस्कूल, भालुकपातरा, डुमरिया के बच्चों का 16 जनवरी को इंडो डेनिश टूल रूम, आदित्यपुर का एक्सपोजर विजिट प्रस्तावित है। उम्मीद जताया कि बच्चों के समग्र विकास में यह एक्सपोजर विजिट जरूर मददगार होगा।

# पूर्वी सिंहभूम में फोर्जिंग, कास्टिंग मशीनिंग सेक्टर में होगा 8000 करोड़ रुपये का निवेश

- जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक में आइटीडीए निदेशक ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल में लगभग 2000 औद्योगिक इकाइयां कार्यरत हैं जिनमें तकनीकी विकास के कारण वर्तमान में मशीनिंग, फोर्जिंग, कास्टिंग आदि प्रशाखा से सम्बंधित कर्मियों की काफी मांग है। इस क्षेत्र में लगभग 20,000 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव प्राप्त है जिसमें अकेले पूर्वी सिंहभूम जिले में लगभग 8,000 करोड़ का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

परियोजना निदेशक, आई.टी.डी.ए द्वारा बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा नयी उद्योगों की स्थापना एवं निर्यात प्रोत्साहन हेतु हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। उन्होंने कहा कि कृषि, बागवानी एवं मत्स्य के उत्पादों को निर्यात हेतु प्रोत्साहित करने के लिए भी इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल श्रेयस्कर रहेगा।



निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक करते दीपांकर चौधरी।

बैठक में उपस्थित उद्यमियों द्वारा नए उद्योगों की स्थापना में स्थानीय बाधाओं के सम्बन्ध में प्रकाश डालने पर परियोजना निदेशक द्वारा बताया गया कि विधि-व्यवस्था से सम्बन्धित किसी लिखित शिकायत के प्राप्त होने पर जिला प्रशासन सर्वोच्चता के साथ इस पर कार्रवाई करेगा । उन्होंने महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र को झारखण्ड निर्यात नीति 2023 के प्रावधानों को चिह्नांकित करते हुए बैठक की कार्यवाही के साथ संलग्न कर विभाग को प्रेषित करने का निदेश दिया ताकि इस सम्बन्ध में उपयुक्त कार्रवाई की जा सके।

परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक का उद्देश्य जिले में मौजूदा निर्यातकों का डेटाबेस तैयार करने, ऐसे उद्योगों की पहचान करना जो अपने उत्पाद का निर्यात अन्य मर्चेंट एक्सपोर्टर के माध्यम से कर रहे हैं, संभावित उत्पाद को चिहनित करना, निर्यातकों को आने वाली समस्याओं को दूर करना, निर्यात प्रोत्साहन हेतु निर्यातकों को प्रशिक्षण प्रदान करना एवं समिति द्वारा निर्यात हेतु आधारभूत संरचनाओं को विकसित करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े विदेश व्यापार महानिदेशालय, कोलकाता के प्रतिनिधि द्वारा पी.पी.टी के माध्यम से निर्यात सम्बन्धी जानकारी बैठक में साझा की गयी। डी.जी.एफ.टी प्रतिनिधि द्वारा महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र से जिले का एक्सपोर्ट एक्शन प्लान साझा करने का आग्रह किया गया ताकि इसमें निहित बिंदुओं पर सकारात्मक कार्रवाई की जा सके।

बैठक में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र रवि शंकर प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती अलका पन्ना, जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीमती अनिमा लकड़ा, श्रम अधीक्षक श्री अरविन्द कुमार, डीडीएम नाबार्ड, एलडीएम, वरिष्ठ सहायक निदेशक, ई०ई०पी०सी०, कोलकाता श्री जॉय चटर्जी, एफ०आई०ई०ओ प्रतिनिधि अर्नब चक्रवर्ती, वाणिज्य-कर विभाग, जमशेदपुर प्रमंडल के प्रतिनिधि, टाटा स्टील लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड, टाटा ब्लूस्कोप स्टील, टिमकेन इंडिया प्रा०लि०, टाटा कमिंस एवं अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### श्रीनाथ विवि : कॉमर्स और मैनेजमेंट विभाग के छात्र गये मनाली के शैक्षणिक भ्रमण पर




**जमशेदपुर।** श्रीनाथ विश्वविद्यालय के कॉमर्स एवं मैनेजमेंट विभाग के स्टूडेंट्स, मनाली (हिमाचल प्रदेश) एजुकेशन टूर के लिए निकले। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ एसएन सिंह ने विद्यार्थियों को इस शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दी। करीब 120 विद्यार्थियों के साथ इस एजुकेशनल टूर का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ मृत्युंजय महतो कर रहे हैं। शैक्षणिक भ्रमण के संदर्भ में डॉक्टर मृत्युंजय महतो का कहना है कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को अलग-अलग जगहो को देखने का अवसर मिलता है, उनको वहां के प्राकृतिक वातावरण एव संस्कृति साथ ही लोगों को मिलने एवं समझने का अवसर मिलता है। भारत विविधताओं से भरा हुआ है इसलिए भारत का प्रत्येक हिस्सा प्रत्येक विद्यार्थी के लिए बहुत कुछ लिए हुए हैं इसलिए विद्यार्थियों के लिए इस तरह का शैक्षणिक भ्रमण होते रहना चाहिए और इसी चीज को ध्यान में रखते हुए आज मैं और हमारे शिक्षक विद्यार्थियों को लेकर मनाली (हिमाचल प्रदेश) की ओर निकले हैं। डीन एडमिनिस्ट्रेशन श्री जे राजेश ने कहा कि इस टूर से छात्रो मे व्यक्तित्व विकास के साथ सामंजस्य की भावना विकसित होगी। विद्यार्थी दलीय भावना के साथ रहना सीखेंगे और उन्हे व्यवहारिक ज्ञान की भी प्राप्ति होगी। विद्यार्थियों में इस शैक्षणिक भ्रमण को लेकर खासा उत्साह देखा गया। स्टूडेंटस इस भ्रमण के दौरान हिमाचल प्रदेश के कई महत्वपूर्ण पर्यटक स्थलों का भ्रमण करेंगे। एस भ्रमण मे सहायक प्राध्यापक डॉ अमित कुमार, लक्ष्मी महतो, शालिनी ओझा, अजीत मुर्मू एवं सुमित सिंह भी सम्मिलित हैं।

### रेडक्रॉस के शिविर में 156 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति रक्तदान शिविर का आयोजन 8 तारीख यानि आज 8 जनवरी को किया गया, साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में वर्ष के पहले रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक लगातार रक्तदाता आते रहे। शिविर का संयोजन हाथ मार्का सरसो तेल निर्माण करने वाली कम्पनी बीपी ऑयल मिल्स लिमिटेड जमशेदपुर सेल्स डिपो के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ बी .पी . ऑयल मिल्स के प्रबंधक धर्मेन्द्र राय, पदाधिकारी बीरेन्द्र सिंह तथा रमेश जोशी ने समाजसेवी पूरबी घोष, रेड क्रॉस के उप संरक्षक डी. के. घोष तथा समाजसेवी बी.एन.पी. गुप्ता के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं को अपनी शुभकामना प्रदान की। शिविर में 156 यूनिट रक्तदाताओं ने पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित किया। शिविर का संचालन रेड क्रॉस कार्यकर्ता श्याम कुमार प्रसाद ने किया। रक्तदान शिविर को मुख्य रूप से कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, दीपक मित्रा, शान्ता अधिकारी, सरस्वती सरकार, अरविन्द सरकार, राजेश मोहन प्रसाद, आशीष सिंह, अशोक सिंह, जी.सी. मंडल, समीर सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। रक्तदान संग्रहण का कार्य जमशेदपुर ब्लड सेन्टर की ओर से डॉ. निर्जला झा के नेतृत्व में सक्षम तकनिशियनों ने किया। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होने बताया कि इस शिविर के साथ ही इस सप्ताह आयोजित होने वाले नेत्र शिविर का संयोजन भी बी. पी. ऑयल मिल्स लि. सेल्स डिपो जमशेदपुर द्वारा किया जायेगा। यह शिविर बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होगा।

### भगवान विष्णु देवताओं में सबसे शांत स्वभाव के देवता हैं : आचार्य श्री बांके बिहारी




**जमशेदपुर।** प्रभु दयाल भालोटिया सभागार धालभूम क्लब ग्राउंड सांक्षी जमशेदपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के आज विश्राम दिवस पर व्यासपीठ से बोलते हुए आचार्य श्री बांकेबिहारी गोस्वामी जी ने भगवान श्री कृष्ण की आठ पटरानियों एवं 16100 रानियों के साथ विवाह के प्रसंग का वर्णन किया। गौदान के तरीके के संबंध में बताया, सुदामा चरित्र के बारे में एवं द्वारिकाधीश के द्वारा अपने बाल सखा सुदामा का द्वारिका आने पर किये गए स्वागत सत्कार किये जाने पर भी विस्तार से बताया, आचार्य श्री ने देवताओं में सबसे शांत देवताओं की खोज ऋषि भृगु जी की कथा का भी वर्णन किया एवं भगवान श्री विष्णु ही देवताओं में सबसे शांत स्वभाव के देवता हैं इसकी कथा कही, भगवान श्री हरि एवं लक्ष्मी जी के द्वारा ब्राह्मण कुल के बारे में किये गए भृगु जी के साथ हुई घटना क्रम पर भी विस्तार से बताया। श्री बलराम जी एवं श्री कृष्ण के द्वारा परम लोक प्रस्थान किये जाने के प्रसंग पर व्याख्यान दिया। राजा परिक्षित कथा के साथ ही शुकदेव पुजन, शुकदेव जी की विदाई, व्यास पुजा का भी आयोजन आज कथा विश्राम के विश्राम दिवस पर हुआ। व्यासपीठ की विदाई एवं भव्यता से युक्त फुलों की होली का भी आज आयोजन किया गया। कल दिनांक 9 जनवरी को पूणाहुति समस्त अनुष्ठान, एवं हवन किये जाने के साथ होगी जीसमें सभी मुख्य यजमानों एवं अन्य यजमानों के द्वारा सभी अन्य भक्तों के द्वारा पवित्र आहुति प्रदान की जायेगी, हवन पूजन कल प्रात आठ बजे से प्रारंभ होगा।

## सीएमए फाउंडेशन परीक्षा दिसंबर 2024 के परिणाम घोषित, हर्ष

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारत के लागत और प्रबंधन लेखाकार संस्थान (आईसीएमएआई) ने सीएमए फाउंडेशन परीक्षा दिसंबर 2024 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को सीएमए इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। सीएमए इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी, 2025 है। रांची चैप्टर के चेयरमैन सीएमए एम के प्रसाद ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी। दिसंबर 2024 की टर्म परीक्षा में कुल 142 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 80 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सिद्धार्थ कुमार ने रांची में 400 में से 346 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। रांची चैप्टर की प्रबंध समिति उन विद्यार्थियों के साथ है जो इस सत्र में उत्तीर्ण नहीं हो सके। रांची चैप्टर की प्रबंध समिति सीएमए फाउंडेशन परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी उम्मीदवारों को बधाई देते हैं और उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों में शुभकामनाएं देते हैं। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में आशी नोव्हाल, आदर्श वर्धन तिवारी, अंकित राज सिन्हा, अंकिता कुमारी, अंशू कुमारी, अनु प्रिया कुमारी, बी कीर्ति,चन्द्रप्रकाश, दानिश अली शामिल हैं।

## शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मोमीन अंसार सभा व एम एस आई टी आई जवाहर नगर के द्वारा आज शहीदों को याद किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वीर शहीद ' शैख बुखारी' (बिखारी) 'टाकेट उमराव सिंह' को राँची के पास अंग्रेजो ने चुटु पलु घाटी में अंग्रेजो ने फँसी की सजा दी श्री खालिद इकबाल परदेस अध्यक्ष अपने वक्ता में कहा की इतिहासिक नायको को याद करना उनकी कुर्बानियों को सम्मान देना और समाज को उनके योगदान से प्रेरित करना।



शेख भिखारी और अंनय स्वतंत्र संनियों को खराजे अकीदत प्रदान करती है। वक्ताओं ने कहा कि शेख भिखारी झारखंड के एक जमींदार और कुशल सैन्य रणनीतिकार थे टिकते उमराव सिंह के साथ मिल कर उन्होंने 1857 स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजी शासन के खिलाफ लड़ाई लडी और शहीद हुए। हम हुकूमत झारखंड से ये मांग करते है उनके नाम पर सड़क, एक विश्वविद्यालय, अस्पताल, स्टेडियम और सिलेबस की किताब में शामिल किया जाए। झारखंड के टीपू सुल्तान शैख बुखारी को हम सलाम पेश करते है।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया प्रशिक्षकों के लिए रेबीज जागरूकता प्रशिक्षण सत्र आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने प्रशिक्षकों के लिए व्यापक रेबीज जागरूकता प्रशिक्षण सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसका उद्देश्य प्रशिक्षकों को रेबीज की रोकथाम, लक्षण, टीकाकरण प्रोटोकॉल और आवश्यक सुरक्षा उपायों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना था। यह सत्र भारत सरकार के 2030 तक शून्य रेबीज प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के अनुरूप है। इस सत्र में कुल 58 कर्मचारियों ने भाग लिया, जिससे उन्हें मूल्यवान जानकारी मिली, जिससे वे स्कूली छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने में सक्षम होंगे। युवा दिमागों को सटीक जानकारी और निवारक रणनीतियों से लैस करके, इस पहल का उद्देश्य रेबीज से लड़ने के लिए अधिक सूचित और तैयार समुदाय का निर्माण करना है।



## एचएमपीवी का संक्रमण सामान्य, पैनिक न हों नागरिक, बस सतर्क रहें: रविशंकर शुक्ला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- सावधानी के लिए मास्क का उपयोग करें, और हाथों को सैनेटाइज करते रहें

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां के जिला दंडाधिकारी -सह-उपायुक्त (डीसी) रवि शंकर शुक्ला द्वारा जानकारी दी गई कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) एक ऐसा वायरस है जिसके लक्षण काफी हद तक सामान्य सर्दी-जुकाम के समान होते हैं। ऐसे में इससे पैनिक या घबराने की आवश्यकता नही हैं। इससे बचाव हेतु साफ-सफाई के अलावा, मास्क का प्रयोग, हाथ की सफाई (सेनेटाइजर) का विशेष ध्यान रखें। साथ ही वर्तमान में हम सभी को सुरक्षित और सावधान रहने की जरूरत है।



डीसी रविशंकर शुक्ला।

# टाटा स्टील जू-लॉजिकल पार्क का विकास आगे भी जारी रहेगा : चाणक्य चौधरी

- टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में ब्लैकबक और नीलगाय के बाड़े का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क ने आज एक और नई उपलब्धि के साथ इतिहास रचते हुए मृगों (ब्लैकबक और नीलगाय) के लिए विशेष बाड़े का उद्घाटन किया। इस आधुनिक बाड़े का शुभारंभ टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट और टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क के डायरेक्टर श्री चाणक्य चौधरी के द्वारा किया गया।





नये बाड़े का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी और बाड़े में विचरण करता ब्लैकबक।

नव निर्मित बाड़ा टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क की उस प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जो पशुओं के लिए समृद्ध और प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने, वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने और आगंतुकों को अनूठा अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। यह बाड़ा विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे ब्लैकबक और नीलगाय के प्राकृतिक आवास की तर्ज पर बेहद सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। इसमें हरे-भरे मैदान, छायादार स्थान, और खुला लेकिन सुरक्षित वातावरण शामिल है, जो जानवरों को आराम और सुरक्षा देता है। साथ ही, आगंतुकों के लिए यह एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है, जहां वे शांत और प्राकृतिक माहौल में इन सुंदर जीवों को निहार सकते हैं। कार्यक्रम में टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क सोसायटी के सदस्यों, जूलॉजिकल पार्क के कर्मचारियों और मीडिया प्रतिनिधियों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर श्री चाणक्य चौधरी ने कहा, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क वन्यजीव संरक्षण और जागरूकता को बढ़ावा देने में सदैव अग्रणी रहा है। ब्लैकबक और नीलगाय के बाड़े का उद्घाटन हमारी इस प्रतिबद्धता का एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल न केवल वन्यजीव संरक्षण के महत्व को उजागर करती है, बल्कि पर्यावरणीय सस्टेनेबिलिटी के प्रति टाटा स्टील की वर्षों से चली आ रही प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करती है। इस प्रकार, टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) मानव और वन्यजीवों के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देने के अपने दृष्टिकोण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

## स्पीड न्यूज

### बाइक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**छतरपुर पलामू।** कउवल में विद्यालय के समीप बुधवार को बाइक की चपेट में आने से रिटायर पोस्टमैन रामनंदन ठाकुर (70) पिता रामदेव ठाकुर की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रामधन छतरपुर अंचल कार्यालय के समीप से ऑटो पकड़ अपने घर जा रहे थे। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें धक्का मार दी, जिससे वे गंभीर हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया जा रहा था कि रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### चतरा सांसद कालीचरण सिंह के पहल पर पांकी में गरीबों को दिये गये कंबल



**पांकी।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने पांकी प्रखंड के पांकी पूर्वी पंचायत में गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रमकराया। मौके पर भाजपा पलामू ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ने कहा कि इस कड़क ठंड में वृद्ध लोगों को कंबल वितरित करना एक बहुत बड़ा पुण्य कार्य है। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सांसद प्रतिनिधि चुनमुन पांडेय, लोहरसी मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह, भाजपा नेता संकेश्वर सिंह, राजेंद्र यादव, कुंदन सिंह भी थे।

### पाटन बीडीओ ने किया कतरी का दौरा खजरही नाला बनवाने को लेकर सर्वे



**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित झा ने कसवाखांड़ पंचायत के कतरी गांव का दौरा किया। बीडीओ ने कतरी गांव के खजरही नाला का पुनरूद्धार के लिए चार छोटे-छोटे नाला बनवाने का सर्वे पूरा कराया। यह कार्य मनरेगा से होगा। यह क्षेत्र आदिवासी बहुल है। नाला के पुनरूद्धार से करीब पचास एकड़ से भी अधिक भूमि सिंचित होगी। मौके पर कसवाखांड़ मुखिया हरेंद्र सिंह थे।

### लोहरसी मंडल में चला सदस्यता अभियान



**पांकी पलामू।** प्रखंड के लोहरसी मंडल क्षेत्र में सदस्यता अभियान चला। पगार व अंबाबार पंचायत में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह ने की। संचालन विनोद प्रजापति ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रवासी कार्यकर्ता अजय कुमार तिवारी मौजूद थे। उन्होंने ग्रामीणों को भाजपा के नीतियों और कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। इससे प्रभावित होकर तीन सौ महिला पुरुषों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर चंद्रदेव दुबे,सत्यप्रकाश पांडेय, विजय ठाकुर, बसंत दुबे, रामानंद दुबे, धनंजय सिंह, वकील पासवान, आलोक, सत्यानंद सिंह, अरुण सिंह, विनोद भुइयां, पिंटू पासवान थे।

### झारखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी बने डॉ प्रवीण सिद्धार्थ



**मेदिनीनगर।** रांची में हुए एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में डॉ प्रवीण सिद्धार्थ का चयन निर्विरोध किया गया है। इस महत्वपूर्ण पद के लिए उनका कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। डॉ प्रवीण सिद्धार्थ के निर्विरोध चुने जाने से पलामू के स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों में हर्ष है। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भी इस अवसर पर डॉ सिद्धार्थ को बधाई दी और शुभकामनाएं व्यक्त की है। उल्लेखनीय है कि डॉ प्रवीण सिद्धार्थ लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के अध्यक्ष भी हैं। मौके पर राघवेंद्र सिंह, फिराजुद्दीन अंसारी, ऋषिकेश दुबे, रंजीत मिश्रा और क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### विवादित भूमि पर नहीं होगा कोई काम रास्ता काटी तो होगी प्राथमिकी : सीओ



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता के निर्देश एवं ग्रामीणों की मांग पर नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ढेला गांव के श्मशान घाट का सीओ सुनील सिंह ने बुधवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उक्त जमीन पर हुए दाह संस्कार, बने श्मशान शैड, सड़क आदि की भौतिक जांच की। ग्रामीणों से संबंधित जमीन को लेकर पूछताछ की। इस दौरान एक पक्ष के उस्मान मियां (70) ने भी 50 वर्षों से यहां दाह संस्कार होने की पुष्टि की है। मौके पर सीओ ने श्मशान घाट एवं विवादित भूमि पर किसी भी तरह का किसी भी पक्ष को काम नहीं करने का निर्देश दिया है। वहीं एक पक्ष के द्वारा पूर्व में श्मशान घाट जाने वाले रास्ते को काटे जाने पर कड़ी आपत्ति जतायी। कहा कि भविष्य में ऐसे करने वालों पर प्राथमिकी होगी। मौके पर अंचल निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी, राजस्व कर्मचारी महेंद्र राम, अमीन शंकर कुमार, ग्रामीण मंदीप श्रीवास्तव, अजीत सिन्हा, जोखन भुइयां, रितेश वर्मा, प्रेम शंकर चंद्रवंशी, रोशन कुमार, आशीष श्रीवास्तव, प्रदीप राम, बसंत रवि थे।

### नपं की समस्याओं के निराकरण के लिए अरविंद गुप्ता ने सौंपा मांग पत्र



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत छतरपुर में कई समस्याएं विद्यमान हैं, जिनका निराकरण नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। नपं क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कार्यपालक अधिकारी को सात सूत्री मांगपत्र सौंपा जिनमें होल्डिंग टैक्स की वसूली में नरमी बरतते हुए विलंब शुल्क न लेने, पीएम आवास के लाभुकों की किस्त भुगतान करने, नगर पंचायत में बन रहे या योजनाओं की गुणवत्ता की जांच करने, बढ़ती ठंड में कंबल वितरण अविलम्ब सुनिश्चित कराने, नगर में बस स्टैंड, ऑटो स्टैंड और टाउन हॉल बनवाने, फुटपाथ दुकानदारों के सहूलियत के मद्देनजर वेंडर मार्केट का निर्माण कराने, आनेवाले गर्मी में इलाके में होनेवाले के जलसंकट के मद्देनजर नगर के सभी जलमीनारों का सर्वे करवा कर खराब पड़े जलमिनारों की मरम्मत करवाने आदि की मांग की है।

# चार करोड़ की लागत से शानदार बनेगा चैनपुर नेउरा रोड: वित्त मंत्री

- प्रथम महापौर ने मंत्री को स्थल पर ले जाकर पथ की दुर्दशा दिखायी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को चैनपुर-नेउरा रोड दिखाने पहुंची जिसमें पब्लिक को हो रही असुविधा के बारे प्रथम महापौर ने कुछ दिन पूर्व मंत्री को बताया था। मंत्री प्रथम महापौर के साथ स्थल पर जाकर रोड की दुर्दशा को देखते हुए कहा कि इतनी दुर्दशा शहर के नजदीक मार्ग का होना दुखद है। मैं रोड को देखकर समझ सकता हूं कि कितनी दिक्कतों का सामना आसपास के लोगों को आवागमन में या इलाज कराने वाले मरीज को खासकर महिला मरीजो को होती होगी।

मंत्री ने बताया कि प्रथम महापौर अरुणा ने मुझे 10 दिन पूर्व इस मार्ग के बारे संज्ञान में दिया था जिस पर मैंने तत्काल इसका एस्टीमेट विभाग को बनाने के लिए निर्देशित किया था और 2 दिन पूर्व ही एस्टीमेट प्राप्त होते योजना स्वीकृति हेतु अनुमोदित कर विभाग को भेज दिया हूं। अब जल्द टेंडर होकर यह मार्ग बनेगा। बताया कि यह रोड शानदार बनेगा जिसमें लगभग चार करोड़ की लागत आयेगी। जल्द इसमें काम शुरू होगा। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि यह चार किमी चैनपुर सेमरा नेउरा सेमरा माइंस रोड अच्छे मरम्मत किया जायेगा। जिससे रोड चलने योग्य और धूल उड़ना बंद हो जायेगा। फिर पूर्व में बने एस्टीमेट के आधार पर फंड उपलब्ध होने के बाद निर्माण कार्य भी प्रारंभ कराया जायेगा। श्रीमती शंकर ने मंत्री को पुनः दीनदयाल मार्ग खुलवाने का अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने कहा कि मैं जल्द वहां जाकर स्थल एवं स्थिति जान जनहित में मार्ग चालू कराउंगा। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, जिप सदस्य फयाजल अहमद, अविनाश देव, ईश्वरी पांडेय, भोला पांडेय, घनश्याम गुप्ता, गणेश प्रसाद, चंदू गुप्ता, बिटू कमलापुरी, दिनेश प्रसाद, श्याम रजक, आनंद प्रसाद, उमेश प्रसाद भी उपस्थित थे।

# पुलिस चौकी होने से चिकित्सक-स्वास्थ्यकर्मी निर्भीक होकर सेवा देंगे : राधाकृष्ण किशोर

- मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में पुलिस चौकी का उद्घाटन वित्त मंत्री और पलामू एसपी ने किया
- चौकी में 24 घंटे पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात : एसपी रीष्मा रमेसन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस चौकी का उदघाटन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर व एसपी रीष्मा रमेसन ने फीता काटकर किया। इस मौके पर वित्त मंत्री ने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस चौकी निर्माण हो जाने से चिकित्सकों व चिकित्साकर्मी निर्भीक होकर रोगियों की सेवा प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे जहां एक ओर चिकित्सक अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे वहीं भर्ती मरीज के परिजनों को भी सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब किसी को भी अंदर किसी प्रकार के भय का संशय नहीं रहेगा। चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को आह्वान करते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में गरीब, मध्यम वर्ग के अलावे असहाय लोग इलाज के लिए आते हैं। इसके साथ ही इमरजेंसी के दौरान शहर के अलावे जिले के विभिन्न प्रखंड, पंचायत व गांव के लोग इलाज कराने के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे लोगों की बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार काफी गंभीर है। इसलिए अस्पताल में सारे संसाधन लोगों की सेवा के लिए निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है इसके प्रति चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी व अस्पताल प्रबंधन अपनी दायित्व का निर्वहन करें ताकि लोगों को स्वास्थ्य सेवा का बेहतर लाभ मिल सके। मौके पर एसपी रीष्मा रमेसन ने कहा कि अस्पताल चौकी में 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती की जायेगी। यह सेवा तीन शिफ्ट में होगी, जिसमें 1-4 के पुलिस बल तैनात किये जायेंगे।

## उपायुक्त ने सड़क जागरूकता रथ को किया रवाना, कहा

# वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना करते डीसी।

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार को उपायुक्त शशि रंजन व जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखा कर सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि नये साल की शुरूआत के साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2025 का आयोजन एक जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इस वर्ष के सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम परवाह है, जो सड़क पर एक-दूसरे की सुरक्षा और जिम्मेदारी का संदेश है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री रंजन ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन आवश्यक रूप से करें। जिला मुख्यालय में जागरूकता वाहन को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि यातायात नियमों के पालन से सड़क पर सुरक्षा बनी रहती है,विशेषकर युवा वर्ग से अपील करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जब भी दो पहिया वाहन का प्रयोग करें तो हेलमेट अवश्य पहनें और पूरी सावधानी बरतें।

**...और क्या बोले डीसी :**
उन्होंने कहा कि जीवन मूल्यवान है। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं अपनी सुरक्षा के लिए यातायात के सभी नियमों का पालन बेहद आवश्यक है। जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव ने कहा कि जागरूकता रथ से आमजनों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूक किया जायेगा। इसके माध्यम से जिले के प्रमुख चौक - चौराहों पर यातायात नियमों के पालन हेलमेट और सीट बेल्ट के फायदे से संबंधित ऑडियो क्लिप लोगों को सुनाये जायेंगे। सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु कई अन्य तरह के कार्यक्रम भी किया जायेगा।

# राज्य खाद्य आयोग की अध्यक्ष ने की आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समीक्षा बैठक में शामिल राज्य खाद्य आयोग की अध्यक्ष व अन्य।

**मेदिनीनगर।** राज्य खाद्य आयोग की सदस्य सह प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने स्थानीय परिसदन भवन में बुधवार को जिले में आपूर्ति विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सर्वप्रथम आयोग कार्यालय से प्राप्त सभी शिकायतों का बारी-बारी से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संग समीक्षा की गयी। इसी क्रम में माह जनवरी 2025 का एनएफएसए के तहत आवंटित खाद्यान्न का उठाव, वितरण और माह मार्च 2024 का ग्रीन राशनकार्डधारियों का खाद्यान्न वितरण की समीक्षा की गयी तथा सभी सहायक गोदाम प्रबंधक और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ससमय गोदाम से खाद्यान्न का उठाव और वितरण कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दूकानों का औचक निरीक्षण करने और वितरण के संदर्भ में व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया। वितरण कार्य में पूरी पारदर्शिता लाने पर बल दिया गया। उन्होंने खाद्यान्न वितरण कार्य के दौरान सतर्कता एवं निगरानी समिति की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की बात कही।जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा सभी लाभुकों का ई-केवाईसी कार्य की समीक्षा की गयी, समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया की अबतक 48% लाभुक सदस्यों का ए कार्य पूर्ण हुआ है, ई केवाइसी कार्य दिनांक 28 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जाना है, आप सभी वितरण कार्य के समय ई केवाईसी नहीं करायें, प्रतिदिन 1 बजे अपराह्न के बाद ई केवाईसी कार्य हेतु ऑप्शन डीलर के ई पॉश मशीन में ऑप्शन उपलब्ध है।

# वित्त मंत्री की हिदायत : अस्पताल की व्यवस्था सुधारने में जुटे प्रबंधन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वित्त मंत्री सह छतरपुर पाटन विधायक राधाकृष्ण किशोर ने अस्पताल में पुलिस चौकी का उद्घाटन के बाद अधीक्षक कार्यालय में अस्पताल प्रबंधन के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि अस्पताल की विधि व्यवस्था सुधारने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में प्रबंधन अपनी भूमिका निभाये। स्वास्थ्य सेवा के प्रति झारखंड सरकार काफी गंभीर है। इसे लेकर सीएम राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बालाजी कंपनी के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है इसे जितना जल्द हो, हटाया जाये।

## छतरपुर के खनन क्षेत्र में हो रही राजस्व क्षति का आकलन कर वाहनों पर करें कार्रवाई : राधाकृष्ण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- वित्त मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक ने की योजनाओं की समीक्षा बैठक



**छतरपुर पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में क्षेत्रीय विधायक व राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के संसाधनों से वितीय शक्ति बढ़ाने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने छतरपुर सीओ को निर्देश देते हुए बताया कि वह छतरपुर में खनन क्षेत्र में हो रहे राजस्व क्षति का आकलन कर वैसे वाहनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें जो 10 टन के कागज पर 22 टन और एक ही चलान पर चार-चार बार परिवहन को चलाते हैं। तत्काल इसके लिए एसपी से बात कर सुरक्षा दिलाने को कहा। उन्होंने छतरपुर अंचल कर्मियों को कहा कि आप जिस क्षेत्र में रहते हैं वहां के ग्रामीणों के लिए ही कार्य करें और उनके हितों की रक्षा करें अन्यथा आपके विरोध शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। वहीं प्रखंड में भी उन्होंने सुधार करने की लोगों को नसीहत दी। कहा कि वह सभी के साथ समन्वय बनाकर चलेंगे और आप भी उनके साथ समन्वय बनाकर चलें।

### द्वारपाल बाबा की पूजा से पूरी होती है हर मन्नत



**पाटन पलामू।** प्रखंड के इमली पंचायत जंघासी में प्रकृति की गोद में बसे लगभग 500 साल पुरानी शिव मंदिर के प्रांगण में 14 जनवरी मकर संक्रांति को भव्य मेला लगता है। शिव मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष में मेला लगेगा। पहाड़ पर द्वारपाल बाबा का दर्शन करने व पूजा करने श्रद्धालु मंदिर आते हैं। मानना है कि मकर संक्राति के दिन द्वारपाल बाबा से मांगने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर का निर्माण शिव बालक साव के पुत्र बिगन साव ने किया है। पुजारी दिलेर मिश्रा हैं।

### क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री वितरण



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बोहिता व रेवारातु पंचायत के क्रिकेट खिलाड़ियों को सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा और जिप सदस्य प्रतिनिधि अजय उरांव ने संयुक्त रूप से बैट व बॉल देकर हौसला अफजाई की। श्री सिन्हा ने कहा कि खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। पांच वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई के लिए खेल सामग्री का वितरण कर रहा हूं ताकि खिलाड़ी अपना कैरियर खेल के माध्यम सेनबना सके जिसका उदाहरण महेंद्र सिंह धोनी है। मौके पर अजय उरांव, भाजपा महामंत्री चंचल यादव, उपाध्यक्ष अनुज चंद्रवंशी, लिलेश्वर मेहता, शंकर पासवान, नयन सिंह, लोहा सिंह, किशुन साव, अमन गुप्ता, गोपाल सिंह, विकास मेहता, मुकेश सिंह, शबीर अहमद भी मौजूद थे।

## रामगढ़ में शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ पलामू।** बेड़मा बभंडी में बुधवार को आजादी की लड़ाई में शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया गया। इसका आयोजन मोमिन कांफ्रेंस ने किया। मुख्य अतिथि राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोगों को कहा कि देश की आजादी में शहीद शेख भिखारी जैसे महान विभूतियों की शहादत के कारण ही हमारा देश आजाद है। जहां प्रत्येक नागरिक को बोलने, रहने शिक्षा जैसे बुनियादी सुविधाओं की छूट है। आजादी के 75 वर्ष बाद भी बेड़मा बभंडी जैसे दूरस्थ गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र, सड़क तथा समुचित शिक्षा व्यवस्था नहीं है। श्री किशोर ने कहा कि शेख भिखारी के शहादत दिवस पर हम सभी राजनीतिज्ञ, पदाधिकारी, विधायक, मंत्री सहित सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जिस उद्देश्य के लिए देश को आजादी दिखायी गयी थी, उसे पूरा करना है।

### जनता दरबार : उपायुक्त ने सुनी जन समस्याएं

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आये दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी। सभी आवेदनों के निष्पादन के लिए उपायुक्त श्री रंजन ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में आये आवेदनों में भूमि विवाद, पारिवारिक बंटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामले थे।

## ईलाज और इंसाफ दोनों जगह सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा: मुमताज खान

**शिवशंकर पासवान**

- चुनाव हारे हैं हौसला नहीं, अगली तैयारी जारी रहेगी : मुमताज अहमद खान



**पांकी।** अपने अनुभव के आधार पर मुमताज खान हमेशा जनसेवा में तत्पर है। केवल विधायक बनकर ही जनता की सेवा नहीं की जाती। जनता के दिलों में बस कर सेवा की जाती है। जनता के बीच जाकर राय मशविरा के बाद ही हमने चुनाव लड़ा। समाज में हमें चुनाव लड़ने पर सहमति बनी। चुनाव में जीत हो या हार इसकी समीक्षा होनी चाहिए। सामाजिक दस्तूर के मुताबिक हम सभी नववर्ष पर एक जगह जुटे हैं। पांकी विस क्षेत्र की जनता के लिए हम सदैव तत्पर हैं। पांकी के अलावा लातेहार, गढ़वा व चतरा के लोगों की भी हमने सेवा की है। ईलाज और इंसाफ की जगह पर दोनों जगह उपलब्ध हैं। सौ-सौ करोड़ के मालिकों ने भी पांकी से चुनाव लड़ा और वे हारे। कुछ जगहों को छोड़ मेरे विरोधियों ने झूठ बोलकर हमें मात दिलायी।

### समाज में मदन कृष्ण वर्मा के अहम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : डॉ कौशल किशोर



**मेदिनीनगर।** शहर के जेलहाता स्थित आवास पर स्वतंत्रता सेनानी मदन कृष्ण वर्मा जी की 107 वां जन्मदिन मनाया गया। मुख्य अतिथि विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने जयंती समारोह का शुभारंभ पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम और हिमाचल के कपूर का पौधा लगाकर किया। शहर के गणमान्यों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलायी गयी। दिवंगत के नाम पौधरोपण कर उनकी सेवा को याद कर जयंती मनायी गयी। डॉ कौशल ने कहा कि जिस प्रकार मदन कृष्ण वर्मा ने शिक्षा में विद्वान और समाज सेवा में महान योगदान दिया। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# टीबी असाध्य बीमारी नहीं, दवा और पौष्टिक आहार से रोगी होंगे पूर्णतः ठीक : डॉ राजेंद्र

- बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने पांच यक्ष्मा रोगियों को लिया गोद
- पौष्टिक आहार से लेकर दवा तक मिलेगी मुफ्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मरीजों को यक्ष्मा कीट देते चिकित्सा प्रभारी।

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में गुरुवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला की गयी। जिसमें टीबी रोग के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संचालन मिथलेश दुबे ने किया। कार्यक्रम के दौरान यक्ष्मा से ग्रसित पांच रोगियों को सीएचसी द्वारा गोद लिया गया जिन्हें पौष्टिक आहार से लेकर दवा तक मुफ्त दिया जायेगा। गोद लिये गये पांचों लोगों के बीच यक्ष्मा कीट भी वितरित किया गया। डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि टीबी अब असाध्य बीमारी नहीं रह गया है। दवा और पौष्टिक आहार से टीबी रोग से ग्रसित लोग पूर्णतः ठीक हो जायेंगे इसलिए टीबी रोग से ग्रसित लोगों को उपेक्षित करने के बजाए उनका बेहतर देखभाल करें। यक्ष्मा का दवा सीएचसी में उपलब्ध है,जिसे मुफ्त में दिया जाता है। टीबी रोग की दवा कभी भी बाजार से नहीं लें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम 2018 में शुरू किया गया था। दिसंबर 2025 तक देश को यक्ष्मा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिसे इस वर्ष के अंत तक हासिल भी कर लिया जायेगा।

- मिथलेश दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबीमुक्त पंचायत बनाने का प्रयास जारी है। इसके लिये रोगी की खोज और उपचार की व्यवस्था है। टीबी संक्रमण कम करने का हमारा प्रयास तेज हुआ है। समुदाय को जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा निक्षय पोषण योजना अंतर्गत टीबी रोगियों को उपचार अवधि में पोषण सहायता राशि भी दी जा रही है। मौके पर डॉ मुरली मनोहर प्रसाद, डॉ अनिल उरांव, बैम मृगेंद्र कुमार, बीपीएम पंकज पांडेय, एमपीडब्ल्यू अरविंद कुमार, मनीष कुमार, एमटीएस पंकज कुमार, बीडीएम रवि कुमार थे।

इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। टीबी हारेगा देश जीतेगा लेकिन इसमें सबका सहयोग भी जरूरी है।

# चैनपुर: सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन

## प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में प्रखंड प्रमुख ने की शुरुआत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**चैनपुर पलामू।** बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन चैनपुर प्रखंड के प्रमुख गायत्री देवी, उप प्रमुख सुनिल कुमार सिंह अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, सौरभ भट्टाचार्य, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज आदि के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में पंचायती राज के मास्टर ट्रेनर अनूप कुमार तिवारी , मुखिया मास्टर ट्रेनर आत्मेज सिंह, रिंकू देवी सीएसओ के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल में हर पंचायत से दो वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव / ग्राम रोजगार सेवक, कर्मी, पंचायत के फ्रंटलाइन वर्करों यथा जलसहिया, स्वास्थ्य कर्मी, आंगनवाड़ी सेविका, कृषि मित्र आदि शामिल हुए।

# जिले के वरीय पदाधिकारियों ने प्री-बोर्ड टेस्ट परीक्षा का लिया जायजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की मैट्रिक व इंटर की बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन को लेकर उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर विशेष कक्षाएं नियमित क्लास टेस्ट विषय विशेषज्ञों द्वारा विशेष कक्षा दी जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त के पहल पर जिले के विभिन्न विद्यालयों में मैट्रिक के छात्र- छात्राओं के प्री-बोर्ड टेस्ट का आयोजन किया गया। कदाचारमुक्त वातावरण में सभी प्रखंडों में संचालित परीक्षा का गोमिया प्रखंड में डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद चंदनकियारी प्रखंड में डीएसओ शालिनी खलखो पेटरवार प्रखंड में डीटीओ वंदना शेजवलकर कसमार प्रखंड में भूमि सुधार उप समाहर्ता चास प्रभाष दत्ता समेत विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी ने जायजा लिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि आयोजित प्री-बोर्ड टेस्ट परीक्षा का मूल्यांकन अंतर प्रखंड शिक्षकों द्वारा किया जाएगा। उपायुक्त ने स्वयं प्री-बोर्ड टेस्ट परीक्षा को लेकर दो विषयों का प्रश्न पत्र तैयार किया है। शेष विषयों के लिए प्रश्न पत्र विभिन्न सरकारी- निजी विद्यालयों के विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया है।

## भीम सिंह हत्याकांड के आरोपी अजय सिंह, पुलिस गिरफ्त में

**बोकारो।** भीम सिंह हत्याकांड के मुख्य आरोपी को बीएस सिटी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अजय सिंह के खिलाफ अलग-अलग थाने में विभिन्न धाराओं में पांच मामले दर्ज हैं। अजय सिंह पर भीम सिंह की पुरुलिया ले जाकर हत्या करने और साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से शव को जलाने का आरोप है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि हत्याकांड के बाद से अजय सिंह फरार चल रहा था। कोर्ट ने इश्तेहार भी निकाला था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे चास से गिरफ्तार किया गया है। वह चास के शिव शक्ति कॉलोनी का रहने वाला है। वर्ष 2023 में भीम सिंह के साथ बीएस सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर के पास पहले मारपीट की गई। फिर उसका अपहरण कर लिया गया और उसकी हत्या कर उसके शव को पुरुलिया के श्मशान घाट में जलाकर साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया गया था। इस मामले में पुलिस ने छानबीन के बाद अन्य आरोपियों जयराम एवं विजय यादव को गिरफ्तार कर पहले ही जेल भेजा था। जो अभी जमानत पर बाहर हैं लेकिन अजय सिंह पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था।

### विस्थापित गांवों को पंचायत का दर्जा दिलाने के लिए प्रयासरत

# विधायक श्वेता सिंह ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विस्थापित क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिलकर विस्थापित गांवों में पंचायत गठन के संबंध में वार्ता की। लंबित प्रस्तावित पंचायतों के गठन का मामला मंत्री के संज्ञान में दिया गया। विधायक श्रीमती सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार जल्द ही बोकारो स्टील प्लांट के निर्माण के दौरान विस्थापित हुए उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को जल्द ही पंचायत का दर्जा दिया जायेगा। श्रीमती सिंह ने कहा कि राज्य सरकार विस्थापितों को उनका हक और अधिकार देने हेतु प्रतिबद्ध हैं। 19 गांवों को मिलाकर 6 पंचायतें बनाई जाएंगी। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 19 विस्थापित गांवों को मिलाकर 6 पंचायतों का गठन किया जाना हैं। अभी तक उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को न तो पंचायत में शामिल किया गया और न ही किसी अन्य व्यवस्था में- जिसके कारण इन गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को सरकार के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका। यहां रहने वाली एक लाख की आबादी विधायक और सांसद चुनती रही लेकिन ये लोग गांव की सरकार नहीं चुन पाते हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि सभी मामले को बिंदुवार तरीके से व्यक्तिगत रूप से संज्ञान में लेते हुए मामले का निष्पादन करें। इस अवसर पर राज कुमार सिंह प्रदीप मंडल मिथुन मंडल महेश मंडल जन्मजय महतो अमित कुमार गफ्फार अंसारी राजन सिंह अजीत कुमार संतोष मुर्मू सरोज कुमार विनोद राय कलाम अंसारी आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर में

### फुसरो के बाजारों में दिख रही मकर संक्रांति की तैयारी

**बेरमो।** फुसरो के बाजारों में मकर संक्रंति की तैयारी दिख रही है। जगह-जगह टेंट और दुकान में तिलकुट और लाइ की बिक्री खूब हो रही है। शहर के कई क्षेत्रों में बाहर से कारीगर लाकर दुकानों में तिलकुट बनाया जा रहा है। त्योहारों के उत्साह को देखते हुए व्यापारियों और तिलकुट बनाने वाले कारीगरों को बेहतर बिक्री की आस है। हालांकि पिछले वर्ष से तिल की कीमत में करीब 25 प्रतिशत उछाल का असर भी बाजार पर दिख रहा है। बाजार में इस बार कई तरह के तिलकुट और लाइ मौजूद हैं। फुसरो बाजार के महावीर मंदिर के समीप स्थित बनारसी स्वीट्स और तिलकुट के प्रोपराइटर मनीष यादव ने बताया कि पारंपरिक रूप से तिल,चीनी या गुड़ से बनाया जाता है। कहा कि तिलकुट की कीमत 300 रुपए और खोवा तिलकुट की कीमत 400 रुपए प्रति किलो है। मगर इस बार फ्लेवर तिलकुट भी बाजार में मौजूद है। इसमें इलायची वाले तिलकुट की कीमत 360 रुपये तथा सौंफ वाले तिलकुट की कीमत 360 रुपये है। एक जगह पर आरेंज फ्लेवर का तिलकुट भी उपलब्ध है। इस तिलकुट में आरेंज टेस्ट लाने के लिए आरेंज चाकलेट का इस्तेमाल किया जाता है। इस तिलकुट की कीमत 500 रुपये प्रति किलो है। वहीं बाजार में डाइबटिज रोगियों के लिए शुगर फ्री तिलकुट भी उपलब्ध है। बाजार में मकर संक्रांति के लिए लाई और तिलकुट बनाने के लिए खोवा की भी मांग बढ़ी है। खोवा से बने तिलकुट और लाइ को लोग काफी पसंद करते हैं। इसके अलावा ड्राइफ्रूट वाला तिलकुट, तिल बिस्कुट, गजक, रेवड़ी, रामदाना लाई, सफेद तिल का लड्डू, काला तिल का लड्डू आदि की मांग भी काफी है। तिल शरीर को गर्म रखता है। इसलिए लोग ठंड बढ़ने के साथ तिल का इस्तेमाल काफी ज्यादा करते हैं।

### खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान

**बेरमो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में चास मुफ्फसिल थाना अंतर्गत पूपंकीघाटबेड़ा के समीप अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर लोड करते हुए 01 हाइवा एवं 01 जेसीबी मशीन को पकड़ा गया, जिसे टीम ने विधिवत जप्त कर चास मुफ्फसिल थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू, पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### युवा व्यवसायी संघ फुसरो के प्रतिनिधिमंडल रेलवे डीआरएम से मिलकर अतिक्रमण पर किया चर्चा

**बेरमो।** गोमो-बरकाकाना रेल खंड के फुसरो-बेरमो स्टेंशन मार्ग के रेलवे जमीन पर अतिक्रमण हटाने को लेकर रेलवे इंजीनियर व प्रशासनिक विभाग की ओर से दुकानदारों को नोटिस उपलब्ध कराया जा रहा है। इसको लेकर युवा व्यवसायी संघ फुसरो के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सर्वप्रथम डीआरएम श्री सिन्हा को पुष्पगुच्छ देकर नव वर्ष की बधाई दी। साथ ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया और कोषाध्यक्ष राकेश मालाकार ने डीआरएम श्री सिन्हा से फुसरो में रेलवे द्वारा अतिक्रमण हटाने को लेकर दिये जा रहे नोटिस के संबंध में चर्चा किया। संघ के अध्यक्ष श्री चौरसिया व कोषाध्यक्ष श्री मालाकार ने डीआरएम अतिक्रमण हटाने से होने वाले व्यवसायियों व लोगों के नुकसान को लेकर अवगत कराया।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चला

**बेरमो/कथारा।** बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, के बी कॉलेज बेरमो एवं कथारा ओ पी झारखंड पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में कथारा चौक पर प्राचार्य लक्ष्मी नारायण के संरक्षण में कार्यक्रम पदाधिकारी डा प्रभाकर कुमार और कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति के संयुक्त नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एन एस एस के स्वयं सेवकों की मदद से चलाया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी, एन एस एस डा प्रभाकर कुमार ने जागरूकता के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना व दुर्घटनाओं को रोकना है।

### नवाचार और उत्कृष्टता को सम्मानित कर कोयला मंत्रालय द्वारा नये आयाम स्थापित

**बेरमो /कथारा।** सुषमा स्वराज भवन में कोयला मंत्रालय द्वारा आयोजित चिंतन शिविर 2.0 ने खनन एवं ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार, कुशल प्रशासन और उत्कृष्टता को नए आयाम दिए। केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता और केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे की सह-अध्यक्षता में इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड और उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, निदेशक मंडल, मंत्रालय और कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी तथा खनन और ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस मंच ने न केवल विचार-विमर्श के लिए अवसर प्रदान किया, बल्कि उत्कृष्ट योगदानकताओं को सम्मानित कर उनके प्रयासों को नई पहचान दी।

### झाकोमयू की ओर से सीसीएल प्रबंधन को सौंपा गया 26 सुत्री मांग पत्र

**कथारा।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के द्वारा मजदूरों एवं विस्थापितों की समस्याओं को लेकर बुधवार को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया एवं 26 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। उक्त अवसर पर सीटू से संबद्ध झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के कथारा क्षेत्रीय सचिव इकबाल अहमद ने यूनियन के समर्थकों के साथ महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन करते हुए सीसीएल कथारा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) जयंत कुमार को 26 सूत्री मांग पत्र सौंपा।

### गणतंत्र दिवस को लेकर बेरमो अनुमंडल कार्यालय में अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर 8 जनवरी को बेरमो अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में बैठक आहूत किया गया। बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी, पुलिस निरीक्षक, अंचलाधिकारी, नप कार्यपालक पदाधिकारी, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, विद्यालयों के प्राचार्य ० अन्य उपस्थित थे। बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी 26 जनवरी को होने वाले झंडोत्तोलोन एवं निकलने वाली झांकी को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी 26 जनवरी को झंडोत्तोलन के पूर्व सभी जगह की साफ सफाई एवं रंग रोगन के बारे में उचित व्यवस्था करने के बारे में कहा गया। बैठक में कहा गया कि तेनुघाट स्थित चिल्ड्रन पार्क में स्कूलों के द्वारा झांकी भी निकाली जाएगी और परेड भी किया जाएगा। परेड के लिए आगामी 21, 22 एवं 24 जनवरी को चिल्ड्रन पार्क तेनुघाट में पूर्व अभ्यास भी किया जाएगा। साथ ही आगामी 23 जनवरी को प्रशासन और पत्रकार के बीच दोस्ताना मैच भी खेला जाएगा। उक्त बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी कनिष्क कुमार , अवर निबंधक तूलिका रानी, उपकोषागार पदाधिकरी, टीटीपीएस, सीसीएल, डीवीसी, आईएल के पदाधिकारी, तेनुघाट ओपी प्रभारी अजीत कुमार, जेलर नीरज कुमार, तेनुघाट डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सुदामा तिवारी, जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य बिपिन कुमार, प्राचार्य सुदामा तिवारी,अधिवक्ता बीरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, मुकेश कुमार, मिथलेश कुमार सहित कई अन्य विद्यालय और विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## युवा अधिवक्ता नील रतन सिंह का आकस्मिक निधन

**बोकारो।** बोकारो के जैनामोड़ निवासी 50 वर्षीय कैंसर रोग से पीड़ित अधिवक्ता नील रतन सिंह उर्फ दिलीप सिंह के आकस्मिक निधन पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा बोकारो सिविल कोर्ट परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि स्व नील रतन सिंह के सम्मान में आज सभी अधिवक्ताओं ने अपने आप को न्यायिक कार्य से अलग रखा। बोकारो कोर्ट में वर्ष 2000 से वकालत कर रहे स्व नील रतन सिंह अपने पीछे दो पुत्र एवं पत्नी छोड़ गए है। शोक सभा में अधिवक्ता रंजन कुमार मिश्रा फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, अतुल कुमार, गोविंद राम, जेपी झा, नीतीश नंदी, राजेश कुमार, अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, जितेंद्र कुमार, अंजनी चौधरी, विजय कुमार, ओम प्रकाश, लाल चंदन कुमार, कृष्ण देव, इंद्रनील चटर्जी, सुभाष चक्रवर्ती, संदीप कुमार सिंह, संजीत महतो इत्यादि उपस्थित थे।

# 10 दिवसीय इस्पातांचल स्वदेशी मेला का हुआ आरम्भ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर 4 स्थित मजदूर मैदान में आयोजित 10 दिवसीय स्वदेशी मेला के उद्घाटन में स्वदेशी जागरण मंच के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक एवं अर्थ चिंतक अरुण ओझा ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि स्वदेशी वस्तु एक आरंभ है, देश को महान बनाने का। स्वदेशी मेला राष्ट्र के प्रति लोगों में जागृति की भावना लाता है। उन्होंने कहा कि 50 प्रदेशों में मेला लग चुका है। वहीं बतौर मुख्य अतिथि बीएसएल की ईडी कार्मिक एवं प्रशासन राजश्री बनर्जी ने कहा कि यहां पूरे भारत का दर्शन करने का मौका मिलता है। यह मेला स्वावलंबन व सशक्तिकरण का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह स्वदेशी मेला नहीं वरन् स्वदेशी क्रांति है। 2014 के बाद ठेंगड़ी जी के प्रेरणा से स्वदेशी जागरण मंच ने चीनी वस्तु के बहिष्कार का जो आंदोलन चलाया वह आज साक्षात देखने को मिल रहा है। इसके पूर्व अतिथियों ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर मेले का शुभारंभ किया। अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता महानगर संघचालक रंजीत बरनवाल ने तथा संचालन अजय चौधरी दीपक ने किया। विषय प्रवेश मेला संयोजक ब्रजेश कुमार सिंह ने व धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद कुमार सिन्हा ने किया। मौके पर क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# जमीन में गाड़ रखा था विस्फोटक का जखीरा, पुलिस ने दबोचा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**बेरमो।** गिरिडीह पुलिस ने जिले के नक्सल प्रभावित भेलवाघाटी थाना इलाके से प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य रहे तालो मरांडी उर्फ सुनील मरांडी को गिरफ्तार किया है। वह जमुई के चकाई का रहने वाला है। मरांडी भेलवाघाटी के बलिहारी जंगल में अपने परिजनों के साथ पैदल जाने के दौरान गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया है। इस बात की जानकारी आज गिरिडीह पुलिस कप्तान डॉ विमल कुमार ने मीडिया के साथ साझा की।

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। साल 2019-20 में झारखंड-बिहार के बॉर्डर इलाके में दहशत कायम करने, ठेकेदारों से लेवी वसूली करने, सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने सहित अन्य नक्सली कांडों के आरोप में सीमावर्ती चमाई, भेलवाघाटी थाने में मामले दर्ज है। रढ ने बताया कि तालो मरांडी बिहार झारखंड के ईनामी और कुख्यात नक्सलियों के मारक दस्ते से जुड़ा रहा है। इसमें पिंटू राणा,मारा गया ईनामी नक्सली चिराग दा के दस्ते से जुड़ा हुआ था। एक समय इन दोनों के इशारे पर तालो मरांडी इलाके में चलने वाली योजनाओं में ठेकेदारों से लेवी वसूलने का काम करता था। साल 2020 में इसने दोनों राज्यों के सीमावर्ती गांव गुनायाथर के जेडी नदी के समीप जमीन में बड़े पैमाने पर विस्फोटक छिपाकर रखा था। उन्होंने बताया कि जमीन के भीतर छिपाकर रखने का मकसद किसी बड़े नक्सली घटना को अंजाम देना था। गुनियाथर में तालो मरांडी की देखरेख में नदी पर निमार्णाधीन पुल के ठेकेदारों से लेवी का मांग किया गया था।

नहीं देने पर तालो मरांडी ने अपने दस्ते के साथियों के साथ सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की थी।

# नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** झारखंड ग्रामीण चिकित्सा कल्याण संस्थान की ओर से भतुआ पंचायत के पंचायत भवन में निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने लाभ उठाया। शिविर में बड़े-बुजुर्ग महिलाएं बच्चे आदि की जांच हुई तथा निशुल्क दवाइयां भी दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन कुमार गुप्ता ने की। इसका उद्घाटन मुखिया उर्मिला देवी ने किया। शिविर को सफल बनाने में डॉ मो मुश्ताक झारखंड ग्रामीण चिकित्सा कल्याण संस्थान के अध्यक्ष डॉ विनोद कुमार कोषाध्यक्ष डॉ गौतम गिरि सचिव डॉ मो शमीम अंसारी डॉ विपिन मुखर्जी सोमनाथ मुखर्जी डॉ आर प्रसाद डॉ मधुसूदन कुमार डॉ आनंद गोविंद कुमार पूर्व मुखिया नरेश चंद्र उप मुखिया राजेश कपरदार सत्येंद्र कुमार मदन कुमार गुप्ता रोहित गौतम सूरज आदि मौजूद रहे।

## बेड़ो में कुहासे से बढ़ी कनकनी, आमजन हलकान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में नए साल की शुरूआत में कड़ाके की ठंड के बीच पड़ रहे कुहासा से किसान, मजदूर व आमजन हलकान हैं। कुहासा से सबसे अधिक सब्जी की फसल प्रभावित हो रही है। जिससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। किसानों का मानना है कि कुहासा लंबी चलती है तो उनकी सब्जी की फसल में भारी नुकसान होगा। वहीं घने कुहासे से तेज रफ्तार वाहनों पर ब्रेक लग गया है। रांची गुमला मुख्य मार्ग पर सुबह में लाइट व इंडिकेटर के सहारे वाहन रेंगते रहे। बुधवार को सुबह पांच बजे से दिन के आठ बजे तक घने कोहरे ने सड़कों पर रफ्तार को ब्रेक लगा दिया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र बेहाल है। शाम होते ही चौक चौराहे पर सनाटा पसर जा रहा हैं और लोगो अपने अपने घरों में दुबक जा रहे हैं। खेतों में लगी सब्जी ठंड से चौपट हो रही है।

## प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह का आयोजन

**बेड़ो।** रातु अंचल अन्तर्गत आने वाले एकल अभियान बेड़ो संच के तत्वावधान में आगामी 12 जनवरी को महादानी मंदिर परिसर में राष्ट्रीय युवा दिवस एवं राम लला की अयोध्या में हुए प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं शोभायात्रा के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा एवं सुन्दर काण्ड के पाठ के बाद विशाल भंडारा का आयोजन होगा। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी हिन्दू संगठनों के सदस्य लगे हुए हैं।

# 28 को नगर प्रशासन का घेराव करेगा संघ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ के कार्यसमिति की तारकेश्वर महतो उर्फ तारा बाबू की अध्यक्षता में स्थानीय सेक्टर 4 मजदूर मैदान में संपन्न बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि 28 जनवरी को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूर्व मांग पत्र के आलोक में नगर प्रशासन का घेराव का निर्णय सुनिश्चित है। महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि स्थानीय मजदूर बीएसएल प्लाटधारी झुग्गी झोपड़ी कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं के निदान में गति लानी है। संयुक्त मंत्री आशा देवी के अथक प्रयास से नये सदस्यों को जोड़ने के लिए सभी सदस्यों ने एकमत से उनकी प्रशंसा की। बैठक का संचालन करते हुए कार्यालय सह प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि आगामी बैठक में वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज का कार्यक्रम निर्धारित होगा। बैठक में मिथिलेश पाल सिंह सुमित सिंह लक्ष्मण सिंह भोला प्रसाद शीलावती मंजू देवी मदन पाठक श्रवण कुमार झा आदि मौजूद रहे। उपाध्यक्ष नवीन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# महिला के लिए हर संभव मदद करुंगा : ओपी प्रभारी

### छह माह से लावारिस हालत में पड़ी वृद्ध महिला की सुध, पहुंचाया अस्पताल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कथारा ओपी प्रभारी का सराहनीय पहल**



**बेरमो /कथारा।** इन दिनों कथारा ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति अपने कार्यो की वजह से खुब सुर्खियां बटोर रहे है और क्षेत्र के लोग भी इनके कार्यो की प्रशंसा करते नही थक रहे हैं। बुधवार को कथारा ओपी प्रभारी श्री प्रजापति को सूचना मिली कि कथारा चार नंबर नव प्राथमिक विद्यालय के पुराने भवन में पिछले छह महीने से एक वृद्ध महिला बीमार व लावारिस अवस्था में पड़ा है। उन्होंने अपने ओपी के पुरे लावलसर लेकर तथा साथ मे मिडिया कर्मियों को साथ लेकर उक्त स्थान पर पहुचे।

वहां का नजारा देख वह दंग रह गए। वहां का नजारा किसी को भी विचलीत करने के लिए काफी था। लावारिस अवस्था में पड़ी महिला इतना अधिक बीमार व अस्वस्थ थी कि उसके मुंह से आवाज भी नहीं निकल रही थी। पुलिस और पत्रकारों का जमावड़ा देख वहां दर्जनों कॉलोनी वासी पहुच गए। उन लोगों से जो जानकारी प्राप्त हुई उसके अनुसार इस वृद्ध महिला का नाम फुल कुमारी उर्फ मंगली है। पुर्व मे इसका पुरा परिवार कथारा चार नंबर मे ही रहता था। इसके पिता का नाम स्व रामानंद चौहान था और इसके तीन भाई था जिसमें एक भाई आज भी बीएंडके एरिया में नौकरी करता है ससुराल में ही रहा है बाकी का दो भाई का कुछ अता पता नहीं। यानी वख्त के थपेड़े ने इस पुरे परिवार को तहस नहस कर डाला। यह महिला अविवाहित होने के कारण यह पुरी तरह अकेली व असहाय है। जब इसका स्वास्थ्य ठीक था तो कथारा चार नंबर के दयावान लोग इसकी भोजन पानी की व्यवस्था कर दिया करता था मगर पिछले छह माह से यह बीमार चल रही थी। रही सही कसर इस ठंड ने पुरी कर दी। मगर भला हो इस कॉलोनी वासियों का की लोगो ने इस महिला के लिए गद्दा व कम्बल की व्यवस्था कर दी थी जिस कारण वह आज तक जिवित थी। स्थिति की नजाकत को देखते हुए ओपी प्रभारी श्री प्रजापति ने सीसीएल कथारा क्षेत्रीय अस्पताल को फोन कर एम्बुलेंस मंगवाया और उस महिला को तत्काल इलाज के लिए भर्ती करवाया। उन्होंने बताया कि वे एक एनजीओ से सम्पर्क कर रहे हैं जल्द ही इस वृद्ध महिला का स्थाई समाधान खोज लिया जायेगा। बताता चलूं कि अभी हाल ही में बांध बस्ती से पांच वर्षों से गायब मां बेटे को हरिद्वार से बरामद करवा परिजनों को सौपा था। कुल मिलाकर कथारा ओपी प्रभारी की क्षेत्र के लोग काफी सराह रहे थे।

स्पीड न्यूज

## आमिर खान ने फिल्म लवयापा के लिए रखी मन्नत



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान का कहना है कि यदि अपने बेटे जुनैद खान और बोनी कपूर-श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की आने वाली फिल्म लवयापा बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करती है तो वो स्मोकिंग छोड़ देंगे। जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा का टाइटल ट्रैक हाल ही में रिलीज किया गया है, जिसे लोग पसंद कर रहे हैं ।सिर्फ 24 घंटे के अंदर इस गाने ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है और हर प्लेटफॉर्म पर मिलाकर 15 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं। जहां सभी की निगाहें फिल्म लवयापा पे लगी हुई हैं।

## इजरायल के गांवों में बर्ड फ्लू फैला

**यरूशलम।** इजरायल के हिबत तजियोन गांव में 29,300 मुर्गियों वाले आवासीय क्षेत्र में बर्ड फ्लू फैल गया है। इजरायली कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे को संगरोध में रखा गया था और कड़ी निगरानी रखी जा रही है। ऑस्ट्रेलिया में समुद्री विमान दुर्घटना में तीन लोगों की मौत

## ऑस्ट्रेलिया में विमान दुर्घटना, तीन मरे

सिडनी। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तट पर एक समुद्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो विदेशी पर्यटकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया प्रीमियर रोजर कुक ने बुधवार को पुलिस आयुक्त कर्नल ब्लैंच के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मृतकों के शव मंगलवार रात जल पुलिस ने मलबे से बरामद किए। उनकी पहचान पर्थ के पायलट, महिला स्विस पर्यटक और डेनमार्क के पुरुष पर्यटक के रूप में की गई है।

## बांग्लादेश में एक और युवक की हत्या

**कोलकाता ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का सिलसिला अबतक जारी है। ताजा घटना में हमलावरों ने इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स व्यवसायी हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना झालकाठी जिले के रामपुर गांव के बउकाठी बाजार में हुई। मृतक की पहचान सुधीब हलदार के रूप में हुई है। इस निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग से कड़ा सवाल किया है कि यह अत्याचार कब थमेगा।

## गढ़चिरौली में दो महिला नक्सलियों ने किया सरेंडर

**मुंबई।** गढ़चिरौली जिले में बुधवार को 10 लाख रुपये की इनामी दो महिला नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया है। महाराष्ट्र सरकार ने महिला नक्सली शामला जुरू पुडो उर्फ लीला पर आठ लाख रुपये और काजल मंगरू वड्डे उर्फ लिम्मी पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था। पुलिस के अनुसार शामला 2002 में नक्सली दलम में शामिल हुई और 2010 से सेक्शन कमांडर के रूप में कार्यरत थी। उसके खिलाफ 45 मामले दर्ज हैं, जिनमें मुठभेड़ के 21 मामले, आगजनी के 6 मामले और 18 अन्य मामले शामिल हैं। महाराष्ट्र सरकार ने उस पर आठ लाख रुपये का इनाम रखा था। काजल 2018 से नक्सली आंदोलन के सदस्य के रूप में काम कर रही थी। उस पर मुठभेड़ के 4 मामले, आगजनी का 1 मामला और तीन अन्य मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र सरकार ने उस पर दो लाख रुपये का इनाम रखा था।

# भारतवंशी अनीता आनंद बन सकती हैं कनाडा की पीएम

एजेंसी

- अनीता के पिता तमिलनाडु व मां पंजाब की रहने वाली थीं
- वर्तमान में परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफ के बाद से उनके उत्तराधिकारी को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। भारतीय मूल की नेता अनीता आनंद पीएम पद की एक मजबूत दावेदार हैं। अनीता आनंद की पहचान एक विद्वान, वकील और शोधकर्ता की रही है। वह टोरंटो यूनिवर्सिटी में कानून की प्रोफेसर रही हैं जहां उन्होंने इनवेस्ट प्रोटक्शन और कॉर्पोरेट गर्वनेंस में जेआर किंबर चेयर का पद संभाला था। वर्तमान में वह कनाडा की परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं। अनीता आनंद ने क्वीन्स यूनिवर्सिटी से राजनीतिक अध्ययन में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से न्यायशास्त्र में बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स), डलहौजी यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ लॉ और टोरंटो यूनिवर्सिटी से मास्टर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल की है। जस्टिन ट्रूडो ने 6 जनवरी को लिबरल पार्टी के नेता पद और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, वह लिबरल पार्टी के नए नेता चुने जाने तक प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद अब ने कनाडा की राजनीति में एक नई चुनौती पेश की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अनीता आनंद, पियरे पोलीवरे, क्रिस्टिया फ्रीलैंड और मार्क कार्नी जैसे प्रमुख नामों के साथ नेतृत्व की दौड़ अब तेज हो गई है। वहीं, भारतीय मूल की अनीता आनंद अपने प्रभावशाली शासन और सार्वजनिक सेवा के अच्छे रिकॉर्ड के कारण सबसे मजबूत दावेदारों में एक माना जा रही हैं। भारतीय मूल की अनीता आनंद कनाडा की वर्तमान परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्री हैं।



उन्होंने 2019 से 2021 तक सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में कार्य किया और ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के रूप में भी काम किया। सार्वजनिक सेवा और खरीद मंत्री के रूप में, आनंद ने कोविड-19 महामारी दौरान कनाडाई लोगों के लिए वैक्सीन, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण और रैपिड टेस्ट सुरक्षित करने के लिए अनुबंध वार्ता का नेतृत्व किया। अनीता जब राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बनीं, तो उन्होंने सेना में यौन दुराचार के खिलाफ कदम उठाए। उन्होंने रूस यूक्रेन युद्ध के दौरान कीव को व्यापक सैन्य मदद के साथ-साथ यूक्रेनी सैनिकों की ट्रेनिंग के लिए कर्मियों की व्यवस्था भी की। सितंबर 2024 में, अनीता आनंद को ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष के पद के अलावा परिवहन मंत्री भी नियुक्त किया गया।

राजनीति के अलावा अनीता आनंद की पहचान एक विद्वान, वकील और शोधकर्ता की रही है। वह टोरंटो यूनिवर्सिटी में कानून की प्रोफेसर रही हैं जहां उन्होंने इनवेस्ट प्रोटक्शन और कॉर्पोरेट गर्वनेंस में जेआर किंबर चेयर का पद संभाला था। आनंद ने एसोसिएट डीन के रूप में कार्य किया है और मैसी कॉलेज के गवर्निंग बोर्ड की सदस्य भी रही हैं। वह कैपिटल मार्केट्स इंस्टीट्यूट, रोटमैन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में नीति और अनुसंधान की निदेशक रही हैं। उन्होंने येल लॉ स्कूल, क्वीन्स यूनिवर्सिटी और वेस्टर्न यूनिवर्सिटी में भी कानून पढ़ाया है।

### 2019 में पहली बार ओकविले से संसद बनी थी आनंद

अनिता पहली बार 2019 में ओकविले के लिए संसद सदस्य के रूप में चुनी गई आनंद 1985 में ओंटारियो चली गईं। उन्होंने और उनके पति जॉन ने अपने चार बच्चों का पालन-पोषण ओकविले में किया। आनंद ने अपने करियर के दौरान अब तक कई पदों पर काम किया है। वह पहली बार 2019 में ओकविले के लिए संसद सदस्य के रूप में चुनी गई थीं। अनीता इंदिरा आनंद का जन्म केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ था। उनके माता-पिता (दोनों अब दिवंगत हो चुके हैं) भारतीय फिजिशियन थे। उनके पिता तमिलनाडु से और उनकी मां पंजाब से थीं। आनंद की दो बहनें हैं गीता आनंद, टोरंटो में एक वकील हैं, और सोनिया आनंद, मैकमास्टर यूनिवर्सिटी में एक फिजिशियन और शोधकर्ता हैं।

## 11-12 जनवरी को युवाओं से संवाद करेंगे प्रधानमंत्री

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11-12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान युवाओं के साथ संवाद करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। डा. मांडविया ने बुधवार को शुरू हुए 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर विकसित भारत की अपनी योजना पर चर्चा करेंगे और युवाओं को इससे जोड़ने की अपील भी करेंगे। डा. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना 140 करोड़ भारतीयों को साथ लेकर देश को विकसित बनाना है। यह महोत्सव युवाओं को प्रेरित करेगा और उन्हें राष्ट्रीय विकास मेंभूमिका निभाने का अवसर देगा। उन्होंने युवाओं से महोत्सव में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात, कहा

# 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन होगा ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन

एजेंसी

- दो ग्रीन हाइड्रोजन हब बनेंगे एक हब विशाखापत्तनम में स्थापित किया जायेगा : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बुनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरूआत की गई। हमारा लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसके लिए शुरूआत में दो ग्रीन हाइड्रोजन हब शुरू किए जाएंगे। इनमें से एक हब विशाखापत्तनम में स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा आंध्र प्रदेश संभावनाओं और अवसरों का राज्य है। आंध्र की ये संभावनाएं जब साकार होंगी, तो आंध्र प्रदेश भी विकसित बनेगा और तभी भारत भी विकसित राष्ट्र बनेगा। इसलिए आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है और आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवाचारी प्रकृति के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा हब है। अब आंध्र के भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बनने का समय है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश ने 2047 तक राज्य को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र @2047 की शुरूआत की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार राज्य को पूरा सहयोग देगी। इसलिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपये की परियोजनाएं देने में आंध्र प्रदेश को प्राथमिकता दे रही है(



प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी भावना के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख केंद्र है। अब समय आ गया है कि आंध्र प्रदेश नई, भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बने। हमें उभरती प्रौद्योगिकियों, जैसे कि ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण सहित अनेक गण्यमान्य लोग मौजूद थे। परियोजनाओं का शुभारंभ करने से पहले प्रधानमंत्री ने नायडू और कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में सिरिपुरम जंक्शन से आंध्र विश्वविद्यालय मैदान तक एक रोड शो किया।


# अमेरिकी बंधकों को नहीं छोड़ा तो मिडिल ईस्ट हो जायेगा बर्बाद

एजेंसी

### शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप ने हमास को दी चेतावनी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर हमास को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उनके शपथ ग्रहण से पहले बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं किया तो मिडल ईस्ट में सबकुछ बर्बाद हो जाएगा। ट्रंप 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं। नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प मंगलवार को फ्लोरिडा के मार-ए-लागो में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी बंधकों की रिहाई को लेकर हमास के साथ चल रही बातचीत संबंधी सवाल का जवाब दे रहे थे।

हमास की तरफ से बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए ट्रम्प ने साफ लहजे में कहा कि 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में उनके शपथ ग्रहण से पहले अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो यह हमास या किसी के लिए अच्छा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर मेरे



पदभार ग्रहण करने तक इजराइली बंधक वापस नहीं आए, तो मध्य पूर्व में सबकुछ बिगड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत पहले बंधकों को रिहा कर देना चाहिए था। लोगों को बंधक कभी बनाना ही नहीं चाहिए था। 7 अक्टूबर 2023 में दक्षिणी इजरायल पर हमास आतंकियों के हमले के बाद इजरायल का अनुमान है कि लगभग सौ लोगों को हमास ने अभी भी बंधक बना रखा है जिनकी रिहाई के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास चल रहे हैं।

# वी नारायणन होंगे इसरो के नये चीफ

- 14 जनवरी को सोमनाथ की जगह लेंगे नारायणन

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकर ने वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया अध्यक्ष बनाया है। वे 14 जनवरी को एस. सोमनाथ की जगह लेंगे। नारायणन की नियुक्ति 14 जनवरी से दो साल की अवधि के लिए रहेगी। यह जानकारी आधिकारिक अधिसूचना में दी गई। इसरो के नये अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन अभी लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक हैं। नारायणन ने लगभग चार दशक तक अंतरिक्ष संगठन में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। रॉकेट और अंतरिक्ष यान प्रणोदन उनकी विशेषज्ञता का क्षेत्र है। वह जीएसएलवी एमके इल



वाहन के सी25 क्रायोजेनिक प्रोजेक्ट के परियोजना निदेशक भी थे। 1984 में नारायणन इसरो में शामिल हुए और केंद्र के निदेशक बनने से पहले विभिन्न पदों पर कार्य किया।

## सामान्य सर्दी जुकाम है एचएमपीवी: संयुक्त राष्ट्र

**नयी दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि मानव मेटान्यूमो-वायरस (एचएमपीवी) सामान्य सर्दी जुकाम है जो शिशिर और बसंत ऋतु में होता है। संयुक्त राष्ट्र ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि एचएमपीवी नया वायरस नहीं है। इसे सर्वप्रथम वर्ष 2001 में पहचाना गया और यह लंबे समय से मानव समाज में है। यह सामान्य वायरस है जो शिशिर और बसंत ऋतु में फैलता है। यह सामान्य सर्दी जुकाम की तरह श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन - डब्ल्यूएमओ की वरिष्ठ अधिकारी मार्ग्रेट हैरिस कहा कि इस वर्ष चीन में इससे प्रभावित लोगों की संख्या पिछले वर्ष से कम है। उन्होंने चीन के आंकड़ों के हवाले से कहा है कि इस वर्ष अस्पताल में भर्ती होने वाले एचएमपीवी पीड़ितों की संख्या कम है।

# एआइ के लिए आधारभूत मॉडल तैयार करे भारत

- निवेश वास्तविक बाधा, केवल एक गणितीय सफलता इसे पूरी तरह बदल सकती है : नडेला

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने बुधवार को कहा कि भारत को कृत्रिम मेधा (एआइ) के क्षेत्र में अग्रणी कार्य करना चाहिए और आधारभूत मॉडल तैयार करना चाहिए। हालांकि, नडेला ने कहा कि निवेश एक वास्तविक बाधा है, केवल एक गणितीय सफलता इसे पूरी तरह बदल सकती है। नई दिल्ली में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया एआई टूर के दूसरे दिन नडेला ने कहा कि भारत भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव लाने में बड़ा काम कर सकता है। सीईओ नडेला ने बुधवार को भारत सरकार और भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख सेक्टर्स की अग्रणी कंपनियों के साथ क्लाउड और एआई आधारित रणनीतिक साझेदारियों



की घोषणा की। इस कार्यक्रम में माइक्रोसॉफ्ट ने रेलटेल, अपोलो हॉस्पिटल्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा ग्रुप और अपग्रेड के साथ रणनीतिक साझेदारी करने की घोषणा की, ताकि उनकी टीमों और ग्राहकों को क्लाउड और एआई इनोवेशन का लाभ मिल सके। माइक्रोसॉफ्ट डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन की इकाई इंडिया एआई के साथ अपने समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साल 2026 तक 5,00,000 लोगों को कौशल प्रशिक्षण देगा। इसके साथ ही देशभर में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और एआई प्रोडक्टिविटी लैब्स की स्थापना करेगा। उल्लेखनीय है कि नडेला ने एक दिन पहले भारत में अगले दो साल में क्लाउड एवं एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर में 3 अरब डॉलर की निवेश करने की घोषणा की थी। इसके तहत नए डाटा सेंटर्स की स्थापना की जानी है। इसके तहत आज घोषित की गई रणनीतिक साझेदारियां इस दिशा में अहम कदम हैं। नडेला ने 6 जनवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान तकनीक, नवाचार और एआई के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई थी।

## 5 जी के लिए एआइ टच के वित्त पोषण को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एआई-संचालित 5-जी आरएएन प्लेटफॉर्म को विकसित करने के लिए एआई टच को वित्त पोषण की मंजूरी दे दी है। यह परियोजना 5-जी नेटवर्क में परिचालन दक्षता लाएगी। इसमें आरएएन इंटेलिजेंट कंट्रोलर (आरआईसी), सर्विस मैनेजमेंट एंड ऑर्केस्ट्रेशन (एसएमओ) और नेटवर्क डेटा एनालिटिक्स फंक्शन (एनडब्ल्यूडीएएफ) मॉड्यूल शामिल हैं। इसके कार्यान्वयन की देख-रेख सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टच एलएलपी को 5-जी आरएएन (रेडियो एक्सेस नेटवर्क) के घटकों को विकसित करने के लिए दूरसंचार विभाग की योजना के तहत वित्त पोषण प्रदान किया गया है।

# आध्यात्मिक विरासत का प्रतिबिंब महाकुंभ : योगी

एजेंसी

- आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना किसी मजहब से नहीं हो सकती

**लखनऊ।** सनातन धर्म को दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है।

एक निजी चैनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते योगी ने बुधवार को कहा कि सनातन धर्म की तुलना किसी मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती और इसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्राचीन हैं। देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें चार पवित्र स्थलों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुंभ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं। महाकुंभ के आयोजन के दौरान भारत के ऋषि-मुनि एकत्र होकर उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंतन



करते थे। यह आयोजन न केवल परंपरा का सम्मान है, बल्कि इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना भी आवश्यक है। उन्होने कहा कि महाकुंभ का आयोजन भारत में विरासत और विकास के अद्भुत संगम का प्रतीक है। 2019 के प्रयागराज कुंभ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। यही प्रयास आने वाले महाकुम्भ में भी होगा। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर महाकुंभ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस आयोजन से



न केवल देश के नागरिक, बल्कि दुनियाभर के लोग भी आकर्षित हो रहे हैं। यह भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है।

योगी ने कहा कि महाकुंभ राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण है। यह आयोजन जाति, पंथ और लिंग भेदभाव को समाप्त करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में जो प्रगति की है, महाकुंभ इसका सशक्त माध्यम बनेगा। यह भारत की समृद्धि, विरासत और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रमाण है।

## सेंसेक्स 50 और निफ्टी 18 अंक टूटा

**मुंबई ।** भारतीय बेंचमार्क सूचकांक बुधवार के कारोबारी दिन वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेतों के बीच सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, मेटल और रियलिटी सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स 50.62 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,148.49 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 18.95 अंक या 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,688.95 पर बंद हुआ। बैंक निफ्टी 367.10 अंक या 0.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,835 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 598.70 अंक या 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,270.60 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 307.80 अंक या 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,365.65 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,390 शेयर हरे और 2,582 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 94 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

